धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, रविवार 01 सितंबर 2024 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 14, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 144

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 32.3 | 26.2 |
| जमशेदपुर | 34.1 | 25.4 |
| डालटनगंज | 34.0 | 25.9 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.




पेज 09



शनिवार को मुंबई में गणेश चतुर्थी उत्सव से पहले भगवान गणेश की मूर्ति को पंडाल में ले जाते समय धार्मिक जुलूस के दौरान उमड़े भक्त.

## जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन, कहा

# महिलाओं को त्वरित न्याय मिलेगा, तो भरोसा बढ़ेगा

एजेंसी। नयी दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय की आवश्यकता पर जोर देते हुए शनिवार को कहा कि इससे महिलाओं में सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ेगा. मोदी ने कहा कि न्यायपालिका को संविधान का संरक्षक माना जाता है और सुप्रीम कोर्ट व न्यायपालिका ने इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है. उन्होंने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की उपस्थिति में जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट या न्यायपालिका के प्रति कभी अविश्वास नहीं दिखाया.

मोदी ने आपातकाल को एक काला दौर बताते हुए कहा, न्यायपालिका ने मौलिक अधिकारों को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई. कोलकाता में महिला डॉक्टर से रेप एवं उसकी हत्या और ठाणे के स्कूल में दो बच्चियों के यौन उत्पीड़न के मामलों की पृष्ठभूमि में मोदी ने कहा, महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और बच्चों की सुरक्षा समाज के लिए चिंता का विषय हैं. महिलाओं पर अत्याचार के मामलों में जितनी तेजी से न्याय मिलेगा, आधी आबादी को उतना ही अधिक भरोसा होगा. मोदी ने कहा, महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए कई कानून हैं और त्वरित न्याय देने के लिए बेहतर समन्वय की आवश्यकता है.




शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित जिला न्यायपालिका के सम्मेलन में पीएम मोदी और चीफ जस्टिस.

### बोले पीएम

- शीर्ष अदालत एवं अन्य अदालतों ने देश की एकता-अखंडता की हमेशा रक्षा की है
- आधी आबादी को तेजी से न्याय मिलेगा, उनका भी बढ़ेगा अदालतों पर भरोसा

### सुप्रीम कोर्ट ने देश का गौरव बढ़ाया : मोदी

पीएम मोदी के साथ केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल भी इस समारोह का हिस्सा बने. भारत के सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पीएम मोदी ने कहा, सुप्रीम कोर्ट के 75 वर्ष, ये केवल एक संस्था की यात्रा नहीं है. ये यात्रा है, भारत के संविधान और संवैधानिक मूल्यों की. ये यात्रा है, एक लोकतंत्र के रूप में भारत के और परिपक्व होने की. उन्होंने आगे कहा, भारत के लोगों ने कभी सुप्रीम कोर्ट पर, हमारी न्यायपालिका पर अविश्वास नहीं किया. इसलिए, सुप्रीम कोर्ट के ये 75 वर्ष, मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में भारत के गौरव को और बढ़ाते हैं. आजादी के अमृतकाल में 140 करोड़ देशवासियों का एक ही सपना है- विकसित भारत, नया भारत. नया भारत, यानी - सोच और संकल्प से एक आधुनिक भारत. हमारी न्यायपालिका इस विजन का एक मजबूत स्तम्भ है.

### जिला न्यायपालिका ही न्यायपालिका की रीढ़ है : सीजेआई

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने जिला न्यायपालिका को न्यायपालिका की रीढ़ बताया और कहा कि यह कानून का अहम घटक है.जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, न्याय की तलाश कर रहा नागरिक सबसे पहले जिला न्यायपालिका से संपर्क करता है. यह कानून का अहम घटक है. इसलिए इससे बड़ी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया जाता है और इसे न्यायपालिका की रीढ़ के रूप में वर्णित किया गया है. रीढ़ तंत्रिका तंत्र का अहम अंग है. उन्होंने कहा, कानूनी व्यवस्था की रीढ़ को बनाए रखने के लिए हमें जिला न्यायपालिका को अधीनस्थ न्यायपालिका कहना बंद करना होगा. जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि 2023-24 में अदालती रिकॉर्ड के 46.48 करोड़ पृष्ठों को डिजिटल रूप दिया गया. ई-कोर्ट परियोजना के तहत 3,500 अदालत परिसरों और 22,000 से अधिक अदालत कक्षों का कम्प्यूटरीकरण भी किया गया. जिला न्यायपालिका ने दिन-प्रतिदिन के मामलों में प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करने में अहम भूमिका निभाई. देश में जिला अदालतों ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 2.3 करोड़ मुकदमों पर सुनवाई की. सीजेआई ने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए फैसलों को संविधान में मान्यता प्राप्त प्रत्येक भाषा में अनुवादित किया जा रहा है और 73,000 से अधिक अनुवादित फैसले सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं.

## देश को मिला एक और युवराज

# प्रियांश आर्य ने एक ओवर में 6 छक्के जड़े




आईएएनएस। नयी दिल्ली

प्रियांश आर्य अडानी दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के ओपनिंग सीजन में एक ओवर में छह छक्के लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए. साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स का प्रतिनिधित्व करते हुए, प्रियांश ने शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स के मनन भारद्वाज द्वारा फेंके गए ओवर में छह छक्के लगाए. उन्होंने सिर्फ 40 गेंदों में अपना शतक भी पूरा किया और 50 गेंदों में कुल 120 रन बनाए.

प्रियांश ने मनन के ओवर की पहली गेंद को लॉन्ग ऑन के ऊपर से छक्के के लिए बाउंड्री के पार भेजा. दूसरी गेंद पर घुटने पर बैठकर डीप मिड-विकेट के ऊपर से सिक्स जड़ा. ओवर की तीसरी गेंद पर प्रियांश ने फिर लॉन्ग-ऑन पर सिक्स जड़ा. इसके बाद अगली तीन गेंदों पर भी छक्के जड़ उन्होंने एक ओवर में छह छक्के पूरे किए. प्रियांश घरेलू टी20 मैचों में छक्के लगाने वाले रॉस व्हाइटली (2017), हजरतुल्लाह जजई (2018) और लियो कार्टर (2020) के क्लब में शामिल हो गए हैं. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, युवराज सिंह, कीरोन पोलार्ड और दीपेंद्र सिंह ऐरी (दो बार) ने यह उपलब्धि हासिल की है.

### घरेलू टी20 में छह छक्के लगानेवाले चौथे बल्लेबाज

प्रियांश घरेलू टी20 मैचों में छक्के लगाने वाले रॉस व्हाइटली (2017), हजरतुल्लाह जजई (2018) और लियो कार्टर (2020) के क्लब में शामिल हो गए हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, युवराज सिंह, कीरोन पोलार्ड और दीपेंद्र सिंह ऐरी (दो बार) ने यह उपलब्धि हासिल की है.

## ब्रीफ खबरें

### सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश होगी

**नयी दिल्ली।** अगस्त में सामान्य से अधिक बारिश के बाद, भारत में सितंबर में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है, तथा उत्तर-पश्चिम भारत और आसपास के क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी वर्षा होने का पूर्वानुमान है. आईएमडी ने कहा कि भारत के अधिकांश भागों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है. हालांकि, सुदूर उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ क्षेत्रों, दक्षिणी प्रायद्वीप के कई भागों, उत्तरी बिहार और उत्तर-पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ-साथ पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश भागों में सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना है.

### वियतनामी चिकित्सक को मैगसेसे पुरस्कार

**मनीला।** वियतनाम युद्ध के दौरान अमेरिकी सेना द्वारा इस्तेमाल किए गए रसायन एजेंट ऑरेंज के पीड़ितों को न्याय दिलाने में मदद करने वाली एक वियतनामी चिकित्सक को इस वर्ष रेमन मैगसेसे पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के लिए चुना गया है. विजेता की घोषणा शनिवार को की गई. इनमें थाईलैंड में ग्रामीण इलाके के गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवा के वास्ते संघर्ष करने वाले चिकित्सकों का समूह, इंडोनेशियाई पर्यावरण रक्षक, बच्चों के लिए काम करने वाला जापानी एनिमेटर और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने वाला भूटानी शिक्षाविद् शामिल हैं.

### रेल यात्रा आरामदायक बनने तक नहीं रुकेंगे

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि रेलवे ने काफी समय से लंबित समस्याओं के समाधान में बड़ी प्रगति की है और यह तब तक नहीं रुकेगी जब तक यह समाज के सभी वर्गों के लिए आरामदायक यात्रा की गारंटी नहीं बन जाती. मोदी ने शनिवार को तीन और वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई.

### आईएएस धर्मेंद्र बने दिल्ली के मुख्य सचिव

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी धर्मेंद्र को शनिवार को दिल्ली सरकार का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है. इस संबंध में सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है.

### हरियाणा में प्रवासी की पीट-पीट कर हत्या


**चंडीगढ़।** हरियाणा के चरखी दादरी जिले में गोमांस खाने के संदेह पर गौरक्षक समूह ने एक प्रवासी मजदूर की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी. इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी.

### अमृत मीना बनाए गए बिहार के मुख्य सचिव

**पटना।** आईएएस अमृत लाल मीना को बिहार का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है. उन्होंने बिहार के सीएम नीतीश कुमार से शिष्टाचार भेंट की है. मीना नीतीश के साथ-साथ पीएम मोदी के भी करीबी माने जाते हैं. वो 31 अगस्त 2025 को रिटायर होंगे. वो कोयला सचिव के रूप में एक नवंबर 2022 से पोस्टेड रहे. इसके पहले यहां ओएसडी के रूप में भी तैनात रहे थे.

# झारखंड राजमार्ग प्राधिकार ने रिकॉर्ड 21 सड़कों का निर्माण कार्य पूरा किया

## 923.64 किलोमीटर सड़कों के निर्माण में 2435.61 करोड़ खर्च हुए



रवि भारती। रांची

झारखंड राजमार्ग प्राधिकार (स्टेट हाइवे ऑथिरिटी ऑफ झारखंड) ने रिकॉर्ड 21 सड़कों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है. इसमें से अधिकांश सड़कें नक्सल प्रभावित जिलों में बनाई गई हैं. कुल 923.64 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया गया है.

- रिकॉर्ड 21 सड़कों का निर्माण कार्य पूरा किया
- सात राजमार्ग नेशनल हाइवे में कन्वर्ट किये गये

इन सड़कों के निर्माण में 2435.61 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं. वहीं राज्य में सात राजमार्ग नेशनल हाइवे में कन्वर्ट किए गए हैं. इनमें एसएच 05, 08, 11, 14, 15, 16 और एचएस 17 शामिल हैं.

**राजमार्ग प्राधिकार के चल रहे आठ प्रोजेक्ट :** वर्तमान में झारखंड राजमार्ग प्राधिकार के आठ प्रोजेक्ट चल रहे हैं. इसमें दो ब्रिज भी शामिल हैं. इसके तहत 222.32 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाना है. पूरे प्रोजेक्ट को 889.39 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया जाना है. जल्द ही ये प्रोजेक्ट पूरे किए जाएंगे.

### इन प्रोजेक्टों में चल रहा काम

| प्रोजक्ट का नाम - | सड़क की लंबाई - | कुल खर्च (रुपये में) |
|---|---|---|
| गोविंदपुर चौक- महुदा मोड़ -बैंक मोड़ | 32.75 किमी | 89.120 करोड़ |
| सरायकेला- राजनगर- चक्रधरपुर | 22 किमी | 68.57 करोड़ |
| चाईबासा- टोंटो- रोआम | 58.82 किमी | 160.48 करोड़ |
| पतरातू- हेंदेगिर- मैक्लुस्किगंज | 45 किमी | 151.47 करोड़ |
| चान्हो, दिघिया- पूमापानी- लापुंग | 54.15 किमी | 79.61 करोड़ |
| हजारीबाग रिंग रोड | 5.58 किमी | 50.39 करोड़ |
| कोयल नदी ब्रिज | 1.6 किमी | 91.63 करोड़ |
| मयूराक्षी नदी ब्रिज | 2.74 किलोमीटर | 198.11 करोड़ |

### इन सड़कों का निर्माण कार्य पूरा

| प्रोजक्ट का नाम - | सड़क की लंबाई | कुल खर्च (रुपये में) |
|---|---|---|
| हाता- स्वासपुर- मुसाबनी | 44.38 किमी | 76.24 करोड़ |
| कोडरमा- डोमचांच- खोरीमहुआ- जमुआ | 69.07 किमी | 155.03 करोड़ |
| चंद्रपुरा- फुसरो- गोमिया | 36.46 किमी | 129.76 करोड़ |
| मोहम्मदगंज- जपला- दंगवार | 35.75 किमी | 116.43 करोड़ |
| चतरा-चौपारण | 49.16 किमी | 130.7 करोड़ |
| खूंटी- तोरपा- कोलेबिरा | 82.055 किमी | 176.7 करोड़ |
| गिरिडीह- गांडेय- पानडीह | 42.55 किमी | 95.44 करोड़ |
| दुमका- मसलिया- कंडहित- नाला | 53.35 किमी | 166.21 करोड़ |
| चक्रधरपुर- सोनुआ- गोयलकेरा | 35.77 किमी | 102.84 करोड़ |
| मरिचा- रनिया | 35.74 किमी | 75.97 करोड़ |
| बालुमाथ- हेरहंज- पांकी | 47.00 किमी | 120.98 करोड़ |
| विकास बूटी- रामपुर | 25.35 किमी | 138.62 करोड़ |
| देवघर- मधुपुर | 26.28 किमी | 86.66 करोड़ |
| सिसई- घाघरा | 35.10 किमी | 86.66 करोड़ |
| रंगामाटी- सिल्ली | 37.57 किमी | 111.96 करोड़ |
| छतरपुर- जपाला | 32.46 किमी | 105.09 करोड़ |
| गढ़वा- शाहपुर | 30.44 किमी | 53.76 करोड़ |
| घाघरा-नेतरहाट | 54.30 किमी | 90.31 करोड़ |
| पिठोरिया- ठाकुरगांव- बुड़मू- रायखेलारी | 37.00 किमी | 115.26 करोड़ |
| हजारीबाग- कटकमसांडी- चतरा | 53.97 किमी | 178.42 करोड़ |
| ठेठईटांगर- किनकेट | 57.90 किमी | 115.37 करोड़ |

# झारखंड में बढ़ रही सोलर पावर की डिमांड

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में सौर ऊर्जा की डिमांड बढ़ती जा रही है. इसको देखते हुए सरकार ने सोलर पावर प्लांट लगाने पर जोर दिया है. सरकार ने ललपनिया, पूर्वी सिंहभूम और पलामू में सोलर प्लांट लगाने की स्वीकृति दी है. वहीं झारखंड बिजली वितरण निगम सौर ऊर्जा के प्लांटों से 476 मेगावाट बिजली खरीदेगा. इसकी एवज में 265.5 करोड़ खर्च होंगे. इसमें से की वन के जरिए 450 मेगावाट, की टू के जरिए 10 मेगावाट और राज्य में स्थापित सोलर पावर प्लांट से 16 मेगावाट बिजली खरीदी जाएगी.

**सोलर प्लांट के लिए 275 करोड़ की स्वीकृति :** ललपनिया में सोलर पावर प्लांट स्थापित करने के लिए राज्य सरकार ने 275 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी है. इसके तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में बजट के प्रावधान के तहत 50 करोड़ रुपए तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड (टीवीएनएल) को दिया गया है.

- ललपनिया में सोलर पावर प्लांट के लिए 275 करोड़ की स्वीकृति
- इस वित्तीय वर्ष में वितरण निगम खरीदेगा सौर ऊर्जा से 476 मेगावाट बिजली
- सौर ऊर्जा से बिजली खरीद में खर्च होंगे 265 .5 करोड़

### पूर्वी सिंहभूम और पलामू में लगेंगे सोलर प्लांट



पूर्वी सिंहभूम और पलामू में भी सोलर पावर प्लांट लगाए जाएंगे. पूर्वी सिंहभूम में पांच मेगावाट का सोलर पावर प्लांट लगाया जाएगा. इसमें 47.79 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे. इस राशि से प्लांट की स्थापना से लेकर अगले 25 साल तक संचालन और रखरखाव पर भी खर्च किया जाएगा. वहीं पलामू में नौ मेगावाट का सोलर पावर प्लांट स्थापित किया जाएगा. इस पर 99.41 करोड़ रुपए खर्च किए जाएगें. इसमें भी स्वीकृत राशि से प्लांट की स्थापना से लेकर अगले 25 साल तक संचालन और रखरखाव पर भी खर्च किया जाएगा.

**2000 सरकारी भवनों में प्लांट स्थापित :** राज्य में सोलर पावर की डिमांड बढ़ती ही जा रही है. अब तक राज्य के 2000 सरकारी भवनों में सोलर पावर प्लांट स्थापित कर दिया गया है. इन पावर प्लांटों से लगभग 38 मेगावाट बिजली मिल रही है.

**राज्य के 50 गांव सौर ऊर्जा से हो रहे रौशन :** वर्तमान में राज्य के 50 गांव सौर ऊर्जा से रौशन हो रहे हैं. इन गांवों मे दो मेगावाट सौर ऊर्जा की आपूर्ति हो रही है. इसमें साहिबगंज के 17, गढ़वा के 19, चतरा के नौ, हजारीबाग के एक और सिमडेगा के चार गांवों में सोलर पावर प्लांट स्थापित किये गये हैं.

### हरियाणा में मतदान अब 5 अक्टूबर को

**नयी दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बिश्नोई समुदाय के सदियों पुराने त्योहार को ध्यान में रखते हुए शनिवार को हरियाणा चुनाव की तारीख एक से बढ़ाकर पांच अक्टूबर कर दी. आयोग ने कहा कि जम्मू कश्मीर और हरियाणा चुनावों की मतगणना अब चार अक्टूबर के बजाय आठ अक्टूबर को होगी. आयोग ने कहा कि यह निर्णय बिश्नोई समुदाय के मतदान के अधिकार और परंपराओं का सम्मान करने के लिए लिया गया है, जिसने अपने गुरु जम्भेश्वर की याद में 300-400 साल पुरानी परंपरा को बरकरार रखा है.

# फिर मुश्किल में घिरे बाबा रामदेव

## दिव्य दंत मंजन में नॉनवेज मटेरियल मिलने का दावा, हाईकोर्ट ने भेजा नोटिस

एजेंसी। नयी दिल्ली

बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि के प्रोडक्ट दिव्य दंत मंजन में नॉनवेज मटेरियल होने का दावा किया गया है. इसे लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर हुई है. कोर्ट ने याचिका स्वीकार कर केंद्र, पतंजलि, रामदेव, बालकृष्ण और अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. कहा गया है कि बाजार में दिव्य दंत मंजन को शाकाहारी उत्पाद बता कर बेचा जा रहा, जबकि उसमें मछली के तत्व हैं. याचिका एडवोकेट यतिन शर्मा की ओर की गई है. कहा गया कि कंपनी अपने दंत मंजन में समुद्र फेन (कैटिलफिश) का मांसाहारी पदार्थ इस्तेमाल करती है. इस बारे में उन्होंने दिल्ली पुलिस, हेल्थ मिनिस्ट्री, केंद्रीय आयुष मिनिस्ट्री को भी कई बार शिकायत दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. अब कोर्ट में आना पड़ा है. इस मामले की अगली सुनवाई 28 नवंबर को की जाएगी.



**प्रोडक्ट पर हरे डॉट का इस्तेमाल :** मंजन में मांसाहारी मटेरियल होने के बावजूद कंपनी इसे हरे रंग का डॉट लगाकर बेच रही. हरे रंग का डॉट सिर्फ शाकाहारी उत्पाद में ही लगता है. कोर्ट ने पतंजलि व रामदेव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. इनके अलावा कोर्ट ने केंद्र सरकार और पतंजलि की दिव्य फार्मेसी को भी नोटिस जारी किया है.

**भड़का पड़ोसी** बांग्लादेश की खालिदा जिया की पार्टी के बड़े नेता बिगड़े बोल, कहा-

# शेख हसीना का प्रत्यर्पण नहीं किया,तो रिश्ते होंगे खराब

एजेंसी। ढाका

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा है कि भारत और बांग्लादेश के संबंधों में नया अध्याय शुरू करने के लिए पूर्व पीएम शेख हसीना का प्रत्यर्पण जरूरी है.

उन्होंने कहा कि हसीना की भारत में मौजूदगी से द्विपक्षीय संबंध और खराब हो सकते हैं. बीएनपी महासचिव ने एक इंटरव्यू में कहा कि उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर अवामी लीग शासन के दौरान हुए अडानी बिजली समझौते की समीक्षा होगी, क्योंकि इससे बांग्लादेश के लोगों पर तबाही भरा दबाव बढ़ रहा है. बीएनपी के नेता आलमगीर ने भारत के साथ मजबूत संबंधों की इच्छा जाहिर है और कहा कि उनकी पार्टी पिछले मतभेदों को पीछे छोड़ कर सहयोगी रवैया अपनाने के लिए तैयार है. उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि बीएनपी बांग्लादेश की धरती पर भारत की सुरक्षा के खिलाफ किसी भी तरह की गतिविधियों की इजाजत नहीं देगा. आलमगीर ने कहा, अल्पसंख्यकों की सुरक्षा बांग्लादेश का आंतरिक मामला है और हिंदुओं पर हमलों की रिपोर्टें गलत हैं क्योंकि अधिकांश घटनाएं राजनीतिक प्रेरित होती हैं.



**द्विपक्षीय रिश्तों पर पड़ेगा असर :** मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर का मानना है कि शेख हसीना का प्रत्यर्पण नहीं करना भारत-बांग्लादेश संबंधों को और खराब कर सकता है. उन्होंने कहा, भारत को शेख हसीना को बांग्लादेश वापस लाने का प्रबंध करना चाहिए, ताकि बांग्लादेशी लोगों की भावनाओं का सम्मान हो सके. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भारत की बांग्लादेश कूटनीति उचित नहीं रही है और इसे बांग्लादेश के लोगों और अन्य के साथ संबंध स्थापित करने की जरूरत है, न कि अकेले अवामी लीग के साथ. आलमगीर ने कहा कि अगर बीएनपी सत्ता में आई, तो वह भारत के साथ मजबूत संबंध बनाने और पिछले मतभेदों को सुलझाने की कोशिश करेगी. बीएनपी नेता ने कहा कि शेख हसीना और अवामी लीग दोनों ही बांग्लादेश में आलोचना के योग्य हैं, और ये कि उनका समर्थन करने से भारत की छवि और बिगड़ेगी. उन्होंने कहा, मौजूदा हालात में अगर भारत ने शेख हसीना को समर्थन दिया, तो इससे सिर्फ भारत के प्रति बांग्लादेश में नाराजगी बढ़ेगी.

### 24 दिन में शेख हसीना पर 84 केस

बांग्लादेश में अपदस्थ पीएम शेख हसीना और उनके पूर्व कैबिनेट मंत्रियों के खिलाफ हत्या के दो नये मामले दर्ज किये गये हैं. डेली स्टार ने खबर दी है कि इन दोनों मामलों के साथ ही हसीना के विरुद्ध दर्ज मामले 84 हो गये हैं जिनमें हत्या के आरोप के 70, मानवता के विरुद्ध अपराध एवं नरसंहार के आरोप के आठ, अपहरण के तीन तथा अन्य आरोपों के तीन मामले शामिल हैं.

# अगले हफ्ते अमेरिका की यात्रा पर होंगे राहुल गांधी

एजेंसी। नयी दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अगले हफ्ते अमेरिका के तीन दिवसीय दौरे पर होंगे, जहां वह भारतीय मूल के लोगों, छात्रों, कारोबारियों, थिंक टैंक और स्थानीय नेताओं के साथ संवाद करेंगे.

- छात्रों, कारोबारियों और भारतीय समुदाय से करेंगे संवाद

कांग्रेस की इकाई इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने शनिवार को एक वीडियो जारी कर राहुल गांधी के अमेरिकी दौरे के बारे में जानकारी साझा की. पित्रोदा ने बताया कि राहल गांधी आठ सितंबर को अमेरिका के डलास शहर में होंगे और 9 तथा 10 सितंबर को वाशिंगटन में रहेंगे. नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी का यह पहला अमेरिका दौरा होगा. सैम पित्रोदा ने कहा, राहुल गांधी जबसे नेता प्रतिपक्ष बने हैं, तबसे मेरे पास भारतीय मूल के लोगों, राजनयिकों, शिक्षाविदों, नेताओं, कारोबारियों, मीडिया की ओर से बड़े पैमाने पर आग्रह आ रहे हैं कि वे राहुल से बातचीत करना चाहते हैं. वह एक संक्षिप्त दौरे पर अमेरिका पहुंच रहे हैं. उनके मुताबिक, डलास में राहुल गांधी टेक्सास विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षाविदों से संवाद करेंगे. उनका स्थानीय भारतीय समुदाय तथा कुछ टेक्नोक्रेट से भी मिलने का कार्यक्रम है. वह डलास क्षेत्र के नेताओं के साथ रात्रिभोज भी करेंगे. पित्रोदा ने कहा, अगले दिन हम वॉशिंगटन डीसी पहुंचेंगे जहां हमारी योजना विभिन्न लोगों से संवाद की है.

# लोबिन हेंब्रम ने थामा भाजपा का दामन, बोले-तीर-धनुष में अब पहले जैसा दम नहीं

प्रमुख संवाददाता । रांची

झामुमो के दिग्गज नेता और संथाल के एंग्री ओल्ड मैन माने जाने वाले लोबिन हेंब्रम ने भाजपा का दामन थाम लिया है. भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में लोबिन ने पार्टी की सदस्यता ली. इस दौरान असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, चंपाई सोरेन व सीता सोरेन आदि मौजूद रहे. भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद लोबिन ने कहा कि पीएम मोदी और गृह मंत्री पर विश्वास जताते हुए भाजपा में शामिल हुए हैं.

लोबिन ने आगे कहा कि मैं गुरु जी का भक्त हूं. उन्होंने उंगली पकड़कर मुझे राजनीति सिखाया. गुरु जी के समय जो झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) था, वो अब नहीं रहा. अब वरिष्ठ और पुराने नेताओं का अपमान किया जा रहा है. तीर-धनुष में पहले जो दम था, वो आज नहीं है. हमने झामुमो को सजाने और संवारने का काम ईमानदारी से किया है. संताल में घुसपैठ पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि वहां बांग्लादेशी घुसपैठियों का कब्जा बढ़ता जा रहा है. वह आदिवासियों की जमीन छीन ले रहे हैं. झारखंड में लव जिहाद चल रहा है. भाजपा का पक्ष लेते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा आदिवासियों के मान-सम्मान करती है. राज्य की जनता भी यह समझ रही है.


मिलन समारोह में सीएम हिमंता व बाबूलाल का अभिवादन करते लोबिन.

**छह साल के लिए किया था निष्कासित :** बता दें कि एक महीने पहले दलबदल मामले में स्पीकर कोर्ट ने लोबिन हेंब्रम की सदस्यता खत्म कर दी थी. उन्होंने पार्टी लाइन से हटकर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में राजमहल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था. इस वजह से पार्टी ने भी उन्हें छह साल के लिए निष्कासित कर दिया था.

### पुराने लोग छोड़ रहे झामुमो, कुछ न कुछ कारण रहा होगा

## आदिवासी-मूलवासी का विकास भाजपा ही करेगी: बाबूलाल मरांडी

**रांची** । लोबिन हेंब्रम की सदस्यता ग्रहण करने बाद बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झामुमो के इतने पुराने लोग पार्टी छोड़ रहे हैं, कुछ न कुछ कारण रहा होगा. सरकार बनाने का लाभ भी यहां के लोगों को नहीं मिल पाया. जिन्हें झारखंड से कोई मतलब नहीं था, उन्हें ही लाभ मिला. भाजपा ही आदिवासी-मूलवासी का विकास करेगी. केंद्र की अटल सरकार ने सबसे पहले आदिवासी मंत्रालय बनाया गया. अटल जी की सरकार के समय ही संताली को आथवीं अनुसूचि में शामिल किया है. भाजपा की देन है अलग राज्य. उन्होंने कहा कि जो आज सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में नहीं आ पाए, उन्हें संताल में विधिवत रूप से सदस्यता ग्रहण कराया जाएगा.

## दइया रे दइया... सब इ पाठिए बाबा के चाहीं, तो दूसर लोग का करिहें

संजय सिंह । रांची

ई पलामू है. चुनावी मौसम आया, तो कांग्रेस के ढेरे नेताजी लोग टरटराए लगे. सबके डालटनगंज से ही टिकट चाही. दर्जन भर दावेदारी का ताल ठोंक रहे हैं. लेकिन एगो पाठी बाबा फिर से टिकट ला लकलकाईल हैं. पाठी बाबा के सेटिंग ऊपरे से है. हाले में चतरा से लोकसभा चुनाव में पंजा हथिया के लेते आये. सोचे, जीत तो पक्की है. लेकिन चतरा के लोगों ने बाहरी पाठी जी को पाठा बनाकर भेज दिया. लोकल फॉर वोकल काली को हार पहना दिया.

**चुनावी चकल्लस**

पाठी बाबा हबकुनिए गिरे. अब देखिए न.. बाबा चतरा गए , स्थानीय नेताजी लोग, खासकर लालटन धारी नेताजी लोग उन्हें पचा नहीं पा रहे थे. रांची के प्रभात तारा मैदान में इंडी गंठबंधन की रैली थी. दिग्गज नेताजी लोग आए हुए थे. लेकिन पंडाल में पाठी बाबा के पाठा लोग लगे रंगबाजी फरियाये. लालटन वाले नेताजी लोग से भिड़ गए. फिर क्या था, लत्तम-जूत्तम खूब हुआ. गालियों को आइटम तो ऐसा-ऐसा था कि पूछिए मत. कुरसी फेंका-फेंकी तक हुआ था. पाठी बाबा के अनुज का सिर थुरा गया. लहु के रंग दिख गए. अनुज बाबू तिलमिलाए, कहे लगे ई लाल रंग तुझे न छोड़ेगा. लालटन पर कुरसी फेंकी, अफरा-तफरी मची थी. पाठी बाबा के पाठा लोग की करनी की नीचे से ऊपर तक के नेताजी लोग तक चर्चा हुई... अनुशासन तार-तार हुआ. पर कार्रवाई कुछ न हुई.

अब विधानसभा चुनाव नजदीक आया है, तो पाठी बाबा एक्टिव हो गए हैं. ऊपरे से सेटिंग करे में माहिर पाठी बाबा छह बार पंजा छाप टिकट हथियावे में कामयाब रहे. एक बार जीते, मंत्री भी बने. खूबे रौब गांठे. चलती थी तो किसी को पूछबे नहीं करते थे. चुनाव हारे, हबकुनिए गिरे. फिर लड़े- फिर हारे, चतरा लोकसभा ने भी चलता कर दिया. अब फिर से पाठी बाबा को डालटनगंज सीट का टिकट चाहिए. बाकी नेताजी लोग को तो पाठी बाबा कीड़ा-मकोड़ा ही समझते हैं. ऊपरे सेटिंग है, तो पाठी बाबा टिकटवा हथियाइए लेंगे.

लेकिन अबकी उनकी पार्टी के लोग ही ताल ठोकले हैं. शुकुल से लेकर पाठक बाबा भी कमर कस के तैयार हो गए हैं. लेकिन पाठी बाबा राजनीति के शतरंज के माहिर खिलाड़ी हो गये हैं. डमी कैंडिडेट से भी दावेदारी करवा रहे हैं. एक नहीं, दो नहीं, तीन नहीं,चार-चार गो डमी कैंडिडेट को आगे कर रहे हैं, ताकि समय आने पर अपनी दावेदारी मजबूत कर टिकट हथिया लें. हालांकि कांग्रेसियों के एक खेमा पाठी बाबा को पटकनिया देने लगी तैयार बइठल है. इ खेमा पाठी बाबा के पीठियाएगा.

### ब्रीफ खबरें

## बाबा बैद्यनाथ के दरबार में शिवराज



**रांची ।** केंद्रीय मंत्री सह भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान शनिवार को देवघर पहुंचे. वहां उन्होंने पत्नी के साथ बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और शिवलिंग का जलाभिषेक भी किया. उन्होंने बाबा से देश और राज्य के विकास के साथ अमन-चैन और खुशहाली की कामना की. बताते चलें कि शिवराज सिंह चौहान देवघर के नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी व रणनीति को लेकर मंथन करेंगे. साथ ही वहां के जनप्रतिनिधियों से फीडबैक भी लेंगे.

## शिक्षकों का प्रतिनियोजन रद्द कराने की मांग

**रां ची ।** चतरा जिला के कुंदा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेदवाडीह के पांच शिक्षक में से दो शिक्षकों को विभाग द्वारा प्रतिनियोजित कर दिए जाने पर शनिवार को विद्यालय के छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने विद्यालय परिसर में जमकर विरोध जताया. लोगों ने मुखिया मनोज कुमार साहू को आवेदन देकर प्रतिनियोजित शिक्षक का प्रतिनियोजन रद्द करते हुए पुनः विद्यालय में पदस्थापन की मांग की है. प्रतिनियोजित हो जाने से छात्र-छात्राओं व अभिभावकों ने विभाग के प्रति नाराजगी जताया है. छात्रों ने कहा है कि विद्यालय में एक से दसवीं कक्षा तक में करीब 315 बच्चे नामांकित हैं.

## आश्रितों को 10 लाख मुआवजा दे सरकार

**रांची ।** झारखंड के उत्पाद विभाग नौकरी के लिए भर्ती दौड़ में प्रतिदिन कई नौजवान गर्मी और उमस के कारण बेहोश हो रहे हैं. आधा दर्जन युवाओं की जान चली गयी है. पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता और भाकपा के जिला सचिव अजय सिंह ने संयुक्त से बयान जारी कर कहा कि सरकार उत्पाद विभाग की भर्ती प्रक्रिया के दौरान दौड़ में शामिल जिन अभ्यर्थियों की मौत हुई, सरकार उनके आश्रितों को10 लाख रुपये मुआवजा व एक सदस्य को नौकरी दे. जो अभ्यर्थी अस्पताल में इलाजरत हैं, उनका सरकारी खर्च पर इलाज कराया जाए. मेहता ने कहा कि दौड़ के समय परिवर्तन किया जाना चाहिए. सुबह से ही लाइन में भूखे प्यासे खड़े युवा खड़े रहते हैं.

### असम जाएंगे चंपाई सोरेन, हिमंता बिस्वा सरमा ने मुलाकात कर दिया न्योता

# 'रामदास सोरेन अब दूसरे टाइगर, मुझे कुछ नहीं कहना'

संवाददाता । रांची

मंत्री रामदास सोरेन को अब दूसरे टाइगर के रूप में देखा जा रहा है, इस पर चंपाई सोरेन ने किसी तरह की प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया. उन्होंने कहा कि वह इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते है. वह जनता के लिए काम करते हैं, आने वाले दिनों में भी जनता के लिए ही काम करते रहेंगे. यह बात उन्होंने शनिवार को मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कही.

इससे पहले असम के मुख्यमंत्री व झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने चंपाई सोरेन से मुलाकात की. हिमंता ने चंपाई सोरेन को भाजपा में शामिल होने के लिए बधाई दी और असम आने के न्योता दिया. साथ ही कहा कि असम आकर मां कामाख्या का दर्शन करें और उनके घर पर रुककर भोजन करें. इस बारे में चंपाई सोरेन ने बताया कि वह असम जाएंगे.



हिमंता बिस्वा सरमा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि चंपाई सोरेन जी से आज किसी भी तरह की राजनीतिक बातचीत नहीं हुई है. वह बधाई देने और निमंत्रण देने के लिए चंपाई सोरेन से मिले थे. इस दौरान राजनीति को छोड़ अन्य विषयों पर बातचीत हुई.

उल्लेखनीय है कि 30 अगस्त को हुई धुर्वा के गोलचक्कर मैदान में हुई जनसभा में चंपाई सोरेन भाजपा में शामिल हुए थे. वह पिछले चार दशक से झामुमो में थे. इस दौरान छह बार विधायक बने. मंत्री व मुख्यमंत्री तक बने. पिछले कुछ दिनों से वह पार्टी से नाराज चल रहे थे. मुख्यमंत्री पद से हटाने के तरीके को लेकर वह खासा नाराज थे.

### हम घुसपैठ मुक्त झारखंड चाहते हैं : हिमंता बिस्वा सरमा

**रांची ।** असम के सीएम सह भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा ने कहा है कि हम झारखंड को पूरी तरह घुसपैठ से मुक्त कराना चाहते हैं. घुसपैठमुक्त आंदोलन में सभी को साथ आने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि झामुमो को भी तुष्टिकरण की राजनीति छोड़ कर झारखंड के लोगों के साथ खड़ा हो जाना चाहिए. वे शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे. उन्होंने कहा कि मेरे लिए राष्ट्र और झारखंड प्रथम है, लेकिन घुसपैठ के मुद्दे पर हेमंत सोरेन भटकाने की कोशिश कर रहे हैं.

### कारोबारी मेहुल साह अपहरण कांड

# रांची पुलिस ने जमशेदपुर में की छापेमारी, दो गिरफ्तार हुए

वरीय संवाददाता । रांची

मुंबई के कारोबारी मेहुल साह अपहरण कांड में रांची पुलिस ने शनिवार को जमशेदपुर में छापामारी की. पुलिस ने अपहरण कांड में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया है. छापामारी जमशेदपुर के बिरसानगर के त्रिवेणी अपार्टमेंट में की गई, जहां से पुलिस ने बाबू पिल्ले नामक आरोपी को गिरफ्तार किया. बाबू पिल्ले की निशानदेही पर पुलिस ने जमशेदपुर के टेल्को पुलिस के सहयोग से अभिषेक सिंह नामक के आरोपी को गिरफ्तार किया. अभिषेक सिंह के पास से पुलिस ने अपहरण में इस्तेमाल पिस्तौल व कारतूस बरामद कर लिया है. रांची पुलिस को जमशेदपुर के ही परसुडीह निवासी इरशाद की भी इसी मामले में तलाश है. उसकी तलाश में छापामारी की जा रही है.

**अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की दी थी धमकी :** कारोबारी मेहुल साह का अपहरण करने के बाद अपराधियों ने उनके परिजनों से 50 लाख रुपये की फिरौती की वसूली की थी. मामले में गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया है कि अपहरणकर्ताओं ने व्यवसायी का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी थी. इस मामले को लेकर पुलिस पहले ही कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है. मामले में पुलिस ने साजिशकर्ता श्वेतापति और उसके प्रेमी (जयपुर निवासी) के अलावा चाईबासा से दो युवकों को गिरफ्तार किया था. गिरफ्तार युवकों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि रांची एयरपोर्ट के पास से मेहुल साह का अपहरण करने के बाद उसे बिरसानगर के त्रिवेणी अपार्टमेंट में लेकर पहुंचे थे. बाबू पिल्लै अपार्टमेंट के एक फ्लैट में किराये में रहता था. इसी फ्लैट में पिस्तौल का भय दिखाकर अभिषेक सिंह, बाबू पिल्लै व श्वेतापति के प्रेमी ने युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए मेहुल साह को मजबूर किया और मोबाइल से वीडियो भी बनाया. इसके बाद मेहुल साह से 50 लाख की फिरौती की मांग की. फिरौती की रकम नहीं देने पर वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी भी दी थी.

## झारखंड में डॉक्टर सुरक्षित नहीं : अजय

**रांची ।** झारखंड भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने राज्य के डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाया. उन्होंने कहा कि एक ओर जहां पूरा देश डॉक्टरों की सुरक्षा की मांग कर रहा है, सुप्रीम कोर्ट भी इस पर स्वतः संज्ञान ले चुका है, वहीं दूसरी ओर झारखंड में डॉक्टर सुरक्षित नहीं है. डॉक्टरों को विशेष रूप से लक्षित किया जा रहा है. इसका ताजा उदाहरण डॉ बृहस्पति मंडल हैं, जिन्हें गुरूवार की सुबह अपहरणकर्ताओं ने 20 लाख रुपये की फिरौती के लिए अपहरण किया और उनकी हत्या कर दी. राज्य में कानून-प्रशासन का खौफ अपराधियों पर नहीं बल्कि कानून-प्रशासन पर है. साह ने आरोप लगाया कि राज्य की हेमंत सरकार मुख्यमंत्री मंईयां योजना के बहाने स्वप्रचार में लगी हुई है. सारा शासन-प्रशासन तंत्र को स्वप्रचार के काम में लगा रखा है. स्पेशल ब्रांच के लोग जासूसी करने में लगे हैं, ऐसे में प्रशासन का अपराध पर कोई नियंत्रण ही नहीं रह गया है.



# आठ जिलों में संगठित आपराधिक गिरोह सक्रिय

सौरव सिंह । रांची

झारखंड के आठ जिले संगठित अपराध की चपेट में है. इनमें रांची, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो, लातेहार, चतरा, रामगढ़ और हजारीबाग जिला शामिल है. इन आठों जिले में अलग-अलग संगठित आपराधिक गिरोह सक्रिय है. जो रंगदारी वसूलने के लिए कारोबारियों को धमकी देते हैं. रंगदारी नहीं मिलने पर अपने गुर्गों से हत्या और कार्यस्थल पर गोलीबारी जैसी घटना को अंजाम दिलाते हैं. आज की तारीख में राज्य में पांच प्रमुख आपराधिक गिरोह है, जो पुलिस के लिए सिरदर्द बना है. इन पांच गिरोह का ही सबसे अधिक डर व्यवसायियों व कारोबारियों में है. इन पांचों गिरोह के अपराधी माओवादी और उग्रवादी संगठन की तरह ही घटना को अंजाम देते हैं और घटना के बाद जिम्मेवारी भी लेते हैं.

### किस जिले में कौन गिरोह सक्रिय

| गिरोह का नाम | जिला का नाम |
|---|---|
| अमन साहू | रांची, लातेहार, रामगढ़, चतरा व हजारीबाग. |
| प्रिंस खान | धनबाद, बोकारो. |
| विकास तिवारी | हजारीबाग, रामगढ़. |
| अमन श्रीवास्तव | हजारीबाग, रामगढ़. |
| अखिलेश सिंह | जमशेदपुर. |

**कहां के कितने वांटेड**

| राज्य का नाम | संख्या |
|---|---|
| बिहार | 153 |
| पश्चिम बंगाल | 74 |
| ओड़िसा | 10 |
| छत्तीसगढ़ | 10 |

**जेल प्रशासन विफल :** राज्य में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोहों के कई अपराधी जेल में बंद हैं. लेकिन वह जेल से ही अपने गुर्गों को निर्देश देकर बाहर में घटना को अंजाम दिलवा रहे हैं. जेल के भीतर से ही रंगदारी की मांग कर रहे हैं. इन अपराधियों की गतिविधियों को जेल के भीतर रोकने में जेल प्रशासन विफल रहा है. जेल में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर रोक के बाद ही संगठित अपराध पर लगाम लग पायेगी.

**दूसरे राज्य के अपराधी भी शामिल**

झारखंड में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोहों में बिहार, छत्तीसगढ़ और बंगाल के 28 से अधिक अपराधी भी शामिल हैं. दूसरे राज्य के अपराधी यहां अपराध करके अपने राज्य में चले जाते हैं. इससे पुलिस को कार्रवाई करने में परेशानी होती है. अमन साहू और अखिलेश सिंह गिरोह में दूसरे राज्य के सबसे अधिक अपराधी जुड़े हैं.

## डीजीपी अनुराग गुप्ता से मिले जनरल विकास भारद्वाज



**रांची ।** झारखंड- बिहार सब एरिया के जीओसी जनरल विकास भारद्वाज ने शनिवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता से मुलाकात की. पुलिस मुख्यालय में हुई मुलाकात के दौरान जनरल विकास भारद्वाज ने झारखंड के सेवारत और सेवानिवृत्त भारतीय सेना कर्मियों की प्रमुख चिंताओं और उनके समाधान के लिए उत्तरदायी तंत्र के तौर-तरीकों पर चर्चा की. इसके अलावा सुरक्षा के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विचार-विमर्श किया. इस दौरान मुख्यालय के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे.

## भाजपा के मिला क्या? के जवाब में बसंत सोरेन ने बताया सुना क्या?

संवाददाता । रांची



पूर्व मंत्री बसंत सोरेन ने भाजपा पर तंज कसा है. झारखंड सरकार के खिलाफ भाजपा का कैंपेन- मिला क्या ? के जवाब में बसंत सोरेन ने पूछा है- सुना क्या. ? बसंत सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर हेमंत सरकार की योजनाओं और निर्णयों को गिनाया. उन्होंने लिखा- राज्य की 10 हजार पोषण सखी दीदियों की नौकरी वापस दे दी गई और वेतन भी बढ़ा दिया गया. राज्य के 39 लाख परिवारों की 200 यूनिट तक की बिजली बिल भी माफ कर दी गयी. शहीद अग्निवीरों के आश्रितों को अनुकंपा पर नौकरी और आर्थिक सहायता मिलेगी.

### दो करोड़ रोजगार का झूठा वायदा

बसंत सोरेन ने आगे लिखा है कि सेना भर्ती को खत्म करने वाला, दो करोड़ रोजगार देने का झूठा वायदा करने वाला, 15 लाख देने का ढोंग करने वाला " बड़का झुठठा पार्टी " वाला कहता है कि मिला क्या ? दुमका में पोषण सखी दीदियों ने सरकार द्वारा पुनर्बहाली की स्वीकृति दिए जाने की खुशियां हमारे साथ मनाईं. हमारी सरकार राज्य की करोड़ों माताओं -बहनों के साथ खड़ी रही है और रहेगी.

### कोर्ट की खबरें

## लिंकेज कोयला घोटाला: इजहार अंसारी की जमानत पर फैसला सुरक्षित

संवाददाता । रांची

कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की जमानत याचिका पर हाई कोर्ट सुनवाई पूरी हो चुकी है और अदालत ने जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा है. इजहार अंसारी को इंफोर्समेंट डाइरेक्टोरेट (इडी) ने 70 करोड़ रुपये के लिंकेज कोयला में गड़बड़ी करने के मामले में गिरफ्तार किया था. गिरफ्तारी से पहले मार्च 2023 में इडी ने हजारीबाग स्थित उनके घर पर छापामारी की थी. छापामारी में इडी ने इजहार अंसारी के घर से 3.58 करोड़ रुपये नकद बरामद किया था. इजहार अंसारी के खिलाफ इडी ने छापामारी की कार्रवाई आइएएस पूजा सिंघल और उनके सीए सुमन कुमार के घर से मिले दस्तावेजों की जांच के दौरान की थी.

## 8.86 एकड़ जमीन घोटाले में इरशाद की जमानत याचिका पर हुई सुनवाई

रांची । संवाददाता

बड़कगाईं अंचल की 8.86 एकड़ जमीन की कथित घोटाले में मो इरशाद की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने चार सप्ताह के भीतर इडी से जवाब मांगा है. इससे पहले पीएमएलए की विशेष अदालत ने मो इरशाद की जमानत याचिका को खारीज कर दिया था. इडी ने गत 16 अप्रैल को मो इरशाद, प्रियरंज सहाय, विपिन सिंह और झामुमो के नेता अंतु तिर्की को गिरफ्तार किया था. इन सभी के खिलाफ इडी अदालत में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है. 8.86 एकड़ जमीन के इसी मामले में इडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी गिरफ्तार किया था. हाइ कोर्ट ने उन्हें जमानत देते हुए इस कथित घोटाले में मुख्यमंत्री की संलिप्पता पर सवाल उठाया था. हेमंत सोरेन करीब पांच माह तक जेल में रहे थे. इडी ने हेमंत सोरेन की जमानत को सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती दी, जो खारिज हो चुका है.

### मो. अफसर की जमानत खारिज

**रांची ।** बरियातू रोड स्थित सेना की 4.55 एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में गिरफ्तार मो अफसर अली जमानत याचिका को हाइ कोर्ट ने खारिज कर दिया है. अफसर अली को इडी ने 14 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया था. निचली अदालत में जमानत याचिका खारीज होने के बाद उन्होंने हाइ कोर्ट में जमानत याचिका दाखिला किया था. साथ ही अपनी गिरफ्तारी की प्रक्रिया को चुनौती दी थी. पिछली सुनवाई में कोर्ट इडी से इस बारे में जानकारी मांगी थी.

### भरत प्रसाद को नहीं मिली जमानत

**रांची ।** हाई कोर्ट ने चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार भरत प्रसाद की जमानत याचिका को सुनवाई के बाद खारिज कर दी है. इस मामले की जांच इडी कर रही है. इडी ने जुलाई 2023 में भरत प्रसाद को गिरफ्तार किया था. जिसके बाद भरत प्रसाद ने पीएमएलए की विशेष अदालत में जमानत याचिका दाखिल किया था. वहां से याचिका खारिज होने के बाद उसने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल किया था.


## क्लासिफाइड





**परेशानी** स्मार्ट मीटर लग गया, बिल जमा नहीं हुआ, चिंता न करें, एक माह का वक्त और है

# बिजली बिल 30 अक्टूबर तक जमा कर सकते हैं

संवाददाता । रांची

रांची और धनबाद जिला के करीब तीन लाख बिजली उपभोक्ताओं के मीटर बदले जा चुके हैं. पुराने मीटर की जगह नए स्मार्ट मीटर लगाये गए हैं. रांची में करीब 2.50 लाख उपभोक्ताओं का स्मार्ट मीटर एक सितंबर से चालू हो जाएगा. इसमें रिचार्ज कराने के बाद ही आप बिजली का इस्तेमाल कर पाएंगे. झारखंड बिजली वितरण निगम (जेबीवीएनएल) ने एक सितंबर से यह व्यवस्था लागू कर दी है. जिनके घरों में स्मार्ट मीटर लग गया है, उन्हें पुराने बिजली बिल जमा करने को कहा गया था. तभी स्मार्ट मीटर को रीचार्ज कर बिजली का इस्तेमाल कर सकते हैं. लेकिन बहुत सारे लोगों ने पुराने मीटर का बिजली बिल जमा नहीं किया है. इसे देखते हुए निगम ने बिजली बिल जमा करने की तारीख 30 अक्टूबर तक के लिए बढ़ा दी है, ताकि लोग समय रहते बकाया बिजली बिल का भुगतान कर दें. इसके साथ ही पुराने बिजली बिल को जमा करने और मोबाईल नंबर को रजिस्टर्ड करने के लिए कैंप लगाया जाएगा, ताकि उपभोक्ताओं को किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े.



- रांची-धनबाद जिला के तीन लाख बिजली उपभोक्ताओं के मीटर बदले जा चुके हैं
- पुराना बिजली बिल जमा करने और मोबाईल नंबर रजिस्टर्ड करने के लिए कैंप लगेगा

**प्री पेड मोड पर काम करेगा नया स्मार्ट मीटर :** ल्लेखनीय है कि जो नया स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है, यह प्रीपेड मोड पर काम करेगा. आप जिस तरह पहले मोबाइल रिचार्ज कराते हैं, फिर इस्तेमाल करते हैं, उसी तरह बिजली उपभोक्ता पहले बिजली विभाग को पैसा देंगे, फिर बिजली का इस्तेमाल करेंगे. आप जितने रुपये देंगे, उतने रुपये की बिजली का इस्तेमाल करेंगे. रिचार्ज खत्म होते ही बिजली का कनेक्शन खुद ही कट जाएगा. दुबारा रिचार्ज कराने पर कनेक्शन खुद ही चालू हो जाएगा.













राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | धनबाद, रविवार 01 सितंबर 2024 • भाद्रपद कृष्ण पक्ष 14, संवत 2081 • पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ • वर्ष : 2, अंक : 144 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




**ब्रीफ खबरें**

### हीरापुर में चार घंटे गुल रहेगी बिजली



**धनबाद ।** हीरापुर में कई इलाकों में रविवार को चार घंटे बिजली गुल रहेगी. तेलीपाड़ा पीएसएस में मेंटेनेंस कार्य के लिए सुबह ९ बजे से दोपहर १ बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी. इससे श्मशान रोड, बटखरा ऑफिस, प्रेम नगर, राधे नगर, माड़ा कॉलोनी, प्रोफेसर कॉलोनी, बिनोद नगर और आसपास के क्षेत्र प्रभावित रहेंगे. उक्त जानकारी हीरापुर सहायक अभियंता ने दी.

### कल चलंत लोक अदालत होंगे रवाना

**धनबाद :** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर लोगों को जागरूक बनाने के लिए जागरूकता रथ सोमवार को सिविल कोर्ट से रवाना होगा. धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे. 30 सितंबर तक जिले के हर कस्बे, मुहल्ले, गांव व ब्लॉक में जाकर लोगों को विभिन्न कानूनों की जानकारी दी जाएगी. लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं व कानूनों के प्रति जागरूक बनाया जाएगा और उन्हें सचेत किया जाएगा. मौके पर आए समस्याओं का तुरंत समाधान होगा.

### पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन

**धनबाद ।** वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जन जागरूकता अभियान के तहत मनियाडीह थाना अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय झिनाकी और टुंडी थाना अंतर्गत प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अभियान के तहत छात्र-छात्राओं के बीच साइबर अपराध से बचाव, सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी, महिला एवं बाल सुरक्षा, घरेलू हिंसा और डायन बिसाही अंधविश्वास समेत अन्य मुद्दों पर जानकारी दी गई.

### धकोकसं की बैठक में आंदोलन का फैसला

**धनबाद:** कोयला श्रमिकों की समस्या के निदान की मांग को लेकर धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ चरणबद्ध आंदोलन करेगा. इसको लेकर शनिवार को धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ की बैठक धनबाद में हुई. जिसमें यूनियन के अध्यक्ष मुरारी लाल तांती और महामंत्री उमेश कुमार सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे. धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ मजदूर हित में तीन चरण में आंदोलन का रूपरेखा बनाया है: प्रथम चरण में एक से 10 सितंबर तक बीसीसीएल के सभी क्षेत्रीय कार्यालय, अस्पताल सहित अन्य जगह गेट मीटिंग का आयोजन किया जाएगा. दूसरे चरण में 26 सितंबर को सभी जीएम कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया जाएगा. तीसरे चरण में बीसीसीएल मुख्यालय के समीप मजदूर समस्या पर यूनियन का विराट धरना आयोजित किया जाएगा.

---

**निरीक्षण :** मेडिकल छात्रों के देर रात परिसर से बाहर आने जाने पर प्रतिबंध व विशेष निगरानी रखने का निर्देश

# एसएनएमएमसीएच पहुंचे एसएसपी, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**खास बातें**

- डॉक्टर, नर्स व स्टॉफ की सुरक्षा पर विशेष ध्यान
- गर्ल्स हॉस्टल के आसपास अन्य लोगों के आने-जाने पर प्रतिबंध

**संवाददाता । धनबाद**



वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया .निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने अस्पताल परिसर की सुरक्षा में कई चूक पाई जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन को व्यवस्था दुरुस्त करने के सन्दर्भ में आवश्यक दिशानिर्देश दिए . उन्होंने एसएनएमएमसीएच परिसर में आने जाने के सभी अनावश्यक रास्तों को बंद करने का निर्देश देते हुए आवागमन के लिए एक मुख्य गेट निर्धारित कर वहां सुरक्षा कर्मी तैनात करने को कहा. गर्ल्स हॉस्टल के परिसर को विशेष सुरक्षा व्यवस्था के तहत उसके आसपास अन्य लोगों के आने जाने पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश भी दिया , गर्ल्स हॉस्टल की दीवार की ऊंचाई बढ़ाने के साथ कंटीले तार से घेराबंदी को भी कहा गया.

निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने एसएनएमएमसीएच परिसर से सटे सभी निजी आवास व अन्य इमरातों के बीच की दीवार को ऊंचा करने व कटीले तार से घेराबंदी करने को कहा उन्होने इस क्षेत्र में अनावश्यक आवाजाही करने वाले लोगों के परिसर में आने जाने पर रोक लगाने, परिसर की दीवार को ऊंचा करने के साथ कई जगहों पर टूटी दीवारों को जल्द मरम्मत करते हुए सुरक्षा के मद्देनजर सभी जरूरी कदम उठाने का निर्देश अस्पताल प्रबंधन को दिया. हॉस्टल में रहने वाले मेडिकल छात्रों की सुरक्षा के मद्देनजर पोस्टमार्टम हाउस के पास कटीले तार से घेराबंदी की बात कही गई ताकि कोई भी शख्स हॉस्टल की तरफ न जाने पाये. इस दौरान डॉ. रबी भूषण सहित कई डॉक्टर और कर्मचारी मौजूद थें.

**सीसीटीवी और स्ट्रीट लाइट लगवाने का निर्देश**

एसएसपी ने अस्पताल प्रबंधन को पूरे एसएनएमएमसीएच परिसर में सीसीटीवी कैमरा व स्ट्रीट लाइट जल्द लगवाने का निर्देश दिया. इसके अलावा सुरक्षा के मद्देनजर परिसर की दीवार से सटे कुछ जगहों पर चिन्हित पेड़ की कटाई व आसपास के इलाकों की झाड़ियों को साफ कराने को कहा गया ताकि सुरक्षा में कोई सेंध न लगे उन्होंने एसएनएमएमसीएच में कार्यरत डॉक्टर, नर्स, मेडिकल स्टॉफ की सुरक्षा पर चर्चा करते हुए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया एसएसपी ने मेडिकल छात्रों के देर रात परिसर से बाहर आने जाने पर सख्त प्रतिबंध लगाने का निर्देश प्रबंधन को दिया साथ ही रात के समय विशेष निगरानी रखने को कहा . इस दौरान डीएसपी ट्रैफिक अरविंद सिंह व अस्पताल अधीक्षक समेत अन्य भी मौजूद थे.

---

### रंगदारी के लिए दरवाजे पर चला बम

**बैंक मोड़ थाने में की शिकायत**

**धनबाद ।** रंगदारी के लिए धमकी भरे फोन का आना धनबाद में एक बार फिर शुरू हो गया है. रंगदारी नहीं देने पर घर के दरवाजे पर बम चलाने का भी मामला सामने आया है. वासेपुर के नबी नगर निवासी अली राजा ने बैंक मोड़ थाने में अज्ञात के खिलाफ रंगदारी के लिए बम चलाने की शिकायत की है. अली ने बताया कि उसके पिता के मोबाइल पर 7478023252 नंबर से फोन कर दो लाख रुपये रंगदारी की मांग की गई. रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है. अली ने बताया कि फोन आने के बाद दहशत फैलाने की नीयत से उसके घर के दरवाजे पर बीती रात करीब 2 बजे बम से हमला किया गया है. बम चलाए जाने के बाद से परिवार सहमा हुआ है.

---

# तालाब में मिला महिला का कटा सिर, फैली सनसनी




**एक सप्ताह पुराना लग रहा है शव: भूली प्रभारी**

**धनबाद :** मामले को लेकर भूली ओपी प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों से सूचना मिली कि तालाब में एक अज्ञात महिला का कटा हुआ सर है . सूचना मिलते ही हम लोग घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए . सर को देखकर प्रतीत होता है कि यह सर पिछले सात- आठ दिनों से पानी में पड़ा होगा . फिलहाल उक्त महिला की पहचान नही हो सकी है, शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है .

**संवाददाता । धनबाद**

शनिवार की सुबह भूली ओपी क्षेत्र के पांडरपाला स्थित एक तालाब में एक अज्ञात महिला का कटा हुआ सर मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. घटना की जानकारी जंगल में लगे आग की तरह क्षेत्र में फैल गई और भारी संख्या में स्थानीय लोग सर देखने के लिए मौके पर जुट गए. खबर पाकर तीन थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंची. धड़ को बरामद करने के लिए तालाब में गोताखोरों को उठा गया. आसपास के इलाके में पूछताछ की गई, लेकिन फिलहाल तक सारी कोशिशें नाकाम रही, मामले को तंत्र विद्या और बाली से भी जोड़ कर लोग देख रहे हैं. बता दें कि पांडरपाला दास बस्ती के समीप स्थित तालाब में कटा हुआ सर बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई.मामले की जानकारी मिलते ही भूली ओपी थाना प्रभारी अभिनव कुमार दल- बल के साथ मौके पर पहुंच गए और मामले की जांच में जुट गए. सर बरामद होने को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं, जितनी मुंह उतनी बातें हो रही हैं.कुछ लोग इसे जादू - टोना के चक्कर में की गई हत्या मान रहे है. फिलहाल जब तक पुलिस मामले की जांच नहीं कर लेती है, तब तक कुछ भी स्पष्ट बताया नहीं जा सकता है. गोताखोरों द्वारा तालाब में महिला के धड़ के लिए खोजबिन की जा रही है. जब तक महिला का धड़ ना मिले तब तक यह वारदात पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती साबित होगी. पुलिस एक सप्ताह के दौरान आसपास के इलाकों से गायब या लापता महिला, युवती की छानबीन में जुट गई है.

---

# एक रात में बीसीसीएल के आधा दर्जन घरों में चोरी

**नगदी समेत लाखों रुपए के सामान चुराये, लोगों में भय**

**संवाददाता । झरिया**

चोरों ने सुदामडीह थाना क्षेत्र के BCCL के आधा दर्जन से अधिक बंद घरों में शुक्रवार की देर रात चोरी की घटना को अंजाम दिया, जहां नगदी समेत लाखों रुपये के सामान चुराकर चोर फरार हो गए. कोयलांचल में इन दिनों चोरों का तांडव मचा हुआ है. धनबाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आए दिन चोरी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस कुछ मामलों का उद्भेदन करने के अलावा कुछ नहीं कर पा रही है. इस कारण चोरों का मनोबल सातवें आसमान पर है. चोरों ने अपनी दुस्साहस का परिचय देते हुए शुक्रवार की देर रात को एनबीसीसी कॉलोनी में आधा दर्जन से अधिक घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया और नगदी समेत लाखों रुपये के जेवरात और अन्य सामान चुराकर फरार हो गए. घटना के बाद से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है. लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी, और सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच में जुट गई है. स्थानीय लोगों की मांग है कि पुलिस इस क्षेत्र में गश्त बढ़ाए और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाए.

**लाखों रुपए का सामान ले गए चोर : राहुल**



मामले को लेकर पीड़ित राहुल कुमार ने बताया कि हम लोग घर पर नहीं थे, घर में ताला बंद था . आज सुबह हमें चाचा ने फोन कर बताया कि घर में चोरी हो गई है . जिसके बाद हम लोग घर पहुंचे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और घर से नगदी समेत लाखों रुपये का सामान गायब है . इसके बाद हमने इसकी सूचना सुदामडीह पुलिस को दे दी है .

**नगदी समेत अन्य सामान की चोरी : मधुसूदन**



मामले को लेकर पीड़ित मधुसूदन दास ने बताया कि इस रूम में हमेशा मेरा छोटा बेटा सोया करता था, लेकिन कल रात बेटे की तबीयत खराब होने की वजह से वह उस रूम में नहीं सोया था . रूम में ताला बंद था और यह चोरी की घटना घटित हुई . हमें सुबह मालूम चला कि घर में चोरी हो गई है . चोरों ने घर से नगदी, कपड़े समेत कई कीमती सामान चुराकर ले गए हैं .

**इनके घरों में हुई चोरी**

जिन घरों में चोरी हुई है, उनमें ज्यादातर बीसीसीएल कर्मियों के घर शामिल हैं, जिनके नाम मनोहर राम, कृष्ण प्रसाद, प्रवीण चौधरी, रामलाल यादव, राजदेव सिंह, मनोज शर्मा, मधुसूदन दास आदि शामिल हैं .

---

## सिविल सर्जन ने डायरिया प्रभावित गांवों का किया दौरा



**संवाददाता । धनबाद**

टुंडी: जिला सिविल सर्जन चंद्रभानु प्रताप ने शनिवार को दक्षिणी टुंडी नारंगडीह और पश्चिमी टुंडी मनियाडीह थाना क्षेत्र के बंगारो गांव का दौरा किया. उन्होंने डायरिया पीड़ित परिवारों से मिलकर डायरिया से रोकथाम के बारे में जानकारी दी. उन्होंने कहा कि पानी रोजाना सुबह-शाम उबाल कर पीना चाहिए. इसके अलावा, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया. उनके साथ डॉ विजय कुमार, डॉ अभिषेक मुखर्जी सहित पूरी स्वास्थ्य विभाग की टीम शामिल थी.

### महिला सुरक्षा के लिए सख्त कानून की मांग

**धनबाद ।** बंगाली वेलफेयर सोसाइटी ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज, कोलकाता में हुए जघन्य अपराध के खिलाफ और महिला सुरक्षा के लिए एक विरोध रैली का आयोजन किया. रैली हीरापुर दुर्गा मंदिर से शुरू होकर मुख्य मार्ग होते हुए रणधीर वर्मा चौक पहुंची, जहां सभा में तब्दील हो गई. रैली में जाति और भाषा की परवाह किए बिना सैकड़ों महिलाएं और पुरुष शामिल हुए. रैली में 'वी वांट जस्टिस' और 'जस्टिस डिलेड इज जस्टिस डिनाइड' का नारा लगाया गया. लोग हाथों में पोस्टर लिए हुए थे, जिसमें दोषियों को मौत की सजा देने और महिला सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाने की मांग की गई थी. बंगाली वेलफेयर सोसाइटी के सचिव गोपाल भट्टाचार्य ने लड़कों के लिए भी स्कूल स्तर पर गुड टच बैड टच की शिक्षा देने और शिक्षा को शामिल करने की मांग की.

---

विचार गोष्ठी के बहाने चुनावी बिगुल फूंक गए शिवराज, कहा

# सबकी नहीं बल्कि पति-पत्नी की पार्टी बन गई है झारखंड मुक्ति मोर्चा

**संवाददाता । बोकारो**



राष्ट्रवादी विचार मंच द्वारा सेक्टर थर्ड सी स्थित पू. त. जगजीवन महाराज सरस्वती विद्या मंदिर में शुक्रवार देर शाम आयोजित 'झारखंड किधर....' विषय विचार गोष्ठी में झारखंड चुनाव प्रभारी सह केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान चुनावी बिगुल फूंक गए। भले ही कार्यक्रम में शिवराज पैंट शर्ट में पहुंचे लेकिन वो पूरे चुनावी मोड़ और कुर्ते पैजामे वाले तेवर में दिखे। कहने को सिर्फ ये आयोजन राष्ट्रवादी मंच का था लेकिन मुख्य मंच से लेकर श्रोतागण तक, (कुछ एक को छोड़)पूरा का पूरा एरीना भाजपमय दिखा। सपत्नी पहुंचे शिवराज ने अपने एक घंटे से भी ज्यादा उद्बोधन में झारखंड के हेमंत सरकार सहित बंगाल में ममता दीदी सरकार के प्रति आक्रामक रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक मात्र राष्ट्रवादी पार्टी है जो सर्वस्पर्शी और सबका विकास कर सकती है। भाजपा ही आदिवासियों, मूलवासियों, बांग्लादेशी घुसपैठ, दलितों, पिछड़ों और आम लोगों के मुद्दों की समाधान कर सकता है। झारखंड मुक्ति मोर्चा को शिवराज ने सबकी पार्टी के बजाय केवल पति-पत्नी का पार्टी करार दिया. चंपाई सोरेन ने राज्य के विकास के लिए जनता का पैसा खाने वाले भ्रष्टाचारियों को रोकने का काम किया, लेकिन उन्हें अपमानित कर मुख्यमंत्री पद से हटा दिया गया. उन्हें नियुक्ति पत्र तक बांटने से रोक दिया गया, बैठक की सूचना तक नहीं दी गई.

### पुलिस को केस डायरी सौपने का निर्देश

**धनबाद :** रिकवरी एजेंट उपेंद्र सिंह की हत्या करवाने के नामजद आरोपी गैंग्स ऑफ़ वासेपुर के बंटी खान एवं गॉडविन खान की नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह की अदालत में हुई. बचाव पक्ष से अधिवक्ता उदय कुमार भट्ट ने बहस की. वहीं लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने पूरक केस डायरी समर्पित करने हेतु समय देने का आग्रह किया. अदालत ने उभय पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पुलिस को केस डायरी सौपने का निर्देश दिया है. बताते चलें कि ट्रायल कोर्ट ने 31 जुलाई 2024 को दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी थी. एक फरवरी 2023 को पीके राय मेमोरियल कॉलेज के पास अपराधियों द्वारा गोली मारकर उपेंद्र सिंह की हत्या कर दी गई थी.

---

**राजनीति** धनबाद में नहीं, समय बीतने पर राँची में की दावेदारी

# पार्टी लाइन से हटकर चल रही हैं झरिया विधायक

**खास बातें**

- संतोष सिंह की दावेदारी से चर्चा का बाजार गर्म
- कांग्रेस में हॉट सीट बनी झरिया विधानसभा

**अमित सिन्हा । धनबाद**



झरिया से कांग्रेस की विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह पार्टी लाइन से हटकर चल रही हैं. आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी की ओर से सभी कार्यकर्ताओं को जिलाध्यक्ष के समक्ष दावेदारी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था. जिसकी अंतिम तिथि 28 अगस्त निर्धारित की गई. धनबाद की छह विधानसभा के लिए कई कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विधानसभा क्षेत्र से दावेदारी पेश की. निर्धारित समय के भीतर झरिया विधायक ने अपनी सीट से भी अपनी दावेदारी पेश नहीं की. समय बीतने के बाद शुक्रवार को रांची प्रदेश कार्यालय में पूर्णिमा सिंह ने झरिया विधानसभा के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी. सूत्रों का कहना है कि विधायक को यह जानकारी नहीं थी कि विधायक होने के बावजूद उन्हें भी अपना दावा पेश करना होगा. विधायक के दावेदारी पेश नहीं करने पर झरिया से ही जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने अपनी दावेदारी पेश कर दी. जिलाध्यक्ष के झरिया से दावेदारी पेश करने के बाद से चर्चाओं का बाजार गर्म है.

**संगठन की अनदेखी कर कैसे करेंगी बेड़ा पार**

कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में इस बात की भी चर्चा है कि विधायक जिस प्रकार जिलाध्यक्ष समेत संगठन को दरकिनार कर चल रही है . ऐसे में यदि पार्टी उन्हें टिकट दे भी देती है तो संगठन को दरकिनार कर चुनाव में फतह हासिल करना टेढ़ी खीर साबित होगा . चुनाव में पार्टी के बड़े नेताओं से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं का भी बड़ा महत्व होता है .

**2 सालों में जिला कमिटी की किसी बैठक में नहीं हुई शामिल**

जिले के कांग्रेसी बताते हैं कि पिछले दो सालों में विधायक जिला कमिटी की किसी भी बैठक में शामिल नहीं हुई . कांग्रेसी मानते है कि जिलाध्यक्ष से उनके बिगड़े रिश्ते इसका मुख्य कारण है . नाम नहीं लिखने की शर्त पर एक कांग्रेसी ने बताया कि पिछले दिनों राँची में हुई एक बैठक में जब पूर्णिमा सिंह शामिल नहीं हुई तब प्रदेश के नेताओं से धनबाद के कार्यकर्ताओं ने शिकायत की थी कि विधायक किसी कार्यकर्ता को तवज्जो नहीं देती हैं . शिकायत में यहाँ तक कहा गया कि विधायक अपनी होर्डिंग में केंद्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी व राहुल गांधी का फोटो तक नहीं लगाती है .

---

# आपकी योजना, आपकी सरकार कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण

**संवाददाता । धनबाद**

आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान शनिवार को टुण्डी प्रखंड के बेगनरिया पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में दर्जनों छात्र-छात्राओं का ऑन द स्पॉट जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया गया. वहीं, कई छात्राओं के बीच साइकिल का भी ऑन द स्पॉट वितरण किया गया. इसके अलावा, दर्जनों लाभुकों को ऑन द स्पॉट पेंशन की भी स्वीकृति प्रदान की गई. साथ ही, मनरेगा कार्ड वितरण, जेएसएलपीएस वीडियो के बीच पहचान पत्र का भी वितरण किया गया. ऑन द स्पॉट प्रमाण पत्र, साइकिल, पेंशन की स्वीकृति मिल जाने से लाभुकों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि उनके कई आवश्यक काम अब आसानी से पूरे हो सकेंगे.



**स्वयं सहायता समूह को मिला डेढ़ लाख का ऋण**

आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन धनबाद प्रखंड के बारडुभी पंचायत में भी किया गया . कार्यक्रम में जेएसएलपीएस अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूह को ऋण के रूप में 1 लाख 50 हजार रुपए का ऋण प्रदान किया गया . मौके पर दीदियों ने कहा कि इस ऋण राशि का उपयोग आत्मनिर्भर होने के लिए गौ पालन, बकरी पालन, राशन दुकान संचालन समेत अन्य व्यापार में किया जाएगा .

## ब्रीफ खबरें

### किशोर ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**साहिबगंज।** उधवा प्रखंड में राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तरी सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत फुदकीपुर गोहलबाड़ी गांव में बीते शुक्रवार के रात एक किशोर ने अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी. जानकारी के अनुसार मालेक शेख के पुत्र सादिकुल शेख उम्र 17 वर्ष बीते रात्रि अपने कमरा में गला में दुपट्टा लगाकर पंखा से लटककर जीवन लीला समाप्त कर लिया. बताया जाता है कि उनकी मानसिक स्थिति ठीक नही था. वे मिर्गी बीमारी से पीड़ित थे. घटना की सूचना मिलते ही राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय व पुलिस अवर निरीक्षक जय बहादुर सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया. फिलहाल राधानगर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है.

### बाइक के धक्के से स्कूल जा रहा छात्र घायल

**गांडेय (गिरिडीह)।** गांडेय प्रखंड के अहिल्यापुर मुख्य मार्ग पर गांधीनगर के समीप अनियंत्रित बाइक की ठोकर से एक छात्र गंभीर रूप घायल हो गया. पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल बच्चे को ग्रामीणों के सहयोग से गांडेय सीएचसी भेजा. वहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर कर दिया. बताया गया कि गांडेय थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव निवासी स्वर्गीय इंदर सिंह का पुत्र दीपक कुमार शनिवार को साइकिल से पढ़ाई करने मध्य विद्यालय गांडेय जा रहा था. तभी विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक साइकिल को जोरदार ठोकर मार दी. छात्र दीपक कुमार सिंह साइकिल समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया. गांडेय थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह ने बताया कि पुलिस बाइक को कब्जे में लेकर थाने ले आई है.

### चंचला देवी बनी झाएकिम यूनियन की अध्यक्ष

**डुमरी (गिरिडीह)।** झारखंड एकता किसान मजदूर यूनियन की एक बैठक शनिवार को नागाबाद में हुई. जिसकी अध्यक्षता कौशल्या देवी व संचालन यूनियन के महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष कसीरन खातुन ने किया. इस दौरान मुख्य रूप से केंद्रीय अध्यक्ष गंगाधर महतो, महासचिव साहिद अंसारी, रवींद्र कुमार एवं महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष रजिया खातुन उपस्थित थे. बैठक में यूनियन की महिला मोर्चा की पंचायत कमिटी का गठन किया गया. जिसमें अध्यक्ष चंचला देवी, उपाध्यक्ष कौशल्या देवी, सचिव प्रीति देवी, उपसचिव माधुरी देवी, कोषाध्यक्ष उमिया देवी , संगठन मंत्री आरती देवी, महामंत्री प्रमिला देवी, महासचिव सुनीता देवी को बनाया गया. इस दौरान केंद्रीय सचिव मोहन महतो, कोषाध्यक्ष नुनुचंद महतो, सदस्य विजय मुर्मू आदि उपस्थित थे.

### धनवार में चल रहा है लूट का साम्राज्य : राजकुमार यादव

**तिसरी (गिरिडीह)।** पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि धनवार विधानसभा क्षेत्र में लूट का राज चल रहा है. ब्लॉक और अंचल में दाखिल ख़ारिज, मनरेगा समेत किसी भी कार्य में बगैर चढ़ावे के काम नहीं किया जाता. स्थानीय विधायक और सांसद इन मामलों में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं. उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में रोजगार का सबसे बड़ा साधन ढ़िबरा उद्योग था, जिसको लेकर ही लोगों ने बाबूलाल मरांडी को विधायक बनाया लेकिन उन्होंने इस समस्या को लेकर एक बार भी विधानसभा में आवाज़ नहीं उठाया. चन्दन बर्णवाल, अंशु बर्णवाल, सोनू रविदास, ऋषि यादव, प्रेम यादव की हत्या पर भी यहां के विधायक और सांसद ने एक बार भी आवाज़ नहीं उठाया. उन्होंने कहा कि भाजपा हटाओ-लूट मिटाओ नारे के साथ जन संघर्ष को बुलंद किया जाएगा. उक्त बातें राजकुमार ने तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित अग्रवाला उच्च विद्यालय के पुराने भवन प्रांगण में बैठक के दौरान कही. भाकपा माले और मासस के विलय को लेकर कार्यकर्ता जुटे थे. बैठक में 9 सितंबर को धनबाद में आयोजित एकता रैली को सफल बनाने और प्रखंड क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोगों की भागेदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया. छोटू यादव, प्रकाश यादव, मुन्ना राणा, जयनारायण यादव, लालू राय, भोला साव, मुंन्द्रिका यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### बोकारो के कई पंचायतों में आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

# लाभुकों के बीच परिसंपत्ति, स्वीकृति पत्र वितरित

संवाददाता। बोकारो



बोकारो जिले में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में आयोजित किया गया, जिसमें जिला स्तरीय पदाधिकारियों और प्रखंड विकास पदाधिकारियों ने भाग लिया. शिविर में सैकड़ों मामलों का निष्पादन किया गया और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया. कार्यक्रम में पर्यवेक्षक पदाधिकारियों को प्रखंडों में शिविरों के सफल क्रियान्वयन के लिए नियुक्त किया गया. जिला स्तरीय पर्यवेक्षक पदाधिकारियों ने पंचायत परिसर में लगे सभी स्टॉल का निरीक्षण किया और उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनीं. मौके पर विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और हजारों आवेदन प्राप्त किए गए. नावाडीह प्रखंड के पेटरवार प्रखंड के ओरदाना पंचायत में आयोजित शिविर में सदस्य राज्य समन्वय समिति, मंत्री (दर्जा प्राप्त), झारखंड सरकार योगेंद्र प्रसाद एवं गोमिया विधायक लंबोदर महतो शामिल हुए. सभी ने शिविर के विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्ति, स्वीकृति पत्र वितरण किया. कार्यक्रम का आयोजन चास प्रखंड के गोड़ावाली उत्तरी, दक्षिणी, माराफरी पुनर्वास पंचायत के मध्य विद्यालय माराफारी, करहरिया, नरकेरा पुनर्वास पंचायत के नरकेरा फुटबाल मैदान, चंदनकियारी प्रखंड के सिलफोर, अमलाबाद पंचायत के संबंधित पंचायत सचिवालय, कसमार प्रखंड के पोण्डा पंचायत के संबंधित पंचायत सचिवालय, नावाडीह प्रखंड के गुंजरडीह पंचायत के पंचायत सचिवालय, चंद्रपुरा प्रखंड के नर्रा पंचायत के पंचायत सचिवालय, जरीडीह प्रखंड के बेलडीह पंचायत केउच्च विद्यालय बेलीडीह मैदान, पेटरवार प्रखंड के ओरदाना पंचायत के संबंधित पंचायत सचिवालय, बेरमो प्रखंड के गोविंदपुर ए पंचायत के संबंधित पंचायत सचिवालय और नगर परिषद फुसरो के वार्ड संख्या 02 में रामनगर रथ मंदिर में किया गया.

### शिविर का प्रमुख ने किया निरीक्षण

**डुमरी (गिरिडीह)।** डुमरी प्रखंड के खुद्दीसार एवं जीतकुंडी पंचायत भवन में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार का शिविर लगा. शिविर में प्रमुख उषा देवी शामिल हुई. शिविर में ग्रामीण महिला-पुरूष उपस्थित थे. इस मौके पर ग्रामीणों को कार्यक्रम का उद्देश्य लोक कल्याणकारी योजनाओं, राशन कार्ड, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, अबुआ आवास, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना सहित अन्य योजनाओं एवं लाभुकों की आहर्ता और आवेदन देने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने की अपील की गई. शिविर में विभिन्न योजनाओं का अलग-अलग स्टॉल लगाया गया था. जहां लाभुकों से आवेदन लिये गये. प्रमुख ने यूएमएस जीतकुंडी का निरीक्षण किया.

### बॉक्स एलुमनी ट्रस्ट ने रामरुद्र स्कूल में किया पौधरोपण

**बोकारो।** बोकारो ओल्ड जेवेरियन (बॉक्स) एलुमनी ट्रस्ट की ओर से गुरुवार को रामरुद्र विद्यालय, चास में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. ट्रस्ट के सदस्यों ने स्कूल परिसर में आम के 40 पौधे लगाए. ये पौधे बॉक्सन मनीष जैन ने दिए थे. ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष कुमार अमरदीप ने कहा कि पेड़ हमें छाया प्रदान करते हैं. वृक्ष की पत्तियों से ऑक्सीजन गैस मिलती है. कई वृक्षों की छाल औषधि बनाने के काम भी आती है. पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पेड़-पौधे जरूरी हैं. इनके जरिए पर्यावरण को स्वच्छ बनाया जा सकता है. प्रधानाध्यापक डॉ. संतोष कुमार ने कहा कि वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए अपने आंगन व आसपास पौधा जरूर लगाएं. पौधरोपण कार्यक्रम में ट्रस्ट के तेज बहादुर, अंजन सिन्हा, झाला बहादुर, सौरभ बसंत, हेमंत मरांडी, रसेल टबोडा, विजय ठाकुर, स्कूल की 12वीं क्लास की छात्राएं अमन कुमारी, शबीना परबीन, सुहाना परबीन, सादिया खातून, ज्योति, सरवर जहान, अल्पना, चांदनी सहित अन्य लोग शामिल थे.

### महेशलिट्टी में स्वास्थ्य उप केन्द्र का हुआ उद्घाटन

**पीरटांड (गिरिडीह)।** पीरटांड़ प्रखंड के सिमरकोड़ी पंचायत के महेशलिट्टी गांव में नव निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का उद्घाटन डॉ शशिकांत कुमार, बीपीएम सरिता कुमारी एवं अन्य लोगों के द्वारा संयुक्त रुप से फीता काटकर शनिवार को किया गया. उद्घाटन के बाद उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया. बीपीएम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा को लेकर सरकार कृत संकल्पित है. ग्रामीण इलाके में स्थित स्वास्थ्य उप केंद्रों में चिकित्सा व्यवस्था बेहतर की जा रही है. वहीं प्रभारी डॉ शशिकांत कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण इलाके के सभी अतिरिक्त एवं उप स्वास्थ्य केंद्र व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर प्रतिदिन खुला रहे, यह सुनिश्चित करें. यह ध्यान रखें कि केंद्रों पर इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीज बिना इलाज व दवा के नहीं लौटें. कहा कि स्वास्थ्य उप केन्द्र खुलने से इस इलाके के लोगों को काफी लाभ मिलेगा. उद्धाटन के दौरान बीपीएम सरिता कुमारी, डॉ शशिकांत कुमार, प्रियंका कुमारी, सनातन मंडल, एएनएम अर बी एस के गुरुप्रसाद केशरी, सुमित कुमार समेत अन्य ग्रामीण व स्वस्थ्यकर्मी मौजूद थे.

### इनर व्हील क्लब ने दिया छात्राओं को सीपीआर प्रशिक्षण

**देवघर।** देवघर में इनर व्हील क्लब ऑफ देवघर द्वारा डीपसर कॉलेज की छात्राओं को सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) की ट्रेनिंग दी गई. क्लब की अध्यक्ष अर्चना भगत के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉक्टर प्रियंका और डॉ राकेश कुमार ने छात्राओं को सीपीआर की तकनीक सिखाई. जिसमें बताया गया कि अगर किसी व्यक्ति का सांस नहीं चल रहा है और पल्स नहीं चल रहा है, तो सीपीआर देकर उसकी जान बचाई जा सकती है. सीपीआर के तहत 100-120 बार चेस्ट दबाकर व्यक्ति को बचाया जा सकता है. कार्यक्रम में डॉक्टरों ने छात्राओं के सभी सवालों का जवाब दिया और सीपीआर की तकनीक का प्रदर्शन किया. अध्यक्ष अर्चना भगत ने सभी की उपस्थिति के लिए आभार प्रकट किया और कहा कि आगे भी इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम में अध्यक्ष अर्चना भगत, सेक्रेटरी कंचन मूर्ति, एडिटर बेबी रोमा, सरिता अग्रवाल, सारिका शाह, श्वेता केसरी, रूपा छरछारिया, रेनू सिंघानिया, रेखा सिंघानिया, संगीता झा, डॉक्टर नमिता मिनी दास उपस्थित थे.

### मुखिया अनिल बने पेसा कानून का मास्टर ट्रेनर

**देवघर।** जिले के मोहनपुर प्रखंड के नयाचितकाठ पंचायत के मुखिया अनिल कुमार साह को राज्य में लागू होने वाले पेसा कानून का मास्टर ट्रेनर बनाया गया है. झारखंड सरकार पंचायती राज विभाग द्वारा इनका नाम चयन कर भारत सरकार के पंचायती राज को भेजा. अनिल को भारत सरकार द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ में ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान रायपुर में दो दिवसीय प्रशिक्षण के लिए जा रहे हैं. अनिल ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त के बाद झारखंड के उन जिलों में जाकर मुखिया व मानकी मुंडा को प्रशिक्षण देंगे. विशेष कर वैसे पंचायत जहां वनोत्पाद पर वहां के लोग आश्रित हैं. लघु वनोत्पाद के माध्यम से आदिवासियों के जीवन स्तर को बेहतर कैसे किया जा सके इसकी प्रशिक्षण वहां के लोगों को दिया जाएगा. अनिल ने बताया कि पेसा कानून झारखंड के कई जिलों में लागू होने वाला है, जिससे ग्राम सभा को सारी शक्तियां दी जायेगी. उन जिलों में ग्राम सभा को सशक्त बनाने का उद्देश्य रहेगा.

### सिविल सर्जन ने किया सदर अस्पताल का निरीक्षण

**साहिबगंज।** जिला के सदर अस्पताल में व्यवस्था सुधारने की कवायद के बीच अभी सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालिया ने शनिवार को सदर अस्पताल का निरीक्षण किया. उन्होंने डीएस से सदर अस्पताल में हो रही परेशानी की जानकारी ली. इसके उपरांत डॉक्टर की ड्यूटी तय के लिए रोस्टर पर मंथन की. डीएस ने उपस्थित चिकित्सकों के साथ ड्यूटी निर्धारण को लेकर उनका पक्ष जाना. बताया जा रहा है कि ड्यूटी रोस्टर में बदलाव किया जा सकता है. हालांकि पिछले एक-दो महीने में अब तक दो बार डॉक्टर्स ड्यूटी रोस्टर में बदलाव किया जा चुका है. सीएस ने बताया कि व्यवस्था सुधारने के प्रयास चल रहे हैं. उपायुक्त के निर्देश पर एमडी और एमबीबीएस डॉक्टर्स की नाइट शिफ्ट तय की जाएगी.

### 18 सीसीएल कर्मियों को दी गई विदाई

**कथारा।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं से 18 सीसीएल कर्मी के सेवानिवृति होने पर शनिवार को सम्मान सह विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन कर विदाई दी गई. कार्यक्रम कथारा स्थित ऑफिसर्स में आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्रबंधक संजय कुमार ने की. कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को स्वागत करते हुए किया गया. उसके उपरांत उपहार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. जिस मौके पर महाप्रबंधक संजय कुमार ने सेवानिवृत्त हुए सीसीएल कर्मियों की उज्वल भविष्य की कामना किया और भविष्य को संवारने और व्यवस्थित तथा व्यस्त रखने सहित समाज में सामाजिक कार्यों को प्रमुखता के साथ करने का कई सुझाव तथा गुरु मंत्र भी दिए. सेवानिवृत्त हुए सीसीएल कर्मियों में बालेश्वर महतो, कृष्णा प्रजापति, सुरेश नायक, सीताराम मांझी, रमेश कुमार शर्मा, दुखु मांझी, दुर्जन सोरेन, सेवालाल टुडू, कृष्णा बाउरी, महेंद्र रजवार, रामेश्वर गोप, सुरेश कुमार शर्मा, रमेश बेलदार, लालधारी तुरी, लीलू कमार, गुजा कमार, कारू मांझी, कौशल यादव शामिल हैं. सम्मान सह विदाई समारोह में कथारा क्षेत्र के सलाहकार समिति के सदस्य मथुरा सिंह यादव, सचिन कुमार, राजू स्वामी, इक़बाल हुसैन, अशोक रविदास, पीके जायसवाल आदि मुख्य रूप से मौजूद थे. सभी ने संबोधित करते हुए सेवानिवृत कर्मियों का उज्ज्वल भविष्य की कामना की. मौके पर एसओपी जयंत कुमार, क्षेत्रीय खान सुरक्षा पदाधिकारी सीबी तिवारी, जेएस पायकरा, जारंगडीह परियोजना पदाधिकारी बिनोद कुमार, गुरुप्रसाद मंडल सहित अन्य सीसीएल अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

# पिंडाजोरा पुलिस ने चोरी कांड में चार को भेजा जेल

### एक साथ चार घरों में चोरी कांड का किया उद्भेदन, सामान बरामद

संवाददाता। बोकारो



गत सप्ताह 23 अगस्त की रात्रि को ग्राम कमलडी सीह में अज्ञात चोरों के द्वारा एक साथ सटे चार घर में घुसकर घर का सामान चोरी का पिंडाजोरा पुलिस ने उद्भेदन कर चार को जेल भेज दिया.

इस घटना के संबंध में कांड की वादी विकास कुमार दास के लिखित आवेदन के आधार पर वादी एवं इनके घर से सटे तीन अन्य घरों में घुसकर घर का सामान अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लेने के आरोप में पिंडाजोरा थाना में मामला दर्ज किया गया था. इस कांड का उद्भेदन करने हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर चास के नेतृत्व में पिंडाजोरा थाना के पुलिस पदाधिकारी के साथ एक छापामारी दल का गठन किया गया. गठित टीम के द्वारा गुप्त सूचना तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कांड का उद्भेदन करते हुए अप्रा० अभि० छोटू कुमार महतो, उम्र - 21 वर्ष पिता स्व० बासुदेव महतो, ग्राम सीवनडीह, आजादनगर, थाना माराफारी, जिला - बोकारो को गिरफ्तार कर अपराध स्वीकारोक्ति बयान लिया गया. जिसमें अप्रा० अभि० छोटू कुमार महतो के द्वारा अपने साथी राहुल मुर्मू उर्फ रसेल, उम्र 20 वर्ष, पिता कालिया मुर्मू, ग्राम रीतुडीह झोपड़ी कॉलोनी, गोचाटोला, थाना - माराफारी, जिला - बोकारो, बिट्टू कुमार उर्फ छोटू, उम्र 21 वर्ष, पिता नारायण मंडल, ग्राम - विद्यापीठ चौक, थाना टाउन थाना, जिला लखीसराय (बिहार), वर्तमान पता जोधाडीह मोड़, चास, थाना-चीरा चास, जिला - बोकारो के साथ मिलकर दिनांक 23 अगस्त 2024 की रात्रि में ग्राम कमलडीह में एक साथ सटे चार घरों में एवं दिनांक 20 अगस्त 2024 की रात्रि ग्राम खेदाडीह के एक घर से पैसा, बर्तन एवं जेवरात की चोरी कर अप्रा० अभि० बामा स्वर्णकार, उम्र 37 वर्ष, पिता स्व० जगरनाथ स्वर्णकार, ग्राम स्वर्णकार मोहल्ला, चास, थाना- चास, जिला बोकारो के पास बिक्री करने की बात स्वीकार किया है. छापामारी टीम के द्वारा अपा०अभि० राहुल मुर्मू उर्फ रसेल, बिट्टू कुमार उर्फ छोटू व बामा स्वर्णकार को गिरफ्तार किया गया है एवं इन सभी के निशानदेही पर चोरी किये गए सामानों को बरामद कर विधिवत जप्त किया गया. दिनांक 20 अगस्त 2024 की रात्रि चोरी की घटना के संबंध में पिंडाजोरा थाना में कांड अंकित किया गया था. उपरोक्त दोनों चोरी की घटना का उद्भेदन पुलिस ने कर दिया.

बरामद सामानों में कमलडीह एवं ग्राम खेदाडीह के घरों से चोरी किये गए बर्तनों में से कुछ बर्तन, कमलडीह एवं ग्राम खेदाडीह के घरों से चोरी किये गए जेवरात में से कुछ जेवरात, कमलडीह एवं ग्राम खेदाडीह के घरों से चोरी किये गए इलेक्ट्रोनिक सामान में से कुछ इलेक्ट्रोनिक सामान व चोरी की घटना को अंजाम देने में प्रयोग किया गया लोहे का आरी, पलाश, वायर कटर एवं सबल शामिल है. गिरफ्तार अभियुक्तों का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है.

### डीसी ने किया आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का निरीक्षण

**गिरिडीह।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार गिरिडीह जिला अंतर्गत आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जा रहा है. पंचायत स्तरीय आयोजित शिविरों में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ उन्हें इन सभी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है. शनिवार को सदर प्रखंड के महेशलुंडी पंचायत में आयोजित शिविर का डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार की इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ सुगम रूप से प्रदान किया जा रहा है. अब उन्हें दर-दर भटकना नहीं पड़ेगा. सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से जिला प्रशासन उनके पंचायत पहुंच उन्हें लाभान्वित कर रही है. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंचायत स्तरीय आयोजित शिविर में पहुंच रहे ग्रामीणों के आवेदन का त्वरित गति से निष्पादन करने का प्रयास किया जाय. साथ ही सरकार द्वारा जितनी भी योजनाएं चलाई जा रही है, उन सभी योजनाओं की जानकारी उन्हें दी जाय, ऐसी व्यवस्था हो.

## ट्रैफिक समस्याओं को लेकर डीएसपी से मिले कुमार अमित

संवाददाता। बोकारो

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित आमलोगों की ट्रैफिक से जुड़ी समस्याओं के समाधान को लेकर बोकारो जिला के ट्रैफ़िक डीएसपी आशीष महली से मिले एवं ज्ञापन दिया.

कुमार अमित ने ट्रैफ़िक डीएसपी से कहा कि चास आइटीआइ मोड़, चास प्रखंड मुख्यालय, जोधाडीह मोड़ आदि क्षेत्रों में जहां गांव के गरीब, मजदूर-किसानों की आवाजाही ज्यादा होती है, वहां बोकारो ट्रैफ़िक पुलिस द्वारा ग्रामीणों को वाहन जांच के आड़ में कदम-कदम पर रोक कर अनावश्यक परेशान किया जा रहा है. जिसके कारण ग्रामीणों में ट्रैफ़िक पुलिस के प्रति रोष व्याप्त है. जिला ट्रैफ़िक पुलिस को इस विषय पर संज्ञान लेकर अविलंब रोक लगाना चाहिए, जिससे जनता को इस समस्या से निजात मिले. ट्रैफ़िक पुलिस का काम केवल चालान काटना हीं नहीं, बल्कि यातायात नियमों को लेकर आम जनता को जागरूक करना भी है. ग्रामीण क्षेत्रों में इसे लेकर विशेष जागरुकता अभियान चलाने की आवश्यकता है, जिससे ग्रामीणों में यातायात नियमों को लेकर जागरुकता आए.

इसके अलावे कुमार अमित ने चास चेक पोस्ट, जोधाडीह मोड़, सिटी सेंटर सेक्टर 4 में वाहन पार्किंग व्यवस्था बनाने, नया मोड़, चेक पोस्ट, जोधाडीह मोड़, आइटीआइ मोड़, महावीर चौक, धर्मशाला मोड़, एडीएम बिल्डिंग, मज़दूर मैदान आदि जैसे बोकारो के भीड़भाड़ वाले इलाकों में ट्रैफ़िक सिग्नल और पूरे शहर में सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं तालगड़िया मोड़ पर ट्रैफ़िक पुलिस का पोस्ट बनाने की मांग बोकारो ट्रैफ़िक पुलिस से की है. ट्रैफ़िक डीएसपी ने इन मांगों पर सकारात्मक पहल करने का भी आश्वासन दिया है.

इस अवसर पर करण गोराईं, लालबाबू, रतन महतो, रोहित सोरेन, श्याम महतो, चन्द्रप्रकाश, दीपक कुमार, विकास यादव आदि भी उपस्थित थे.

## ग्रामीण विकास के सचिव ने किया पुलिया का निरीक्षण, दिए कई निर्देश



संवाददाता। बेंगाबाद (गिरिडीह)।

शनिवार को ग्रामीण विकास सचिव ने बेंगाबाद क्षेत्र के मधवाडीह और चपुवाडीह पंचयात के योजनाओं का निरीक्षण किया.

सचिव के श्रीनिवासन के साथ उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी भी मौजूद थे. मढ़वाडीह में उन्होंने अबुवा आवास का निरीक्षण किया और निर्देश दिया कि स्ट्रक्चर पर पूरा ध्यान दिया जाए, साथ ही गुणवत्ता से समझौता न करें. इसके पश्चात चपुवाडीह पंचयात के चपुवाडीह, से नावाडीह, सबराजपुर होते हुए विराजपुर तक पथ निर्माण कार्य में बन रहे पुलिया का भी निरीक्षण किया. ये कार्य लगभग दो करोड़ की लागत से बनना है. साथ ही साथ बनने वाली पुलिया को देखने के बाद विभाग को कई तरह के निर्देश दिए. इस दौरान उपस्थित विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि ससमय कार्य को गुणवत्ता के साथ समाप्त करें.

वही मौके पर मौजूद प्रखंड विकास पदाधिकारी निशा कुमारी ने प्रखंड क्षेत्र के चार पंचायत भलकुदर, गोलगो, बड़वारा ओर लुप्पी में पुल के निर्माण की बात सचिव के समक्ष रखी. सचिव ने निर्देश दिया कि यथाशीघ्र आवेदन के साथ प्राकलन राशि के साथ उपायुक्त के पास सबमिट करें. उपायुक्त के माध्यम से मेरे पास आएगा, उसपर विशेष ध्यान दिया जाएगा.

मौके पर कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास सुबोध कुमार दास, विशेष प्रमंडल भोला राम, कनीय अभियंता मो फैज सहित विभाग के कई पदाधिकारी मौजूद थे.

### केंद्रीय कृषि मंत्री ने की ऑनलाइन जिला कार्य समिति की बैठक को संबोधित

# झारखंड में सिर्फ भ्रष्टाचार का है बोलबाला : चौहान

संवाददाता। गोड्डा




जिला भाजपा कार्यसमिति की बैठक में शामिल होने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गोड्डा आने का कार्यक्रम अंतिम समय में स्थगित हो गया. जिसके कारण कार्यकर्ताओं में थोड़ी मायूसी दिखी. समय की कमी बताकर देवघर से ही पूजा अर्चना कर लौट जाने की बात बताई गई. बाद में मंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जिला कार्यसमिति की बैठक को संबोधित किया.

केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि वे संगठन के रीढ़ हैं. उनके सहयोग के बिना सफलता नहीं मिल सकती है. आप सबके सम्मलित प्रयास का ही नतीजा है कि गोड्डा लोकसभा सीट पर लगातार कामयाब हुए. झारखंड की वर्तमान सरकार के मंत्री जेल में हैं, मुख्यमंत्री जेल में रहकर लौट आए हैं. सरकार ही अपने हाथों जमीन, बालू, गिट्टी का लूट कर रही है. इस सरकार को कुर्सी पर एक पल भी बने रहने का अधिकार नहीं है. उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि एक बार फिर से तैयार हो जाए और पूरे दमखम दिखाते हुए गोड्डा जिला की तीनों विधानसभा सीट पर भाजपा का परचम लहरा दें. मंत्री ने समय की कमी का हवाला देते हुए कहा कि जल्द ही गोड्डा आऊंगा. जिला कार्यसमिति की बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की तस्वीर पर माला अर्पित कर, बंदे मातरम गीत गाकर किया गया. बैठक में पूर्व विधायक ताला मरांडी, अशोक भगत, वर्तमान विधायक अमित मंडल, पूर्व मंत्री लुईस मरांडी ने भी संबोधित किया. मुख्य फोकस बूथ और शक्ति केंद्र को करते हुए बूथ जीतो, चुनाव जीतो का मूल मंत्र दिया गया. इस मौके पर पोड़ैयाहाट प्रभारी बजरंगी यादव, गोड्डा प्रभारी हरिमोहन मिश्रा, महगामा प्रभारी राजेश झा, अनीता सोरेन, परिणीता झा सहित अन्य कई थे. मंच संचालन कृष्ण मुरारी चौबे ने एवं धन्यवाद ज्ञापन राजेश टेकरीवाल ने किया.

### विस चुनाव प्रभारी ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**देवघर।** केंद्रीय मंत्री और बीजेपी झारखंड के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने आज देवघर में जिला कार्य समिति, पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी और सभी मोर्चाओं के साथ बैठक की. बैठक में स्थानीय विधायक नारायण दास, सारठ विधायक रणधीर सिंह भी मौजूद रहे. शिवराज सिंह चौहान ने बैठक में सभी कार्यकर्ताओं में जोश भरा और चुनावी मैदान में कूद जाने की बात कही. पत्रकारों से बातचीत के दौरान युवराज सिंह चौहान ने कहा कि एक और दो सितंबर को सभी जिलों में बैठक होगी और उसके बाद मंडल अध्यक्षों के साथ फिर 8 और 9 सितंबर को बूथ स्तर पर बैठक का आयोजन कर बूथों की सभी कामों को ठीक ढंग से संरचना और व्यवस्थित किया जाएगा. कार्यकर्ताओं ने उत्साह से लवरेज की बात करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि झारखंड को बचाना है तो भाजपा को जिताना है, यही संकल्प सभी कार्यकर्ता को दिया.

### मजदूरों के समस्याओं की सूची कथारा वाशरी पीओ को सौंपा

# श्रमिकों का वेलफेयर प्राथमिकता : अजय

- जल्द वार्तालाप कर समस्या का होगा निराकरण : पीओ

संवाददाता। कथारा



सीसीएल कथारा क्षेत्र के अंतर्गत कथारा वाशरी के श्रमिकों का समस्याओं की सूची शनिवार को परियोजना पदाधिकारी विजय कुमार को दिया गया. उक्त सूची को क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह व क्षेत्रीय सचिव विल्सन फ्रांसिस के उपस्थिति में शाखा के अध्यक्ष मोहम्मद कयूम, सचिव रंजय कुमार सिंह ने सौंपा.

प्रतिनिधि मंडल में शामिल पदाधिकारी एवं सदस्यों को परियोजना पदाधिकारी ने कहा कि जल्दी समस्या के निराकरण को लेकर वार्ता की तिथि निर्धारित की जाएगी और समस्या का निराकरण प्रबंधन की प्राथमिकता होगी. ट्रेड यूनियन प्रबंधन के एक अंग हैं और उसकी अनदेखी प्रबंध नहीं कर सकता है.

मांग पत्र की सूची में लंबित पड़े मजदूरों का पदोन्नति, लंबे अंतराल से सेफ्टी शू से वंचित मजदूरों के बीच जूता का वितरण करने, कैंटीन तथा शौचालय का उचित रख रखाव, वाशरी परिसर में गंदगी, बुश कटिंग को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने, जर्जर भवन के मरमती किए जाने, आईबीएम कॉलोनी, बाध कॉलोनी, सब स्टेशन कॉलोनी, रेलवे कॉलोनी में जर्जर आवास की मरम्मत, नाली एवं छाई की सफाई, उचित स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था किए जाने आदि मांग पत्र में शामिल है. इस अवसर पर मुख्य रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, क्षेत्रीय सचिव विल्सन फ्रांसिस, वेदव्यास चौबे, अंजनी त्रिपाठी, दयाल यादव, मोहम्मद कयूम, रंजय कुमार सिंह, विजय यादव, रणजीत सिंह, कमलकांत सिंह, सूर्यकांत त्रिपाठी, उदय नाग, पिंटू राय, बीएन तिवारी, अरुण सिंह, भुवनेश्वर रवानी, शैलेंद्र मुर्मू सहित अन्य शामिल थे.

## ब्रीफ खबरें

### कांग्रेस के केंदुआ नगर अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**धनबाद** । धनबाद में कांग्रेस के केंदुआ-करकेंद नगर अध्यक्ष जयप्रकाश चौहान ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह को अपना इस्तीफा सौंपा। जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ने जयप्रकाश की सराहना करते हुए कहा कि वे दो बार नगर अध्यक्ष रहे और संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने जयप्रकाश को जिला कांग्रेस कमिटी में शामिल होने का आग्रह किया। संतोष सिंह ने कहा कि जल्द ही केंदुआ-करकेंद नगर कांग्रेस अध्यक्ष पद पर नई नियुक्ति की जाएगी।

### बबलू ने निरसा सीट पर चुनाव लड़ने की दावेदारी पेश की

**निरसा** । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह धनबाद जिला सचिव बबलू दास ने आगामी विधानसभा चुनाव में निरसा सीट पर चुनाव लड़ने की दावेदारी पेश की है. उन्होंने कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह से मुलाकात कर इस संबंध में पत्र सौंपा. उनके द्वारा दावेदारी पेश करने पर झारखंड बंगला उन्नयन समिति के सदस्यों समेत उनके समर्थकों में खुशी व्याप्त है. समिति के सदस्यों का कहना है कि बबलू दास समाज सेवी हैं. उन्होंने बड़े पैमाने पर जनहित के कार्यों को अंजाम दिया है, जिसकी फेहरिस्त लंबी है. गरीबों की सेवा और आम लोगों की समस्याओं का समाधान कराने में वे तत्पर रहते हैं.

### कतरास में मासस कार्यकर्ताओं की बैठक


**कतरास** ।एकता रैली को सफल बनाने के लिए अभियान चलेगा कतरास में मासस कार्यालय निचितपुर में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। कॉमरेड दवनंदन महतो की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मासस के केंद्रीय महासचिव हलधर महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।बैठक में 9 सितंबर को धनबाद में होने वाली मासस भाकपा-माले एकता रैली को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई। इसके लिए विभिन्न गांव और कॉलोनी में अभियान चलाकर हजारों लोगों को रैली में शामिल करने का निर्णय लिया गया। रैली कतरास के राहुल चौक से शुरू होगी।

### 26वां भादो अमावस्या महोत्सव की भव्य शुरुआत



कतरास में 26वां भादों अमावस्या महोत्सव की भव्य शुरुआत हुई। श्री श्री राणी सती दादी जी मंदिर समिति कतरास द्वारा आयोजित इस चार दिवसीय महोत्सव में शनिवार को भव्य शौभायात्रा निकाली गई। भगतसिंह चौक से शुरू हुई यह यात्रा आकर्षक झांकियों के साथ कतरास बाजार, कलालीफाटक, गुहीबांध, सब्जी पट्टी होते हुए दादी मंदिर पहुंची। इस दौरान कांग्रेस नेता रोहित यादव, भाजपा नेता शत्रुघ्न महतो सहित अन्य राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। झांसी में गंगा आरती मां भारती की झांकी, बैंड पार्टी, कलाकारों के द्वारा विभिन्न देवी-देवताओं के रूपांतरण ने लोगों को आकर्षित किया।

### ऑटो का ब्रेक फेल होने से महिला कूदी, मौत



**निरसा** । निरसा बाजार में एक दर्दनाक हादसा हुआ। एक्सिस बैंक चिरकुंडा शाखा से लोन लेकर घर लौट रही मध्यराइडीह गांव की मंगला राय (35) की ऑटो से कूदने के दौरान मौत हो गई। बिड़ला ढाल के पास ऑटो JH 10 AL 3876 का ब्रेक फेल हो गया। मंगला राय समेत अन्य महिलाएं ऑटो से कूदीं, जिसमें मंगला राय के माथे पर गंभीर चोट आई और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। दो अन्य महिलाओं को हल्की-फुल्की चोटें आईं और उन्हें धनबाद के लिए रेफर कर दिया गया। मृतक के पति ने बताया कि मंगला राय के दो बच्चे हैं, जिनमें एक बेटा और एक बेटी है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### डीवीसी ने बकाया भुगतान न होने पर शहरी जलापूर्ति योजना की बिजली काटी

# 50 हजार लोगों को नहीं मिला पानी, ग्रामीण परेशान

**खास बातें**

- 17 लाख रुपये बकाया होने के कारण कनेक्शन काटा

संवाददाता। चिरकुंडा



चिरकुंडा में पेयजल संकट गहरा गया है। डीवीसी ने चिरकुंडा नगर परिषद पर 7 माह का बकाया 17 लाख रुपये होने के कारण शहरी जलापूर्ति योजना का कनेक्शन काट दिया गया। इससे क्षेत्र के 50 हजार लोग पानी नहीं मिलने से परेशान हैं। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विजय कुमार हांसदा ने डीवीसी को पत्र लिखकर 6 सितंबर तक बकाया पैसा जमा करने की बात कही और जनहित में जलापूर्ति बहाल करने का अनुरोध किया। डीवीसी के अधिकारी ने कहा कि नगर परिषद के पत्र के बाद शहरी जलापूर्ति योजना का विद्युत संयोग जोड़ दिया गया है। नगर परिषद के पदाधिकारी ने कहा कि रविवार से नागरिकों को पेयजलापूर्ति सुचारू रूप से मिलना शुरू हो जाएगा। इस मामले में कार्यपालक पदाधिकारी विजय कुमार हांसदा ने कहा कि डीवीसी को पत्र लिखे जाने के बाद डीवीसी द्वारा अंततः शहरी जलापूर्ति योजना के काटे गए विद्धुत संयोग को जोड़ दिया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि वे कुछ दिन पूर्व ही यहां पर योगदान दिए हैं किसी भी विभाग के अधिकारी को किसी योजना को समझने में और उसके भुगतान के लिए एक प्रक्रिया के तहत कार्य होता है और अचानक लेटर देखे और जनहित की योजनाओं को बाधित नहीं किया जाना चाहिए था जो डीवीसी के द्वारा अचानक शहरी जलापूर्ति योजना का विद्युत संयोग को काट दिया गया जो जनता के हित में न्यायसंगत नही है। नगर परिषद के पदाधिकारी ने कहा कि रविवार की सुबह से क्षेत्र के नागरिकों को पेयजलापूर्ति सुचारू रूप से मिलना प्रारंभ हो जाएगा।

### निरसा बाजार में जिला परिषद द्वारा निर्मित दुकानों का निरीक्षण

**निरसा** । प्रखंड प्रमुख आशा कुमारी दास और जिला परिषद सदस्य संजय सिंह, दीपाली रोहिदास और पिंकी मरांडी ने जिला परिषद द्वारा निर्मित दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मार्केट परिसर की स्थिति का जायजा लिया और विकास कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण टीम ने बताया कि लगभग करोड़ की लागत से मार्केट परिसर में पेपर ब्लॉक और नाली का निर्माण होगा। यह कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा और तेजी से पूरा किया जाएगा, ताकि दुकानदारों को कोई परेशानी न हो। मौके पर सूरज रविदास, विश्वनाथ रोहिदास, जोगिंदर यादव, बबलू दास, सीपू कुमार द्वारिक मोदी, अशोक साव, कार्तिक कुमार, दिनेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। उन्होंने निर्माण कार्य के लिए आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस निरीक्षण से दुकानदारों और स्थानीय निवासियों में उत्साह है, क्योंकि यह विकास कार्य उनकी सुविधा और मार्केट की सुंदरता में इजाफा करेगा।

# चांदमारी कोलियरी में अपराधियों का तांडव, लोगों ने किया विरोध

**खास बातें**

- पुलिस अधीक्षक ने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया

संवाददाता। धनबाद

**अपराधी लगातार कोलियरी में घुसकर लूट रहे केबल, मोटर पार्ट्स और लौह सामग्री**



- चांदमारी कोलियरी में अपराधियों ने मोटर में आग लगाई, लाखों का नुकसान
- अपराधी तांबा और पीतल निकालने के लिए खदान में घुसे

धनसारः चांदमारी कोलियरी में अपराधियों ने जमकर तांडव मचाया। शुक्रवार की रात अपराधियों ने खदान के अंदर मोटर में आग लगाई और तांबा पितल निकालने का प्रयास किया, जिससे लाखों का मोटर क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना से नाराज लोगों ने संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में चांदमारी कोलियरी में हंगामा किया। कर्मियों ने प्रबंधन और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। आक्रोशित लोगों ने पुलिस पर अपराधियों के साथ सांठगांठ करने का आरोप लगाया। बस्ताकोला प्रबंधन ने धनसार थाना में शिकायत की है। अपराधी लगातार चांदमारी कोलियरी के अंदर घूसकर केबल, मोटर पार्ट्स और लौह सामग्री लूट रहे हैं। कर्मियों का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से वे और भी सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने प्रबंधन से सुरक्षा की मांग की है। मामले की जांच के लिए पुलिस ने टीम गठित की है। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### निरसा में पोषण सखियों की बैठक

**निरसा बाजारः** निरसा प्रखंड सभागार में पोषण सखियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में निरसा बाल विकास पदाधिकारी, प्रखंड प्रमुख और जिला परिषद के तीन सदस्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री पार्वती सोरेन ने की, जबकि श्रीकांत मुर्मू ने संचालन किया और प्रदेश अध्यक्ष अंजनी कुमारी ने स्वागत और समापन किया। इस अवसर पर पोषण सखियों ने झारखंड सरकार का आभार व्यक्त किया और प्रदेश महासचिव को धन्यवाद दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री से जल्द से जल्द जॉइनिंग लेटर जारी करने और मानदेय में वृद्धि की मांग की। सैकड़ों पोषण सखियों ने अफवाह फैलाने वालों को सख्त निर्देश दिया और संगठन के फैसलों में साथ देने का संकल्प लिया। इस बैठक में पोषण सखियों ने अपनी एकता और संगठन की मजबूती का प्रदर्शन किया। बैठक के दौरान, पोषण सखियों ने अपने कार्यों में सुधार और समुदाय की सेवा में अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने सरकार की योजनाओं को सफल बनाने में अपनी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

### एसएनएमएमसीएच में फ्रंटलाइन ने 71 यूनिट किया रक्तदान



संवाददाता। धनबाद

**धनबाद** । शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) में शनिवार को फ्रंटलाइन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन अस्पताल के प्राचार्य अधीक्षक डॉ ज्योति रंजन प्रसाद, डॉ. एसके सुमन, डॉ. रवि भूषण, ब्लड बैंक के एचओडी डी.के. पांडेय ने किया. इस शिविर में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने रक्तदान किया और 71 यूनिट से रक्त संग्रह किया गया. इस शिविर में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया. रक्तदान शिविर के आयोजन में फ्रंटलाइन की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. इस शिविर के माध्यम से अस्पताल के रक्त बैंक में रक्त की कमी को पूरा किया जा सकेगा. इस शिविर के आयोजन से अस्पताल में रक्त की उपलब्धता बढ़ेगी और मरीजों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी. इस दौरान सुजीत शर्मा, जग्गू महतो, हरेंद्र सिंह, संजय महतो, चंद्रशेखर सिंह, दिनेश रवानी, मुकेश दास, संतोष, परमेश्वर, रविंद्र सहित अन्य लोग मौजूद थे.

## आसनसोल

# पश्चिम बंगाल में इथनॉल फैक्ट्री का उद्घाटन, 5000 को मिलेगा रोजगार

### फैक्ट्री बांकुड़ा के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी : शत्रुघ्न सिन्हा



संवाददाता। बांकुड़ा

पश्चिम बंगाल में इथेनॉल फैक्ट्री का उद्घाटन हुआ, जो बांकुड़ा के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और 5000 लोगों को रोजगार प्रदान करेगी। यह फैक्ट्री रानीगंज के कालिदासपुर में स्थित है और अंकुर डिशलरी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्थापित की गई है। फैक्ट्री की क्षमता प्रतिदिन 5 लाख लीटर एथेनॉल का उत्पादन करने की है, जिससे पश्चिम बंगाल में इथेनॉल की खपत को पूरा करने में मदद मिलेगी। उद्घाटन समारोह में आसनसोल के सांसद शत्रुघ्न सिन्हा, बांकुड़ा के टीएमसी विधायक अरुप चक्रवर्ती और उद्योगपति महेंद्र शर्मा उपस्थित रहे। शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि यह फैक्ट्री बांकुड़ा के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और 5000 लोगों को रोजगार देगी। अरुप चक्रवर्ती ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में बंगाल का विकास हो रहा है और यह फैक्ट्री इसका प्रमाण है। यह परियोजना स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करेगी और क्षेत्र की आर्थिक विकास में योगदान करेगी।

### समाज सेविका शुभदर्शनी पारी का सम्मान समारोह

**रानीगंजः** मिशन उड़ान वेलफेयर सोसाइटी ने समाज सेविका शुभदर्शनी पारी का सम्मान किया। उन्होंने बांसड़ा स्क्वायर में अत्याधुनिक अस्पताल बनाया है, जिसमें विभिन्न विभागों के जाने-माने चिकित्सक लोगों का इलाज करेंगे।सोसाइटी प्रमुख कंकणा सिन्हा ने कहा, ₹शुभदर्शनी पारी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। मिसेज इंडिया अवार्ड विजेता डॉ स्वाति कालोटिया ने कहा, ₹रानीगंज में एम्स जैसे अस्पताल की जरूरत थी, जो शुभदर्शनी देवी ने पूरी की।₹अस्पताल की एचओडी मीनाक्षी दास ने कहा, ₹हम बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के लिए प्रयासरत रहेंगे।₹इस अवसर पर मेडिकल कैंप आयोजित किया गया, जिसमें 65 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। डाइटिशियन पल्लवी राय ने स्वास्थ्य जानकारी दी। अस्पताल की मैनेजिंग डायरेक्टर शुभदर्शनी पारी ने कहा, लोगों का विश्वास पर खरा उतरना है।

### पश्चिम बंग हिंदी भाषी समाज का प्रदर्शन

**रानीगंज** । पश्चिम बंग हिंदी भाषी समाज, रानीगंज आंचलिक कमेटी ने आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई नृशंस घटना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन एलआईसी ऑफिस के सामने आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री जितेंद्र उपाध्याय ने की। श्री संजय सुमति, श्री राजकुमार रजक, श्रीमती सारो साव, श्री ओमप्रकाश दुबे, श्री उपेंद्र पांडे, श्री सुनील खंडेलवाल, श्री देवदास बनर्जी, श्री हेमंत प्रभाकर और श्री बिरजू यादव ने अपने विचार साझा किए। प्रदर्शनकारियों ने अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़कर कड़ी सजा देने की मांग की। कार्यक्रम के अंत में, पीड़िता को श्रद्धांजलि देने के लिए एक मिनट का मौन रखा गया और मोमबत्ती जलाई गई। यह घटना के विरोध में और समाज में बढ़ते अपराध के खिलाफ आवाज उठाने के लिए किया गया था। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से अपराध नियंत्रण के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की।

# चिकित्सक की हत्या के विरोध में कुल्टी में तृणमूल कांग्रेस का जुलूस



संवाददाता। बराकर

बराकरः कोलकात्ता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में महिला चिकित्सक की जघन्य हत्या के विरोध में कुल्टी ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस ने विरोध जुलुश निकाला। लच्छीपुर गेट से नियामतपुर न्यू रोड तक निकाले गए जुलुश में तृणमूल कार्यकर्ताओं ने तख्तियां लगाकर विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों को फांसी पर लटकाने की मांग की। जुलुश में तृणमूल के जिला चेयरमैन उज्ज्वल चटर्जी, कुल्टी ब्लॉक अध्यक्ष कंचन राय, एमएमआईसी इंद्राणी मिश्रा सहित कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। कंचन राय ने कहा, ₹मुख्यमंत्री ने घटना को संज्ञान में लेते हुए करवाई का आदेश दिया, लेकिन अभी तक कोई नई गिरफ्तारी नहीं हुई।₹ उन्होंने आरोप लगाया कि माकपा और भाजपा राज्य में अराजकता फैला रहे हैं और हिंसक राजनीति कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस ने मांग की कि केंद्र सरकार ऐसे दोषियों के लिए कड़ी सजा का कानून बनाए।

# अवैध तोते बेचने वाले को पकड़ा वन विभाग को सौंपे 9 तोते



संवाददाता। बराकर

बराकर। क़ानून को ताख पर रखकर पैसों के लिये कुछ तस्कर अवैध रूप से पशु पक्षियों की तस्करी करने से बाज नही आ रहे हैं और पुलिस ही नही बल्कि वन विभाग कर्मियों के आँखों मे धूल झोंककर धड़ल्ले से प्रतिबंधित पशु पक्षियों को बाजारों मे गलियों और चौक -चौराहों पर बेच रहे हैं, ऐसा ही एक मामला आसनसोल हीरापुर थाना अंतर्गत आपार रोड से सामने आया है, जहाँ शनि सिंह, जीवन दास, अभिषेक सिंह नामक तीन पशु प्रेमीयों ने अवैध रूप मे बेच रहे 9 तोता के साथ एक युवक को पकड़ा, शनि सिंह युवक से पूछताछ कर ही रहा था की उसको ये सारे तोते कहाँ से मिले तभी युवक ने शनि सिंह को धक्का देकर तोतों से भरा पिंजरा छोड़ भाग निकला, जिसके बाद शनि सिंह ने पूरी घटना की जानकारी एक और पशु प्रेमी लिपिका चक्रवर्ती को दी जिसके बाद पशु प्रेमी लिपिका चक्रवर्ती ने शनि सिंह को तोतों से भरी पिंजरे को पहले हिरापुर थाना ले जाने की सलाह दी और पूरी घटना की जानकारी पुलिस अधिकारीयों को पहले देने की बात कही और शनि सिंह को यह कहा की वह वन विभाग के अधिकारीयों को घटना की जानकारी दे रही है, उससे पहले थाने की परिकिर्या शेष कर तोतों से भरे पिंजरे को वन विभाग के कर्मियों को विधिवत शौंप दी जायेगी, जिसके बाद पशु प्रेमी लिपिका चक्रवर्ती के कहने पर पशु प्रेमी शनि सिंह ने ठीक वैसा ही किया, घटना की जानकारी हीरापुर थाने को देकर वह पशु प्रेमी लिपिका चक्रवर्ती के पास बुर्णपुर काला झरिया रोड चला गया, जहाँ वन विभाग के अधिकारीयों को बुलाकर लिपिका चक्रवर्ती ने पिंजरे मे कैद 9 प्रतिबंधित तोतों को शौंप दिया

# कोलकाता में आरजी कर की घटना के विरोध में पुरुलिया के काशीपुर में विरोध प्रदर्शन





संवाददाता। पुरुलिया

कोलकाता के आरजी कर मामले में अभया बलात्कारियों को फांसी देने और जल्द से जल्द सीबीआई जांच पूरी करने की मांग को लेकर धरने में राज्य के विभिन्न हिस्सों के अलावा काशीपुर ब्लॉक भी शामिल हो गया है। पुरुलिया जिले के काशीपुर ब्लॉक क्षेत्र में शनिवार को तृणमूल कांग्रेस भी धरना प्रदर्शन में शामिल हो गई है। शनिवार को काशीपुर बाजार चौराहे पर धरना-प्रदर्शन में शामिल होकर तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने मांग की कि कोलकाता के अर्जिकर मामले में अभया के बलात्कारियों को फांसी देने के साथ ही जल्द से जल्द सीबीआई जांच पूरी की जाये। इस अवसर पर पुरुलिया जिला तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष सौमेन बेलथरिया और राज्य तृणमूल कांग्रेस के सचिव और काशीपुर विधानसभा के पूर्व विधायक स्वपन बेलथरिया सहित काशीपुर ब्लॉक के सभी क्षेत्रों से आये तृणमूल कांग्रेस के अन्य नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। पुरुलिया जिला तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष सौमेन बेलघरिया ने कहा, "हम सभी कोलकाता के आरजी कर अस्पताल के मामले में दोषियों के लिए अनुकरणीय सजा चाहते हैं। दूसरी ओर, जिस तरह से अन्य राजनीतिक दल इस घटना को लेकर बंगाल को अशांत करने की कोशिश कर रहे हैं, उसकी मैं निंदा करता हूं।

## डीएवी राज्य स्तरीय एथलेटिक्स, हॉकी और तैराकी प्रतियोगिता का हुआ समापन

# खेल में निरंतर अभ्यास से प्रतियोगिता में मिलती है सफलता :एमके सिन्हा

संवाददाता ।रांची

डीएवी कपिल देव पब्लिक स्कूल कडरू द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय एथलेटिक्स हॉकी, कुश्ती और तैराकी प्रतियोगिता का आज विधिवत समापन हो गया. इस प्रतियोगिता में प्रथम और दूसरा स्थान पाने वाले खिलाड़ी अब राष्ट्रीय स्तर के नेशनल स्पोर्ट्स खेल सकेंगे. राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण और रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को डीएवी नेशनल खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलता है. क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता में झारखंड के सभी डीएवी स्कूलों ने भाग लिया था.

समापन समारोह में आयोजक विद्यालय झारखंड जोन बी के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी व डीएवी कपिल देव के प्राचार्य एम के सिन्हा के अलावा डीएवी हेहल के प्राचार्य सह जोन जे के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी



ट्राफी के साथ विजेता टीम के सदस्य.

एस के मिश्रा, झारखंड साइकोग्राफिक सोसायटी के विकास कुमार , डीएवी पुनदाग के प्राचार्य एस के मिश्रा , डीएवी तेनुघाट की प्रिंसिपल स्तुति सिन्हा , डीएवी आनंद स्वामी की प्राचार्या रौशी वाधवानी , डीएवी बचरा की प्राचार्या रिशू चौधरी तथा डीएवी नीरजा सहाय की प्राचार्या किरण यादव ने संयुक्त रूप से विजेताओं को मेडल और ट्रॉफी प्रदान किये. इस अवसर पर डीएवी झारखंड जोन के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी एम के सिन्हा ने विजेताओं को बधाई दी और निरंतर मेहनत करने की सलाह दी . उन्होंने कहा कि अब ये झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे.उनका प्रयास होगा कि इन खिलाड़ियों को 8 दिनों का विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए. मौके पर विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ी और शिक्षक मौजूद थे.

### परिणाम इस प्रकार रहे

**लंबी कूद अंडर 14 बालक**
1.डीएवी एनटीपीसी
2.डीएवी कोडरमा
लंबी कूद अंडर 17
**बालक**
1.डीएवी सतार
2.डीएवी गुमला
लंबी कूद अंडर 19 बालक
1.डीएवी कोडरमा
2.डीएवी सेंट्रल कालोनी
**गोला फेंक अंडर 19 बालिका**
1.डीएवी रजरप्पा
2.डीएवी बिष्टुपुर
200मीटर दौड़ अंडर 14 बालक
1.डीएवी चिरिया
2.डीएवी पाकुड़
**200 मीटर दौड़ अंडर 17 बालक**
1.डीएवी चिरिया
2.डीएवी गुमला
**200 मीटर दौड़ अंडर 19 बालक**
1.डीएवी बिष्टुपुर
2.डीएवी भंडारीदह
**200 मीटर अंडर 19 बालिका**
1.डीएवी गांधीनगर रांची
2.डीएवी कोयला नगर
**लंबी कूद अंडर 19 बालिका**
1.डीएवी कथारा
2.डीएवी गुमला
**ऊंची कूद अंडर 17 बालक**
1.डीएवी सीसीएल गिरिडीह
2.डीएवी सिंदरी
**ऊंची कूद अंडर 17 बालक**
200 मीटर दौड़ अंडर 17 बालिका
1.डीएवी स्वांग
2.डीएवी हेहल
**200मीटर दौड़ अंडर 19 बालक**
1.डीएवी बिष्टुपुर
2.डीएवी भंडारीदह
**गोला फेंक अंडर 19 बालिका**
1.डीएवी रजरप्पा
2.डीएवी बिष्टुपुर
**4 गुना 100 मीटर दौड़ अंडर 17**
**बालिका**
1.डीएवी हेहल
2.डीएवी जामाडोबा
**4 गुना 100 मीटर दौड़ अंडर 17**
**बालक**
1.डीएवी गुमला
2.डीएवी हजारीबाग
**4 गुना 100 मीटर दौड़ अंडर 19**
**बालक**
1.डीएवी गोड्डा
2.डीएवी झींकपानी
**4 गुना 100 मीटर दौड़ अंडर 19**
**बालिका**
1.डीएवी गुमला
2.डीएवी बोकारो सेक्टर 4
**4 गुना 100 मीटर दौड़ अंडर 14**
**बालक**
**4 गुना 100 मीटर दौड़ अंडर 14**
**बालिका**
**तैराकी**
**50 मीटर फ्री स्टाइल अंडर 14 बालक**
1.डीएवी बिष्टुपुर
2.डीएवी तेनुघाट
**फ्री स्टाइल अंडर 17 बालक**
1.डीएवी जामाडोबा
2.डीएवी तेनुघाट
**अंडर 17 बालिका**
**फ्री स्टाइल अंडर 19 बालक**
1.डीएवी कोयला नगर
2.डीएवी हजारीबाग
**100मीटर फ्री स्टाइल तैराकी**
**अंडर 14 बालक**
1.डीएवी बारियातू
2.डीएवी तेनुघाट
**अंडर 14 बालिका**
अंडर 17 बालक
1.डीएवी तेनुघाट
2.डीएवी जामाडोबा
**अंडर 19 बालक**
1.डीएवी हजारीबाग
2.डीएवी बिष्टुपुर
**50 मीटर ब्रेक स्ट्रोक बालक**
1.डीएवी एन आई टी
2.डीएवी तेनुघाट
**अंडर 17 बालक**
1.डीएवी तेनुघाट
2.डीएवी जामाडोबा



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** सुख के सामान एकत्र होंगे. बेकार की बहस से बचें. आपके कर्म से माता के सुख में वृद्धि होगी. कार्यस्थल पर जो लोग आपको पसंद नहीं करते थे, वे आपके कार्यों की तारीफ करेंगे. गाय का शुद्ध घी का दीपक पूजा स्थान में जलावें.

**वृष** सामाजिक उत्थान होगा. आपके सही कार्य और प्रभाव से पराक्रम बढ़ेगा. आपके अपनों को आपकी जरूरत है. मौज मस्ती पर खर्च होगा. पिता के व्यवहार में परिवर्तन से चिंतित रहेंगे. अन्न और मिठाई का दान शिव मंदिर में करें.

**मिथुन** नेत्र रोग बढ़ेगा और क्रोध पर विजय पाना होगा. समय बहुत ही अनुकूल है, जिससे धन और प्रतिष्ठा बढ़ेगी. मानसिकता को बदलने की बेहद जरूरत है. उन्नति में बाधा आयेगी. कोई खुशखबरी सुन सकते हैं. यात्रा सुखद रहेगी.

**कर्क** समय अनुकूल है. किसी की सिफारिश से कार्य हो सकता है. संचित धन का निवेश लाभप्रद रहेगा. किसी के बहकावे में आने से रिश्ते कमजोर होंगे. संतान सुख की प्राप्ति संभव. शिवलिंग पर पंचामृत से अभिषेक करें.

**सिंह** किन्हीं अपनों पर खर्च में वृद्धि होगी. साथ ही किसी विषय को समझने की जिज्ञासा रहेगी. अपने अधीनस्थों के किये कार्यों की सराहना करें, लाभ होगा. बाहर से शुभ समाचार मिलेगा. दूर्वा गणेश जी पर अर्पण करें.

**कन्या** पारिवारिक यात्रा का योग बन रहा है. आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा. कुछ नया सीखने को मिलेगा. जिंदगी से जुडी निजी बातें आज सामने आ सकती हैं. नौकरी में उत्साह की कमी रहेगी. जल का दान करें.

**तुला** पिता के कार्य में संलग्न होना चाहिए. सरकारी कार्य में गति आने से मन खुश होगा. प्रतियोगिता में सफल होंगे. जीवनसाथी के साथ मतभेद संभव है. अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें. मनचाहा जवाब न मिलने से निराश रहेंगे.

**वृश्चिक** ससुराल से कोई शुभ समाचार मिलेगा. धर्म में मन लगेगा. आपके पूर्व कर्म के प्रभाव से भाग्य साथ है. स्वयं अपने आप पर से नियंत्रण खो देंगे. मित्रों से मतभेद हो सकते हैं. कार्य स्थल पर धन लाभ के योग है. इष्ट बल मजबूत करें.

**धनु** किसी महिला मित्र से विवाद हो सकता है. अपने प्रोफेशन से आप नाखुश हैं, समय के साथ स्थिति आपके अनुकूल बनेगी. जीवनसाथी का व्यवहार मनोबल बढ़ाएगा. कर्ज लेने की स्थिति निर्मित हो सकती है. चीनी का दान करें.

**मकर** आय के लिए दिन उत्तम है. समय उत्तम है. लोगों की मदद करें. मांगलिक कार्यक्रमों की रूप रेखा बनेगी. राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे. पैसों का लेन देन संभव. खान पान पर ध्यान दें. मौसम के प्रभाव से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है.

**कुंभ** समय बहुत अच्छा नहीं है. गलत दोस्तों से बचना चाहिए. विद्यार्थी परिणामों को लेकर चिंतित रहेंगे. मेहमानों का आगमन हो सकता है. जमीन जायदाद के मसले निपटेंगे. धन कमाने की चाह में कोई गलत फैसले न लें. अन्न दान करें.

**मीन** गलत दोस्त से बचना चाहिए. शिक्षण संस्थानों में जो हैं, उनके लिए दिन अच्छा है. पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे. मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा. यात्रा के दौरान कष्ट हो सकता है. संयम से कार्य करें. किसी विष्णु मंदिर में झाड़ू दान करें.

## चांडिल में जल संसाधन मंत्री का लोगों ने किया अभिनंदन

# आदिवासियों की जमीन गैर आदिवासियों को नहीं बेची जा सकती : रामदास सोरेन

संवाददाता । चांडिल

सीएनटी एक्ट उल्लंघन के मामले मामले संज्ञान में आते हैं तो उस पर निश्चित तौर पर कार्रवाई करेंगे. आदिवासियों की जमीन गैर आदिवासियों को नहीं बेची जा सकती है. यह बातें जल संसाधन मंत्री रामदास सोरेन ने शनिवार को चांडिल में स्वागत समारोह में कहीं. रांची से घाटशिला जाने के क्रम में जल संसाधन मंत्री रामदास सोरेन का चांडिल में जगह-जगह स्वागत और अभिनंदन किया गया. रांची से चौका पहुंचने पर चौका थाना के सामने फूलो-झानो चौक में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी सुखराम हेम्ब्रम के नेतृत्व में मंत्री रामदास सोरेन को बुके देकर स्वागत किया गया. रामदास सोरेन को जल संसाधन मंत्री बनाए जाने पर सुखराम हेम्ब्रम ने उन्हें बधाई दी. मौके पर पातकोम दिशोम माझी पारगाना महाल के महासचिव श्यामल मार्डी, जिला परिषद सदस्य सविता मार्डी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे. वहीं चांडिल गोलचक्कर में भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मामा गुरुचरण किस्कू के नेतृत्व में मंत्री रामदास सोरेन का स्वागत व अभिनंदन किया गया.



समर्थकों के साथ मंत्री रामदास सोरेन.

**सोमवार को करेंगे समीक्षा बैठक**

जल संसाधन मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि सरकार में काम करने के लिए बहुत कम समय मिला है. प्रयास रहेगा कम समय में ही प्राथमिकता के आधार पर कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर दिखे. उन्हें चांडिल डैम के विस्थापितों की समस्याएं पता है. बहुत विस्थापितों को ना मुआवजा मिला है ना पुनर्वास की सुविधा. ऐसी ही कई समस्या और उनके समाधान को लेकर किये जा रहे कार्यों की जानकारी लेने और सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए सोमवार को जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक होगी. इसमें विभाग के कार्यों की जानकारी लेंगे और विस्थापितों के हित में काम को आगे बढ़ाएंगे.



**दो रजत समेत जीते चार पदक**

# कराटे प्रतियोगिता में लातेहार के चार खिलाड़ियों ने लहराया परचम

संवाददाता ।लातेहार

पड़ोसी देश नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित साउथ एशियन ओपन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में लातेहार के कराटे खिलाड़ियों जिले का नाम रौशन किया है. उन्होने विभिन्न स्पर्धा में कुल चार पदक जीतकर जिले ही नहीं वरन राज्य और देश का भी मान बढ़ाया है. यह प्रतियोगिता काठमांडू के दशरथ स्टेडियम में 28 से 29 अगस्त को आयोजित किया गया था. पुरुष वर्ग में भाग ले रहे हैं लातेहार जिले के मनिका प्रखंड के अक्षय कुमार सिंह ने अपने कुमेते स्पर्धा मे कांस्य पदक जीतकर देश का झंडा ऊपर किया. चार खिलाड़ियों ने इसमें हिस्सा लिया. मनिका प्रखंड के शौर्या राज रजत पदक, चंदवा के अभिषेक एक्का कांस्य पदक, चंदवा के जीतू उरांव रजत पदक अपने कुमेते स्पर्धा मे पदक हासिल किये. टीम के साथ इंडियन गोजुरियो स्पोर्टस कराटे ड़ो एसोसियन के टीम मैनेजर शिहान नवीन रोजाडे (जयपुर) टीम कोच शिहान धर्मेंद्र कुमार (झारखंड) ऑफिसियल शिहान संजीब बासुभातरे (आसाम) थे. शिहान धर्मेंद्र कुमार ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी.

# उत्पाद सिपाही भर्ती दौड़ का समय बदला बेहोश होने के आंकड़ों में आई कमी

संवाददाता ।पलामू

पलामू जिले में उत्पाद सिपाही की भर्ती को लेकर हो रही दौड़ प्रतियोगिता का समय बदलते ही अभ्यर्थियों के बेहोश होने के आंकड़ों में काफी कमी आई है. बहाली के पांचवें दिन दौड़ प्रतियोगिता का समय सुबह 4 बजे से करने पर मात्र चार अभ्यर्थी ही बेहोश हुए. इनमें से एक की गंभीर स्थिति देखकर रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है. समय बदलते ही आंकड़ों में कमी आने से स्पष्ट हो चला है कि अभ्यर्थी तेज गर्मी के कारण बेहोश हो जा रहे थे. अभ्यर्थियों के कम बीमार पड़ने पर भर्ती प्रक्रिया में शामिल टीम के सदस्यों ने राहत की सांस ली है. वहीं एमआरएमसीएच प्रबंधन भी सुकून महसूस कर रहा है. बता दें कि गत 27 अगस्त से दौड़ प्रतियोगिता शुरू हुई है. 27 से 30 अगस्त के बीच चार अभ्यर्थियों की मौत हुई है, जबकि 80 से अधिक बेहोश हुए हैं. इनमें कई ठीक हो गए हैं और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है. लगातार बेहोश होने के मामले सामने आने पर उत्पाद सिपाही बहाली के लिए दौड़ की प्रक्रिया सुबह चार बजे से चियांकि हवाई अड्डे पर शुरू की गयी. सुबह नौ बजे तक खत्म कर दी गई. पहले यह प्रक्रिया सुबह के आठ के करीब शुरू होती थी और दोपहर बाद तक चलती थी. प्रतिदिन 6000 हजार अभ्यर्थियों को दौड़ाया जा रहा है. शनिवार को बेहोश हुए सभी चार अभ्यर्थियों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भर्ती करवाया गया था. एमआरएमसीएच के प्रभारी अधीक्षक डॉक्टर आर के रंजन ने बताया कि शनिवार को चार अभ्यर्थी इलाज के लिए पहुंचे थे. एक अभ्यर्थी को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है. हॉस्पिटल में सुबह से ही अतिरिक्त स्वास्थ्यकर्मियों की तैनाती की गई थी.

# फुदी पंचायत के लोगों से मिले युवा कांग्रेस के अध्यक्ष

**खूंटी** । खूंटी जिला युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अरुण संगा के नेतृत्व में चलो वार्ड, चलो पंचायत कार्यक्रम के तहत शनिवार को खूंटी प्रखंड के फुदी ग्राम में ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली. बैठक में ग्रामीणों ने गांव में पीसीसी रोड न बनने, बिजली पोल तथा बिजली तार एवं सरकारी स्कूल की जर्जर स्थिति से निजात दिलाने और विद्यार्थियों के लिए स्कूल भवन निर्माण कराने का आग्रह जिलाध्यक्ष से किया. जिला अध्यक्ष अरुण संगा ने लोगों को आश्वास्त किया कि जल्द ही स्कूल और बिजली तार एवं पोल की स्थिति की समस्या से जिले की पदाधिकारी और सांसद को अवगत कराया जाएगा. मौके पर बहा मुंडा, अनमोल, दशरथ, दाउद, अब्राहम, धनी, विनोद आदि मौजूद थे.

# झामुमो ने फोटो जारी कर पूछा, कहां है भाजपा?



**रांची**। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपने ट्विटर हैंडल से लोबिन हेंब्रम लव मधु कोड़ा के पार्टी में शामिल होने की तस्वीर जारी कर पूछा है कि इसमें भाजपा कहां है ? जारी तस्वीर के फ्रेम में अमर बाउरी, सीता सोरेन, मधु कोड़ा, लोबिन हेंब्रम, बाबूलाल मरांडी, चंपाई सोरेन, हिमंता विस्वा सरमा दिख रहे हैं. इस ट्विट के ठीक पहले बाबूलाल मरांडी के ट्विट के जवाब में झामुमो ने पूछा कि मधु कोड़ा वाली तस्वीर क्यों नहीं साझा की. साथ में यह भी लिखा कि अब मधु कोड़ा जी सामने के रास्ते से भाजपा मुख्यालय जाएंगे. अच्छी बात है. दरअसल, झामुमो ने ट्विट करके भाजपा के सामने दो सवाल खड़े किए हैं. पहली यह कि जारी तस्वीर के फ्रेम में जो लोग भी हैं, वह दूसरे दलों से भाजपा में शामिल हुए हैं. और दूसरा यह कि जिस मधु कोड़ा के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा ने आंदोलन किया था, पार्टी के बड़े नेता अब उसी कोड़ा का स्वागत कर रहे हैं.

## बोल्डर लदा तीन हाइवा जब्त

**कोडरमा**। कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित थाना भवन के समीप शुक्रवार देर रात को एक हाइवा तथा शनिवार को हाइवा व एक टाटा कंपनी के बोल्डर लदा हाईवा नवलशाही थाना पुलिस ने बगैर चालान के बोल्डर लदा हाइवा ट्रक को जब्त किया है. जानकारी के अनुसार बोल्डर लदा तीन हाइवा घोरथम्बा की ओर से आ रहा था. जांच के दौरान चालक से बोल्डर से संबंधित चालान की मांग की गई लेकिन कोई कागजात नहीं प्रस्तुत करने पर वाहन को जब्त कर लिया गया है.

# 30 वर्ष से डकैती की घटनाओं को अंजाम देने वाले चार गिरफ्तार

संवाददाता।पलामू

पलामू जिले में पिछले 30 वर्ष से डकैती की घटनाओं को अंजाम दे रहे गैंग का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए उसके एक दर्जन सदस्यों में से चार को गिरफ्तार कर लिया है. सभी ने मिलकर इसी महीने 2 एवं 22 अगस्त को क्रमशः नौडीहा बाजार एवं सिंगरा बजराहा में डकैती की घटनाओं को अंजाम दिया था. गिरफ्तार चार अपराधियों में गैंग के दो कुख्यात सदस्य सूरजमल पासवान एवं उपेन्द्र पासवान के विरुद्ध झारखंड-बिहार के विभिन्न थानों में कई गंभीर मामले दर्ज हैं. लूटी हुई ज्वेलरी खरीदने के आरोप में एक स्वर्णकार को भी गिरफ्तार किया गया है. सारे अपराधी फिर से डकैती की योजना बन रहे थे, उससे पहले ही चारों को सदर थाना पुलिस ने सिंगरा गांव के शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला चौक पर रात्रि एक बजे धर दबोचा. एसपी रीष्मा रमेशन शनिवार को जानकारी दी कि बीती रात 1 बजे पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सिंगरा गांव के पास कुछ संदिग्ध गतिविधियां हो रही हैं.

इस सूचना के आधार पर तत्काल कार्रवाई की. छापेमारी के दौरान 6 संदिग्ध व्यक्तियों को पाया. पुलिस को देखकर सभी आरोपी भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी के चलते तीन व्यक्तियों को मौके पर ही धर दबोचा गया, जबकि बाकी तीन अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे. पकड़े गए आरोपियों से की गई पूछताछ में पता चला कि वे इलाके में गृह डकैती की योजना बना रहे थे. पुलिस ने उनके पास से एक लोडेड 315 बोर का देशी कट्टा, 6 जिंदा गोलियां और 4 मोबाइल फोन बरामद किए. इनकी निशानदेही पर हुसैनाबाद थाना क्षेत्र से डकैती की घटना में शामिल दो अन्य अपराधियों को भी गिरफ्तार किया गया है.

# नहर में डूबने से बच्चे की मौत

**पलामू**। जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के कौवाखोह गांव निवासी जगदीश साव का सात वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार की मौत नहर में डूबने से हो गई. घटना शनिवार दिन के बारह बजे की है. सत्यम एक दोस्त के साथ गांव के समीप नहर किनारे से जा रहा था, इसी बीच नहर में अचानक गिर गया, उसके दोस्त के शोर मचाने के बाद आस-पास के लोग नहर से सत्यम को बाहर निकाला, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी. घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. वही पूर्व विधायक सह आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने मृतक के घर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दिया. साथ ही शव को पोस्टमार्टम करने हेतु एम्बुलेंस उपलब्ध कराया. उन्होंने परिजनों को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया.

**हुई समीक्षा** | उर्दू शिक्षकों के लिए अब अलग बनेगी अवकाश तालिका

# उर्दू शिक्षक संघ का प्रयास रंग लाया : अहमद

संवाददाता।रांची

झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (डायट) के उपनिदेशक एमके सिंह ने शुक्रवार को पत्र जारी कर स्पष्ट किया है, कि वर्ष 2025 से प्रारंभिक विद्यालयों की अवकाश तालिका सामान्य एवं उर्दू विद्यालयों के लिए अलग-अलग बनायी जाएगी. पत्र में कहा गया है कि झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में रखी गयी मांग की समीक्षा करने पर पाया गया कि एकसमान अवकाश तालिका 2024 में क्रम संख्या 1 से 39 में राज्य स्तर से तय कुल 55 दिनों का अवकाश देय है और इसकी संख्या संसूचित उर्दू एवं सामान्य



विद्यालयों के लिए एक समान है. क्रम संख्या 40 में वर्णित पांच अवकाश संसूचित उर्दू एवं सामान्य विद्यालयों के लिए स्थानीय पर्व एवं आकस्मिक स्थानीय आवश्यकतानुसार जिला स्तर से उपायुक्त की अनुमति से निर्गत किए जाने के लिए प्राधिकृत किया गया है.

झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने कहा कि एक समान अवकाश तालिका में त्रुटियों को दूर करने के लिए आगामी वर्ष से राज्य के संसूचित उर्दू एवं सामान्य विद्यालयों के लिए पृथक अवकाश तालिका प्रकाशित किये जाने की योजना है, इससे संबंधित आदेश जेसीईआरटी द्वारा जारी कर दी गई है. संघ के केंद्रीय महासचिव ने कहा कि 2024 में जेसीईआरटी द्वारा जारी एक समान अवकाश तालिका में कई त्रुटियां हैं. जिसकी लिखित शिकायत पूर्व में ही जेसीईआरटी से की गई थी, जिसकी विस्तृत जानकारी झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ ने 11 जुलाई के माध्यम से जेसीईआरटी को दी थी. उर्दू विद्यालयों में शुक्रवार को साप्ताहिक अवकाश रहता है, जबकि सामान्य विद्यालयों में रविवार को अवकाश है, उर्दू विद्यालयों में 9 अवकाश कम दिए गए हैं. संघ के महासचिव अमीन अहमद व प्रवक्ता शहजाद अनवर ने विभाग की ओर से जारी पत्र का स्वागत करते हुए कहा कि देर से ही सही विभाग ने उचित निर्णय लिया है. आगामी वर्ष से अलग-अलग अवकाश तालिका जारी करना शिक्षा हित में होगा. विभाग से आग्रह है कि वर्तमान आकाश तालिका में जो त्रुटियां हैं, उसके समाधान का पत्र भी विभाग की ओर से जल्द जारी किया जाए.

# अभावों में भी शिक्षा का दीप जला रहें हैं शिक्षक

कुमार राज । सतबरवा(पलामू)

अभावों में भी शिक्षकों ने शिक्षा की दीप जलाकर छात्राओं का भविष्य निखार रहे हैं, सिंदुरिया अंजनी बालिका उच्च विद्यालय के शिक्षक . सन 1989 में सुरेश्वर तिवारी ने सिंदुरिया में 98 डिसमिल जमीन दान देकर बालिका उच्च विद्यालय की स्थापना की, एक छोटे से कमरे में क्लास शुरू हुआ 6 शिक्षक व एक लिपिक के सहारे कदम दर कदम बढ़ता शिक्षा का कारवां चल पड़ा .इस विद्यालय को पलामू के तत्कालीन सांसद कमला कुमारी, विधायक ईश्वर चंद पांडे, विधायक इंदर सिंह नामधारी, केएन त्रिपाठी ,सांसद रामदेव राम ने अपने स्तर से भवन, शौचालय, बाथरूम बनवाए हैं. झारखंड राज्य




बालिका उच्च विद्यालय के परिसर में खेलते बच्चे .

बनने के बाद 2008 में विद्यालय को स्थापना अनुमति मिला पर गैर अनुदानित का दर्जा मिला. 6 शिक्षक एक लिपिक फांका कसी करके आधे पेट खाकर भी शिक्षा का दीप जलाए हुए हैं. सभी 6 शिक्षकों की उम्र अब सेवानिवृत्त होने लायक हो गया है .शिक्षक सुरेश मिस्त्री 1 जनवरी 2020 को सेवानिवृत्त हो गए, बावजूद इसके आज भी बच्चों को नियमित पढ़ाने आते हैं .

सचिव घनश्याम तिवारी के नेतृत्व में शिक्षक प्रिंसिपल नरोत्तम तिवारी, राजनाथ साहू ,अख्तर हुसैन, धर्म देव तिवारी ,किरण देवी, सुरेश मिस्त्री अब सेवानिवृत्त ,लिपिक अखिलेश प्रजापति ने अपना संपूर्ण योगदान दे रहे हैं .जिसके कारण जिस उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इस विद्यालय की आधारशिला रखी गई थी ,वह पूर्ण हो रहा है. शिक्षकों ने बिना वेतन के पूरे दिल से अपनी संपूर्ण योग्यता के साथ पठन-पाठन का कार्य कर रहें हैं. शिक्षकों ने कहा कि आज अगर किसी बात का मलाल है तो वह है कि कोई भी सरकार आई पर इस विद्यालय को सिर्फ नजरअंदाज किया. मेरी इच्छा है कि यह प्लस टू विद्यालय बन जाता तो छात्राओं को बड़ी सुविधा होती. साथ ही इसकी चारों तरफ से चहारदीवारी हो जाती तो बच्चियां और सुरक्षित रहती. आज जिस प्रकार से महिलाओं के साथ क्राइम हो रहा है, इससे डर लगा रहता है.

“मृत्यु को तो बहुतेरे सह सकते हैं; लेकिन यह जो शरीर और मन को लगातार सताते रहना, अपने-आपको इच्छापूर्वक हर क्षण इस तरह हत्या की ओर ले जाने की सहिष्णुता है, स्वर्ग या मृत्यु में क्या कहीं भी इसकी तुलना है? पराधीनता की वेदना ने, क्या इन लोगों के इस जीवन के और सभी वेदना-बोध को एकदम धोकर साफ कर दिया है? कहीं कुछ भी बाकी नहीं है? -शरत चंद्र चट्टोपाध्याय”




# गीत लिखो तो लगे कि निकली मन-बंशी की तान!



कविता कलम

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

**हिंदी** साहित्य के लिए उर्वरा भूमि झारखंड में कवियों और गीतकारों की संख्या कम नहीं है, यह अलग बात है कि आवश्यक माध्यम के अभाव के कारण इनकी रचनाओं के सुमन समय से पूर्व ही कुम्हला कर सूख जाते हैं. कविता और गीत दोनों ही साहित्य की प्रचलित विधाएं हैं. सामान्यतः जो कविताओं की रचना करता है, उसे कवि और जो गीतों की रचना करता है उसे गीतकार कहते हैं. गीत क्या है? सच पूछा जाये तो गीत कविता का लाड़ला तनुज है. जब कविता का उद्वेलित होकर चरम पर पहुंच जाती है, तब गीत की रचना होती है. कविता का पाठ किया जाता है, लेकिन गीत गाया जाता है. एक गीत में सामान्यतः निश्चित लय और धुन होती है, जिसे संगीत के साथ गाया जा सकता है. गीत की रचना संगीत के लिए होती है. गीत अक्सर गहरे भावनात्मक होते हैं, जो प्रेम, खुशी, दुख, उत्सव आदि को अभिव्यक्ति देते हैं. गीतों में सामान्य तौर पर एक मुखड़ा होता है और अंतरे होते हैं. गीत उसी पात्र की भावनाओं पर केंद्रित होता है, जो उसे गाता है. कविता में भी लय होती है, लेकिन यह संगीत के लिए आवश्यक नहीं है. कविता के अर्थ और प्रतीकवाद महत्वपूर्ण होता है और इसमें स्वरूप और शैली के मामले में अधिक स्वतंत्रता होती है. एक कवि भी तब गीत की रचना कर देता है, जब उसकी भावनाएं पूरी शक्ति लगा कर मचल उठती हैं. गीत कैसा हो, इस सवाल का जवाब अपने गीत के माध्यम से दे रहे हैं दुमका के कुम्हारपाड़ा निवासी कवि **शंभूनाथ मिस्त्री.** कवि का कहना है-



गीत लिखो तो लगे कि निकली
मन-बंशी की तान.
एक भाव हो, कथाभास हो, मृदु तरंग में, खिला कास हो;
गीत लिखो तो छंदों की हो लय, निकले सुर गान.
वन पठार से दृश्य चुरा लो, बंधों में मन भाव पूरा लो;
गीत लिखो तो बिम्बों से हो सहज अर्थ का ज्ञान.
चरण साध लो लय पर कसना, दर्द सीख ले खुलकर हंसना;
गीत लिखो तो जुड़ने में हो टूटा मन आसान.

गीत में कितनी क्षमता होती है, इसका भान उसे भी होता है, जिसका साहित्य से दूर-दूर का रिश्ता-नाता भी नहीं होता. गीत रोते हुए व्यक्ति को हंसाने और किसी मार्मिक प्रसंग को अभिव्यक्ति देकर किसी भी व्यक्ति को रुलाने की क्षमता रखते हैं. देश के स्वाधीनता संग्राम में गीतों की भूमिका भला कौन नकार सकता है. गीत अंधेरे में भटकते हुए व्यक्ति के पथ में दीप जला देते हैं और उन्हें सही रास्ते पर चलने को प्रेरित करते हैं. लोकगीतों के साथ ही फिल्मी गीतों ने भी यह साबित कर दिया है. गीत टूटे हुए दिलों को जोड़ते हैं. अच्छा होगा कि हम दिल टूटने से पहले ही सावधान हो जायें और अपने साथी का महत्व समझें. यह तभी संभव है, जब आपके दिल में भी कुछ ऐसा ही उद्गार उठे, जो जमशेदपुर के कवि **शिवनंदन सिंह** के दिल में उठते हैं और तब इस कविता की रचना होती है-



तुम हो जब तक तभी तक आनंद मेरा,
तुम आई तो जीवन में आया नया सबेरा .
थकी -थकी सी जिन्दगी दर्द बड़ा घनेरा ,
थामे जब तक हाथ मेरा रहता नया सबेरा .
उलझनों में व्याप्त हैं जीवन की हर सासें,
तेरे बिना कैसे सह पायें गहरी दर्द की रातें.
कदम तेरे संग संग तो निश्चय ही टूटे गाठें ,
गहरे सागर से भी छनकर रहता नया सबेरा.
उम्र बीते पल पल यादों में ठहरे कहां सवेरा,
रात की निंदिया अब छोड़कर हम सबको,
आंखों में खुशियों के सपने ढूंढे नया किनारा
थामे जब तक हाथ मेरा रहता नया सवेरा .

जब बात नये सवेरे की होती है तो मन प्रफुल्लित हो उठता है. रात्रि के काले गहन अंधकार की समाप्ति, सोये और अलसाये लोगों में नयी प्राण शक्ति जगानेवाली नयी ज्योति. पक्षियों का कलरव. सुमनों के होठों पर मुस्कराहट फैल जाती है. भौंरे गुनगुना उठते हैं. फिर लालिमा के साथ भगवान भास्कर का प्राकट्य. हर प्राणी अपने-अपने क्रिया-कलापों में लग जाते हैं. फिर क्या होता है, वह हम **सुधीर कुमार सोनी** के शब्दों में इस प्रकार समझ सकते हैं. इनकी रचना का शीर्षक है- सूरज चढ़ रहा है.



सूरज चढ़ रहा है आसमान में धीरे-धीरे
धूप उतर रही है धरती में-धीरे धीरे.
धूप पसर रही है तालाबों में नदियों में
समुंदरों में और पहाड़ों में-धीरे धीरे.
धूप बसों में, रेलगाड़ियों में
बैलगाड़ियों में लदकर यात्रा कर रही है-धीरे धीरे.
धूप पंछियों के पंखों में सवार हो, उड़ रही है धीरे धीरे.
झोपड़ी में मिट्टी और टीन के छप्परों के
सुराख से भीतर उतरकर सूरज तांक-झांक कर रहा है
कि क्या पक रहा है चूल्हे में.
सुबह-सुबह दौड़कर स्कूल जाते बच्चों के बस्तों में सवार
होकर, स्कूल पहुंच रहा है- सूरज.
शाम को अपने घर लौटते हुए
अपने को हमारे साथ न होने का दर्द
जताते हुए, रो रो कर
चेहरा लाल कर लेता है-सूरज.

प्रकृति की लीला अपरंपार है. प्रकृति ही सृष्टि करती है, प्रकृति ही पालन करती है और यही संहार करती है. यह ज्ञान तो हमारे वेद भी सहस्राब्दियों पूर्व दे चुके हैं. हम हर हाल में प्रकृति से बंधे हैं. उससे दूर रह कर कोई जीवित नहीं रह सकता. मनुष्य चाहे स्वयं जितना भी बड़ा ज्ञानी क्यों न समझ ले, लेकिन प्रकृति की लीला उसे चमत्कृत करती ही रहती है. विचारणीय है, वृक्षों घोसले में सोये पक्षियों के अबोध बच्चों यह कैसे समझ में आ जाता है कि प्रातः काल हो गया? प्रकृति के सकुमार कवि सुमित्रानंदन पंत ने भी तो यही प्रश्न उठाया है-प्रथम रश्मि का आना रंगिणि, तूने कैसे पहचाना, कहां-कहां हे बाल बिहंगिनि, पाया तूने यह गाना. वर्षा ऋतु का आगमन भी प्रकृति की ही अनंत लीलाओं में से एक है. रांची की कवयित्री **रंजना वर्मा उन्मुक्त** की इस रचना में प्रकृति की वही लीला को अभिव्यक्ति मिल रही है. जीवन की बूंदें



कारे कारे बादल आए. बूंदे जीवन की छलकाए..
खिली हुई धरती मुस्कायी. ऐसी अब हरियाली छायी..
तरबतर पेड़ जल टपकाये. बूंदे जीवन की छलकाये...
कू कू कू कोयल है बोले. मगन मोर का मन भी डोले..
दादुर भी खूब टरटराये. बूंदे जीवन की छलकाये...
घोर अंधियारी है छायी. बदरी देखो है मदमायी..
डरकर छाता लोग लगाए. बूंदे जीवन की छलकाए...
चारों ओर दिखे अब पानी. बरखा है बनी महारानी..
हरी भरी धरती इतराये. बूंदे जीवन की छलकाए...
कहीं बाढ़ में बहता जीवन. कहीं भूख से तड़पे तन मन..
सदा प्रकृति ही हमें बचाए. बूंदे जीवन की छलकाए...
देखो डूबता सदा झोपड़ी. सबकी रखना भरी टोकरी..
रोटी यहां सभी जब पाए. बूँदे जीवन की छलकाए...
बारिश ही खुशहाली लाए. खेतों में फसल लहलहाए..
बरखा जब धुन मधुर सुनाए. बूँदे जीवन की छलकाए...

जीवन में प्रकृति के महत्व को समझा जाना चाहिए. प्रकृति के साथ जब उचित व्यवहार होता है, तब वह सृष्टि और पालन करती है, लेकिन जब उसके साथ अनुचित व्यवहार तो वह संहार करने में भी संकोच नहीं करती है. प्रकृति कुपित न हो, इसके लिए संसार का हर व्यक्ति प्रयत्नशील रहे. इसी कामना के साथ जय भारत! जय झारखंड!!

## चूरन का लटका

चूरन अलमबेद का भारी, जिसको खाते कृष्ण मुरारी..
मेरा पाचक है पचलोना, जिसको खाता श्याम सलोना..
चूरन बना मसालेदार, जिसमें खट्टे की बहार..
मेरा चूरन जो कोई खाए, मुझको छोड़ कहीं नहि जाए..
हिंदू चूरन इसका नाम, विलायत पूरन इसका काम..
चूरन जब से हिंद में आया, इसका धन-बल सभी घटाया..
चूरन ऐसा हट्टा-कट्टा, कीन्हा दाँत सभी का खट्टा..
चूरन चला डाल की मंडी, इसको खाएँगी सब रंडी..
चूरन अमले सब जो खावैं, दूनी रिश्वत तुरत पचावैं..
चूरन नाटकवाले खाते, उसकी नकल पचाकर लाते..
चूरन सभी महाजन खाते, जिससे जमा हजम कर जाते..
चूरन खाते लाला लोग, जिनको अकिल अजीरन रोग..
चूरन खाएं एडिटर जात, जिनके पेट पचै नहीं बात..
चूरन साहेब लोग जो खाता, सारा हिंद हजम कर जाता..
चूरन पुलिसवाले खाते, सब कानून हजम कर जाते..

-भारतेंदु हरिश्चंद्र



# लिंक फेल है



चौराहा

प्रमोद कुमार झा

**आज़ादी** के बाद भारत में बैंकों का अद्भुत विस्तार हुआ है . कार्यप्रणाली में भी बहुत अधिक परिवर्तन हुआ है, पर इस विस्तारित व्यवस्था और दुर्व्यवस्था से अगर कोई पीड़ित रहा है तो वह है उपभोक्ता ! 1969 के पहले दर्ज़नों की संख्या में प्राइवेट बैंक थे और सैकड़ों की संख्या में सहकारी बैंक. 1969 में तत्कालीन प्रधानमंत्री ने लोकहित में बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया था. इसके बाद हज़ारों की संख्या में सरकारी बैंकों की शाखाएं सुदूर गांवों में खुलीं और बड़ी तादात में ग्रामीणों और निम्न मध्यवर्ग के लोग भी गांव में, कस्बों में खुले बैंकों के ग्राहक बने. सूदखोरों से बहुत हद तक निम्न वर्ग के लोगों को मुक्ति मिली. पर मध्य भारत एवं दक्षिण भारत में राजनीतिज्ञों द्वारा संचालित सहकारी बैंकों का जाल फैलता रहा और गरीब उपभोक्ताओं की खून-पसीने की कमाई लुटती रही. पिछली शताब्दी के आठवें दशक में राष्ट्रीयकृत बैंकों की छत्रछाया में ग्रामीण बैंक की शाखाएं बृहत स्तर पर खुलीं. सीमांत किसानों के लिए तो यह वरदान ही था. मुर्गी पालन, गाय पालन, बत्तख पालन, सुअर पालन, खेती, पम्पिंग सेट सबों के ऋण आसानी से उपलब्ध होने लगे. धीरे धीरे सरकारी सारी योजनाओं का क्रियान्वयन बैंकों के माध्यम से होने लगा. फिर कुछ दिनों से स्कूल-कॉलेज की फीस से लेकर, सारे लेन देन का काम बैंकों के माध्यम से ही करना अनिवार्य कर दिया गया, लेकिन इन सुविधाओं और आसानी के बाद बैंक कर्मियों को पता चला कि उनकी जिम्मेदारी पहले की तुलना में दसों गुना बढ़ गयी है और मानव संसाधन में कोई विस्तार नहीं किया गया. फिर आया बैंकों के आधुनिकीकरण का दौर. बैंकों में कप्यूटर का प्रयोग अनिवार्य कर दिया गया. नब्बे प्रतिशत बैंक कर्मी उसके उपयोग से पूर्णतः अपरिचित थे. हमने कष्ट का वह प्रारंभिक दौर भी झेला है जब असहाय बैंककर्मी कंप्यूटर से जूझते हुए दो मिनट का काम चालीस मिनट में कर पाता था. हमें बैंक कर्मियों पर रोष से ज्यादा दया आती थी. अब एक बार फिर अधिकांश बैंकों में सरकार अपनी भागीदारी घटाती जा रही है. आम जनता की गाढ़ी कमाई फिर खतरे में आ सकती है. यस बैंक और सहारा नॉन बैंकिंग का घोटाला हुए अभी बहुत दिन नहीं हुआ है! पर इस इंटरनेट और कंप्यूटर के युग में आप बहुत असहाय और परेशान महसूस करते हैं जब लगभग हरेक दो तीन महीने बाद बैंक द्वारा आपको केवाईसी करा लेने की धमकी भरे मैसेज भेजे जाते हैं और वहां जाने के बाद आपको कई दिन जाकर घंटों बैठना पड़ता है. पूछने पर बहुत रुखे और सपाट स्वर में कहा जाता है कि “लिंक फेल है”.

# एकबार चुनि कुसुम सुहाए, निज कर भूषण राम बनाए



यायावर

डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय



**चित्रकूट** की अपरिमित महिमा के बारे में बताना चाहता हूं. चित्रकूट में अनेक दर्शनीय पवित्र स्थल हैं -राम घाट, जानकी घाट, लक्ष्मण घाट, गुप्त गोदावरी, कामतानाथ, सती अनुसूया आश्रम, हनुमान धारा, तुलसी पीठ, भरत कूप , स्फटिक शिला, तुलसी की जन्मभूमि राजापुर आदि. आज मैं मंदाकिनी के पवित्र तट पर स्थित स्फटिक शिला के संदर्भ में कुछ ज्ञात अज्ञात तथ्यों को बताना चाहता हूं. चित्रकूट की भूमि वह पवित्र भूमि है, जहां प्रभु श्रीराम 14 वर्षों की वनवास की अवधि में लगभग 12 वर्ष चित्रकूट में रहे. चित्रकूट आने के बाद यहां की प्राकृतिक सुंदरता और छटा देखकर प्रभु श्रीराम मुग्ध हो गये. अरण्य काण्ड का श्रीगणेश स्फटिक शिला प्रकरण से हुआ है. रामचरित मानस में ' एक बार ' शब्द का प्रयोग दर्जनों बार हुआ है और जहां जहां एक बार से कथा आरंभ हुई है, वहां वहां कोई न कोई अनहोनी घटना घटी है. उदाहरणार्थ :-

**एक बार त्रेता युग माहीं, शंभु गये कुंभज ऋषि पाहीं.**
**संग सती जग जननी भवानी, पूजे ऋषि अखिलेश्वर जानी.**

परिणाम सती ने राम कथा तो सुनी, मगर मन से नहीं सुनी. उन्हें मोह हुआ और राम पर संदेह किया और जो नहीं होना चाहिए वह हुआ.

**एक बार भूपति मन माहीं, भई गलानी मोरे सुत नाहीं.**
**एक बार करतल कर बीना, गावत हरि गुण ज्ञान प्रबीना.**
**एक बार हर मंदिर, जपत रहेउ हरिनाम.**
**गुरु आयउ अभिमान ते,उठि नहीं कीन्ह प्रणाम.**

चित्रकूट के मंदाकिनी के तट पर स्फटिक शिला अवस्थित है. यहां का प्राकृतिक सौंदर्य बड़ा ही आकर्षक, मनभावन और मनोहारी है. भगवान प्रभु श्रीराम ने वनवास की अवधि में अपने कर कमलों से सीता जी का केवल एक बार ही शृंगार किया है और वह शृंगार स्फटिक शिला पर बैठकर. मां सीता के अनुपम सौंदर्य को देख कर इंद्र पुत्र जयंत को स्पर्श सुख की कामना हुई. उसने सीता जी के चरणों में अपने चोंच से प्रहार किया. जब रक्त बह चला तो श्री रघुनाथ जी ने जाना और धनुष पर सरकंडे का सर संधान किया.वह अपना असली रूप धरकर पिता इंद्र के पास गया, श्रीराम का विरोधी जानकर इंद्र ने उसको नहीं रखा. वह ब्रह्म लोक, शिव लोक आदि समस्त लोकों में थका हुआ और भय शोक से व्याकुल होकर भागता रहा. किसी ने उसे बैठने तक नहीं कहा. देवर्षि नारद ने उसे व्याकुल देखा तो उन्हें दया आ गई, क्योंकि संतों का चित्त बड़ा कोमल होता है. उन्होंने जयंत को समझा बुझाकर पुनः श्रीराम के पास भेज दिया. आतुर और भयभीत जयंत ने जाकर प्रभु श्रीराम के चरण पकड़ लिए. प्रभु श्रीराम ने जयंत की एक आंख फोड़ डाली और उसे क्षमा दान कर दिया. प्रभु श्रीराम ने जयंत से पूछा कि तुम पहली बार यहां क्यों आये थे.जयंत ने कहा कि आपकी प्रभुता का प्रभाव देखने के लिए आया था. दूसरी बार क्यों आया जयंत ने कहा, आपका स्वभाव देखने के लिए. जयंत ने चित्रकूट के स्फटिक शिला पर विराजमान प्रभु श्रीराम का प्रभाव और स्वभाव दोनों देख लिए- यह चित्रकूट की स्फटिक शिला की महिमा है. महाकवि तुलसी ने इस मार्मिक प्रसंग का बड़ा सुंदर एवं मनोहारी वर्णन किया है, जिसे पढ़कर मानस का पाठक प्रभु श्रीराम के प्रभाव और स्वभाव को भली भांति जान जाता है.तुलसी ने लिखा है :-

**सुरपति सुत धरि बायस बेषा, सठ चाहत रघुपति बल देखा.**
**जिमि पिपीलिका सागर थाहा, महा मंद मति पावन चाहा.**
**सीता चरण चोंच हति भागा, मूढ़ मंद मति कारन कागा.**
**चला रूधिर रघुनायक जाना, सींक धनुष सायक संधाना.**


अस्तु चित्रकूट के दर्शनीय स्थलों में स्फटिक शिला की महिमा अनुपम एवं अद्वितीय है, क्योंकि वनवास की अवधि में श्री राम के प्रभाव और स्वभाव का बोध यही से शुरू होता है. स्फटिक शिला पर सीता और राम के चरण चिह्न आज भी अंकित एवं टंकित हैं.दर्शनार्थी इन चरण चिह्नों की परिक्रमा कर सुख, ऐश्वर्य और मोक्ष की कामना करते हैं.

# गधे को नहीं मिलती घोड़े वाली इज्जत



नश्तर

सुधीर राघव



**गधा** खुद को घोड़ा साबित करने के लिए ज्यादा जोर से रेंकता है. मगर घोड़े वाली इज्जत नहीं मिलती. उल्लू खुद को शरीफ दिखाने के लिए घंटों शांति से बैठा रहता है. पर कोई उस पर विश्वास नहीं करता. कौवा खुद को कोयल बताने के लिए लगातार रियाज करता है. मगर सुर नहीं लगता. भैंस दिन भर पानी में नहाती है, लेकिन गाय नहीं बन पाती. जो जैसा नहीं है, वैसा दिखना चाहता है. कोई भी अपने होने से संतुष्ट नहीं हैं. सबको किसी दूसरे जैसा बनना है. चमगादड़ पूरा दिन उल्टा लटकता है कि काश उसकी टांगें भी सारस जैसी लंबी हो जाएं, मगर नहीं होतीं. यहीं डार्विन का क्रम विकास गच्चा खा जाता है. बात लौट फेरकर वहीं आ जाती है कि कुछ करने से कुछ नहीं होता, वही होता है जो खुदा चाहता है. ऊपर वाला जैसे बनाता है. नीचे की दुनिया वैसे ही चलती है. इसलिए जैसा बनाया गया है, उसी भूमिका को अच्छे से निभाओ. अपनी कमियों पर मिट्टी डालो और अपनी खूबियों को चमकाओ. जब भैंस की खूबी ज्यादा दूध देना है तो फिर गाय क्यों बनना. उल्टा भैंस जैसे काले धब्बे होने पर गाय भी ज्यादा दूध देती है. हिजड़े खुद को महिला दिखाने के लिए महिलाओं से भी ज्यादा सजते संवरते हैं. सारे अय्याश और गुंडे खुद को अधिक कट्टर धार्मिक दिखाने के लिए गलियों में घूमकर दिनभर ज्यादा जोर से ईश्वर का नाम पुकारते हैं. पवित्र आत्माएं तो एकांत में बैठकर चुपचाप ईश्वर का चिंतन करती हैं. ईश्वर के नाम पर लड़ने वाले उनके भक्त नहीं होते. वे सिर्फ ईश्वर के सौदागर होते हैं. वे ईश्वर की आड़ में सबको उल्लू बनाते हैं और अपनी सत्ता खड़ी करते हैं. कोई ईश्वर अपने अनुयायियों को हिंसा नहीं सिखाता. जैसे श्वान धारा से कोई खंभा किसी कुत्ते का नहीं हो जाता, वैसे ही खून की नदियां बहाकर कोई इस पूरी दुनिया का हाकिम नहीं बन सकता. जंग लड़कर तंग होने से अच्छा है कि प्रेम करो और चैन से रहो. नेता अगर दिन रात नफ़रत फैलाए, फिरका परस्ती करे, तो धर्मस्थलों के शिलान्यास करके या दिन में चार बार नमाज पढ़कर भी इज्जत नहीं मिलती. महंगे से महंगा सूट वह पहन ले मगर जो इज्जत गांधी को एक लंगोटी में मिल गई, उसे पाने में पूरा चरित्र लगता है. वह मीडिया में झूठे प्रचार से नहीं मिलती.

# पर्यावरण के साथ चलती हैं राजीव सरकार की कलाकृतियां



कला-संवाद

मनोज कुमार कपरदार

**कला** में प्रकृति फोटोरियलिज्म से लेकर अमूर्तता तक कई दृश्य रूप ले सकती है. कला प्रकृति की नकल कर सकती है, वस्तुओं को वास्तविक जीवन में दिखने वाली वस्तुओं की नकल करने की कोशिश करके. लेकिन अमूर्त पेंटिंग भी प्रकृति में वास्तविक रूपों से अपना दृश्य संकेत ले सकती हैं, जैसे कि राजीव सरकार की पेंटिंग में देखा जा सकता है. इनकी कृति प्राकृतिक घटनाओं और प्राकृतिक रूपों के अध्ययन, अवलोकन और चिंतन से उत्पन्न हुई है. चित्रफलक पर बैठते समय इन्होंने अपने प्राकृतिक परिवेश में जो कुछ देखा था, उससे प्रेरित होकर विस्तृत पैटर्न को चमकीले रंग देने के लिए रचनात्मक स्वतंत्रता का उपयोग किया. राजीव सरकार ने अपनी पेंटिंग में विशुद्ध भारतीय संवेदनशीलता के साथ मॉडर्न तकनीकों का इस्तेमाल किया भारतीय कला की परंपरा, संस्कृति और सौंदर्यशास्त्र को जारी रखते हुए. राजीव हमेशा ऐसी शैलियों की खोज में रहते हैं, जो उनकी संवेदनाओं को सबसे अच्छी तरह से परिभाषित करती हैं, इनके काम को मॉडर्न तकनीकों और भारतीय कला के मिश्रण के सबसे अच्छे उदाहरणों में से एक माना जाता है. इनकी पेंटिंग समकालीन














और अर्ध-यथार्थवाद से प्रेरित है. राजीव बहुत रंगीन रचनाकार हैं और अपनी रचनाओं में गहराई भी पसंद करते हैं. वह हमेशा कोयला बेल्ट क्षेत्र की अपनी मिट्टी और सुगंधों को बनाना पसंद करते हैं. राजीव के काम हमेशा पर्यावरण के साथ चलते हैं और रंग भी कोयला खदानों के शहर की मिट्टी का स्वाद होते हैं. इनका माध्यम ज्यादातर तेल और कुछ ऐक्रेलिक भी हैं. इनकी कमल शृंखला सभी कला प्रतिभाओं के माध्यम से अधिक से अधिक नवीनता लाएगी. इनकी रचनाओं की विशेषता यह है कि रचनाएं और रंग इन शृंखलाओं पर संतुलन बना रहे हैं. कलाकार खुद को एक पर्यवेक्षक के रूप में देखता है और उसकी विस्तृत छवियां प्रकृति और राजनीतिक संक्रमण के विनाश का दस्तावेजीकरण करती हैं. सांस्कृतिक संघर्ष और दबाव जो आधुनिक जीवन हमसे मांगता है.


उनके चित्रों में, विभिन्न युगों और अस्तित्व के स्तरों से वस्तुओं और लोगों को या ऐसे दृश्यों में एक साथ लाया गया है, जो समय के किसी भी औसत विवाद के बाहर लगते हैं. सपनों और सांस्कृतिक स्मृति की आंतरिक दुनिया को एक ऐसे डायस्टोपियन वातावरण से जूझना पड़ता है, जो इसे खत्म करने की धमकी देता है. वे कैनवास पर तेल में काम करते हैं. अपनी पेंटिंग को एक तह और मजबूत शारीरिक उपस्थिति देने के लिए तेल द्वारा प्रदान किए गए समृद्ध स्वरों का उपयोग करते हैं. इन्होंने पूरी तरह से भारतीय संवेदनशीलता के साथ मॉर्डन तकनीकों का इस्तेमाल किया. भारतीय कला की परंपरा, संस्कृति और सौंदर्यशास्त्र को जारी रखते हुए. इनके काम मॉडर्न तकनीकों और भारतीयता के मिश्रण के सबसे अच्छे उदाहरणों में से एक हैं. राजीव हमेशा उन शैलियों की तलाश में रहते हैं, जो उनकी संवेदनाओं को सबसे अच्छी तरह से परिभाषित करती हैं. यह राजीव के अभिनव अभ्यास में शामिल हैं. “कला जगत” के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार के लिए इनके पास बहुत ही सराहनीय और मूल योग्यता है.

# आखर



पिछले डेढ़ सौ वर्षों के छोटे से कालखंड में एक समर्थ भाषा के रूप में खड़ी बोली हिन्दी के उत्थान की गति अद्भुत और अविश्वसनीय जैसी है. क्या यह प्रगति परिवर्तनशील समय के साथ अपने आप हमें सुलभ हो गयी? नहीं, और कतई नहीं. निस्संदेह इस दुरत विकास के पीछे समर्पित विद्वानों, भाषा वैज्ञानिकों, कोशकारों, विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों और बहुमुखी लेखकों के श्रमदान का अटूट सिलसिला रहा है. इस कतार में फादर कामिल बुल्के अग्रणी बताये जा सकते हैं. उनके महामानवीय गुणों के साक्षी लोग कल जब हमारे बीच नहीं रहेंगे, तब भी उनकी भाषिक उपस्थिति उनकी गरिमा का शिलालेख अंकित करती रहेगी.

## अतुलनीय फादर कामिल बुल्के की याद



डॉ. विद्याभूषण

भारतीय इतिहास को जैसा योगदान मैक्समूलर और काशी प्रसाद जायसवाल का है, भारतीय भाषाओं के वैज्ञानिक अध्ययन में जितना बड़ा काम जार्ज ग्रियर्सन और सुनीति कुमार चटर्जी ने किया, हिन्दी भाषा के प्रचलन को व्यवस्थित करने में जो मार्गदर्शी भूमिका भारतेन्दु हरिश्चन्द्र और महावीर प्रसाद द्विवेदी ने निभाई, उसे अनुशासित करने का जो श्रेय कामता प्रसाद गुरु और किशोरी दास वाजपेयी को दिया जाता है, शब्द संपदा के संधान और मानकीकरण के लिए जैसा यश नागरी प्रचारिणी सभा और डॉ. रघुवीर को देय है, वैसी ही बहुआयामी मान्यता डॉ. कामिल बुल्के के बहुपक्षीय कृतित्व को भी मिली है.

डॉ. कामिल बुल्के का जन्म 1 सितम्बर, 1909 में बेलजियम के वेस्ट-फ्लैण्डर्सं नाम के प्रान्त के रम्सकपैले नामक स्थान में हुआ था. लुवेन विश्वविद्यालय से, जो बेलजियम की राजधानी ब्रुसेल्स के समीप है और यूरोप के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में एक माना जाता है, वे 1930 में इंजीनियरिंग में स्नातक हुए. यह विश्वविद्यालय फ्लेमिश भाषा आन्दोलन का अत्यन्त महत्वपूर्ण केन्द्र भी था. उस समय बुल्के का पूरा परिवार मातृभाषा फ्लेमिश के प्रति समर्पित और आन्दोलित था. इंजीनियरिंग की पढ़ाई के अन्तिम वर्ष में एक शाम उनके अन्तर्मन में सन्यासी बनने की प्रेरणा जगी. इंजीनियरिंग में स्नातक बनने के बाद उसी साल वे जेसुइट नवशिष्यालय में दाखिल हो गये. इस अवधि में उन्होंने बहुत-कुछ सीखा और इच्छा प्रकट की कि उन्हें अपने प्रान्त के फादर लीवेन्स की तरह धर्म सेवा के लिए भारत भेजा जाए.

### हिंदी-संस्कृत का हासिल किया ज्ञान

भारत पहुंचने के बाद सन 1936 की जनवरी में उनको दार्जिलिंग के संत जोसेफ कॉलेज में भौतिकी और रसायन विज्ञान के अध्यापन के लिए भेज दिया. वे जून में बीमार हो कर रांची लौट आए. स्वस्थ होने पर वे संत इग्नेशियस हाई स्कूल, गुमला में गणित के अध्यापक नियुक्त हुए. समय बीतने के साथ फादर बुल्के की यह भावना तीव्रतर होती गयी थी कि भारतीय जन से उनकी भाषा में संवाद करना है और अगर धर्मों की दीवार को तोड़ना है तो उनके बीच हिन्दी के माध्यम से संवाद अनिवार्य होगा. सन् 1938 में पूरे वर्ष भर उन्होंने हजारीबाग के पंडित बदरीदत्त शास्त्री से हिन्दी और संस्कृत पढ़ी. सन् 1940 में उन्होंने अपने लिए उपयुक्त विश्वविद्यालय के चयन हेतु उत्तर भारत के कई शहरों की यात्रा की थी. इस बीच उन्होंने स्वतंत्र छात्र के रूप में कलकत्ता विश्वविद्यालय से संस्कृत विषय के साथ स्नातक की परीक्षा पास की. अन्ततः इलाहाबाद विश्वविद्यालय में उन्हें एम. ए. में प्रवेश मिल गया. यहां हिन्दी विभाग के तत्कालीन अध्यक्ष थे डॉ. धीरेन्द्र वर्मा. वहां उनके अन्य शिक्षक हुए-डॉ. रामकुमार वर्मा, डॉ. रमाशंकर शुक्ल 'रसाल', डॉ. देवी प्रसाद शुक्ल और डॉ. माता प्रसाद गुप्त. फादर बुल्के के सहपाठियों में धर्मवीर भारती और जगदीश गुप्त भी थे. सन 1947 में जब उन्होंने एम. ए. कर लिया तो डॉ. धीरेन्द्र वर्मा की प्रेरणा से डॉ. माता प्रसाद गुप्त के निर्देशन में रामभक्ति के विकास पर शोध कार्य आरम्भ किया.

### रामकथा : उत्पत्ति और विकास

वस्तुतः फादर कामिल बुल्के का भीमकाय शोधप्रबंध "रामकथा : उत्पत्ति और विकास" अपने विषय क्षेत्र में विश्वकोश से कम नहीं है. डॉ. धीरेन्द्र वर्मा ने कभी लिखा था- "हिन्दी क्या, किसी भी यूरोपीय अथवा भारतीय भाषा में इस प्रकार का कोई दूसरा अध्ययन उपलब्ध नहीं है."

ब्रिटिश उपनिवेश बनने से पहले इंडोनेशिया डच उपनिवेश रहा था और वियतनाम, कंबोडिया और लाओस में फ्रेंच साम्राज्य का प्रभुत्व स्थापित था. इन देशों में रामकथा पर आधारित भारतीय संस्कृति (हिन्दू-बौद्ध) से संबंधित जो आधारभूत सामग्री प्राप्य थी, वह मूलतः फ्रेंच और फ्लेमिश में ही उपलब्ध थी. वस्तुतः इन दोनों भाषाओं से अन्तरंग परिचय और दक्षता के कारण ही डॉ. बुल्के हमारे गौरवशाली अतीत का वह भूला-बिसरा अध्याय पुनर्जीवित कर सके और उस लुप्तप्राय ऐतिहासिक अभिलेख को हिन्दी के माध्यम से प्रस्तुत करने में समर्थ हुए.

सदियों पहले रामायण की कथा इंडोनेशिया, मलयेशिया, कंबोडिया, वियतनाम और लाओस जैसे दक्षिणपूर्वी एशिया के देशों में एक सांस्कृतिक धरोहर की मान्यता अर्जित कर चुकी थी. अनेक छोटे-बड़े द्वीप समूहों के देशों की सांस्कृतिक चेतना के विकास और संस्कार में रामकथा की जो छाप पड़ी, वह डॉ. बुल्के के शोध-सर्वेक्षण से पहले इस देश में अल्पज्ञात थी.

रामकथा उत्तर और दक्षिण भारत तथा पूववीं और पश्चिमी भारत समेत श्रीलंका, इंडोनेशिया, मारिशस आदि देशों के लोक जीवन में सदियों से भिन्न-भिन्न रूपों में प्रचलित रही है. इतिहास की दृष्टि से इन रूपान्तरों की खोज बौद्ध धर्म और जैन धर्म के ग्रंथों में वर्णित रामकथाओं से ही की जा सकती है. डॉ. बुल्के ने रामकथा की सामग्री की एकरूपता की परीक्षा के क्रम में वाल्मीकि रामायण के विभिन्न पाठों का पर्यवेक्षण करते हुए यह माना है कि वाल्मीकि का दक्षिणात्य पाठ अधिक प्राचीन है. लेकिन इस बात स्पष्ट प्रमाण मिलते हैं कि यह कथा जनसाधारण के बीच वाल्मीकि से पहले से ही प्रचलित थी. यह गाथाओं या गीतों के रूप में सुनी-सुनायी जाती थी और इस प्रकार इसका रूप आख्यान काव्य का था. इसकी उत्पत्ति वैदिक काल के बाद, लेकिन चौथी शताब्दी ई.पू. से कई शताब्दियों पहले हुई थी.

### लहराया हिंदी का परचम

आजादी के बाद हिन्दी पट्टी में खड़ी बोली हिन्दी का जो केन्द्रीय नेतृत्व उभरा, उसे दिशाहीन और दुराग्रही होने से बचाते हुए जिन मनीषियों ने अपनी बौद्धिक टेक निःशर्त सुलभ करायी थी, उनमें एक डॉ. कामिल बुल्के भी थे. स्वाधीनता के तुरत बाद हिन्दीसमर्थक अहिन्दीभाषी बुद्धिजीवियों की संख्या में कमी आयी थी. भारत के अन्तिम गवर्नर जेनरल और दक्षिण में तत्कालीन मद्रास राज्य के पहले मुख्यमंत्री रहे चक्रवर्ती राज गोपालाचारी और उत्तर भारत के प्रख्यात भाषाशास्त्री डॉ. सुनीति कुमार चटर्जी जैसे कई व्यक्तियों ने हिन्दी को समर्थन का अपना पुराना स्वर बदल दिया था. दूसरी ओर गांधी के देहावसान के बाद प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का अंग्रेजी समर्थक रुझान क्रमशः मुखर होता गया था. उस दौर में हिन्दी और सभी भारतीय भाषाओं के हित और एका के पक्ष में अंगरेजी विरोध का मोर्चा डॉ. राम मनोहर लोहिया के नेतृत्व में पुनर्गठित हुआ था. तो भी देशी भाषाओं के आन्दोलन के मोर्चे पर बौद्धिकों की अनुपस्थिति के सन्नाटे को जिन दो प्रख्यात विद्वानों के फ्रंट लाइन में आने से भरा जा सका, वे थे डॉ. रघुवीर और डॉ कामिल बुल्के.

यह संयोग था कि इन दोनों मनीषियों ने शब्दकोश निर्माण को भाषा की सम्प्रेषण क्षमता के अनिवार्य संसाधन की तरह महत्व दिया. डॉ. बुल्के ने स्थानीय मंचों से लेकर विश्व मंच तक, रांची से लेकर नागपुर और मारीशस तक, हिन्दी की समृद्धि का जीवनपर्यन्त उद्घोष किया. अंग्रेजी के समान्तर हिन्दी के शब्द भंडार के वैभव का अभिलेख प्रस्तुत करते हुए उन्होंने हिन्दी की भाषिक संरचना के समर्थ प्रवक्ता के रूप में विशद लोकस्वीकृति पायी थी. सच है कि बेलजियम मूल के अहिन्दीभाषी विद्वान के रूप में उनकी बात का वजन एक ओर हिन्दी विरोधियों की प्रहारक क्षमता को कुंठित करता था तो दूसरी ओर हिन्दी पट्टी में उनके आह्वाण को प्रेरणादायी शक्ति स्तम्भ का मान मिलता था. कोशकार डॉ. बुल्के के वैशिष्ट्य का अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि आज की तारीख में भी हिन्दी भाषा की व्यंजना शक्ति को, शब्द भंडार को, अर्थान्तर की सामथ्र्य को, अंग्रेजी की भाषिक क्षमता की तुलना में मजबूती से खड़ा करने वाला उनका यह कोश (अंग्रेजी-हिन्दी कोश) अपने ढंग का अकेला और अनुपम है.

### डॉ. बुल्के का कोश एक आदर्श कोश

पुस्तक बाजार में उपलब्ध अनेक अंग्रेजी-हिन्दी कोशों के बीच डॉ. कामिल बुल्के का कोश सर्वोत्तम, उपयोगी और सहज स्वीकार्य है. सरकारी पारिभाषिक कोश में कई प्रतिशब्द नहीं मिलते, डॉ. रघुवीर द्वारा प्रस्तुत कोश बहुत अव्यावहारिक है, राहुल-विद्यानिवास-माचवे द्वारा सम्पादित हिन्दी साहित्य सम्मेलन से 1948 में प्रकाशित शासन-शब्दकोश सिर्फ एक विषय तक सीमित है. डॉ. हरदेव बाहरी के कोश में पयार्यवाची शब्द ऐतिहासिक क्रम से दिये गये हैं. डॉ. भोलानाथ तिवारी ने माना है कि कोश विज्ञान की दृष्टि से डॉ. बुल्के का कोश एक आदर्श कोश है.

एक ऐसे व्यक्ति के द्वारा इस श्रेणी व स्तर का कोश निर्माण, जिसकी मातृभाषा हिन्दी नहीं हो, चकित करने योग्य लग सकता है. कहते हैं, देशज और आंचलिक शब्दों के प्रामाणिक अर्थ संधान के लिए वे हिन्दी कथा साहित्य की नवीनतम कृतियों का निरन्तर अवगाहन करते थे और डॉ. दिनेश्वर प्रसाद तथा अन्य इष्टमित्रों से विचार विनिमय का सहारा लेते थे. लगभग सौ साल पहले आइ. ए. रिचर्डस ने भाषा के सम्प्रेषण सामर्थ्य के बारे में जो ऐतिहासिक अवधारणा स्थापित की थी, उसकी निर्विवाद वैज्ञानिकता के मेल में ज्ञान की माध्यम भाषा के लिए हिन्दी के शब्द और अर्थ के अचूक मानकीकरण की दृष्टि से डॉ. कामिल बुल्के का यह कोश कालजयी है और अद्वितीय भी. वे आजीवन भाषा की वेदी पर एक निष्कम्प दीप की तरह प्रज्वलित रहे.

17 अगस्त, 1982 को उनका देहावसान दिल्ली में हुआ. उनके निधन के बाद उनके आवास और निजी पुस्तकालय को डॉ. कामिल बुल्के शोध संस्थान के रूप में परिवर्तित कर दिया गया है.

## काम के प्रति प्रतिबद्ध थे फादर बुल्के



डॉ. कमल कुमार बोस

उनकी पुस्तक रामकथा रामकथा का विश्व कोश है. एक बार मनरेसा हाउस में स्थित उनके आवास में मैं अपने मित्रों के साथ गया. अयोध्याकांड से सम्बन्धित किसी शंका के समाधान के लिए. देखा फादर आराम कुर्सी पर लेते हैं. वहां एक कागज़ पर लिखा मिला. मुझे हिला हिला कर जगाना. पर हमने आराम कर रहे फादर को जगाने की हिमाकत नहीं की. कुछ आहट पाकर हड़बड़ाकर उठ पड़े फादर. हमें देख अपराध बोध से ग्रसित फादर ने कहा, आप लोग कब से खड़े हैं? मैंने पूछा ,फादर आप क्या काम अभी कर रहे हैं? फादर ने सोत्साह, सानंद,और गर्व के साथ कहा- "ओल्ड टेस्टामेंट का अनुवाद कर चुका हूं, न्यू टेस्टामेंट का अनुवाद कर रहा हूं, मरने के पहले कुछ करना चाहता हूं."

ऐसे थे फादर, सचमुच पितृतुल्य, कर्मयोगी, निश्छल,सेवा भाव से आपूरित व्यक्तित्व, हिंदी के अनन्य सेवी, पूर्णतः भारतीय, एक दिव्य, अनूठा अयस्कांतीय व्यक्तित्व. विपुल अनुवाद कर उन्होंने हिंदी भाषा को समृद्ध किया.

**गंगा-यमुना के न्यौते पर आए भारत**

फादर कामिल बुल्के का जन्म दूर बेल्जियम के फलैन्डर्स में सन् 1909 ई. को हुआ था. उनके पुश्तैनी गांव का नाम है, राम्सकैपेल. बेशकजन्म से बेल्जियन थे, पर दिल से पूरी तरह भारतीय थे. पादरी होते हुए भी भारतीय परंपरा के ही संत, जिन्होंने न केवल अपने आपको इस मिट्टी में आत्मसात कर लिया था, वरन भारतीय काव्य-धर्म के लिए अपने को समर्पित भी कर दिया था. 1930 ई. में ही संन्यास ग्रहण करने के बाद 1935 ई. में वे पहली बार भारत आए. वे बार-बार स्वीकारते रहे हैं कि उन्हें गंगा और यमुना के इस देश में खींच लाने का पूरा श्रेय मानसकार गोस्वामी तुलसीदास को है.

**परहित सरिस धर्म नहिं भाई...**

नन्हीं सी उम्र में मातृभाषा फ्लेमिश में उन्होंने कोर्स की किताब में रामचरितमानस की कुछ पंक्तियों को पढ़ा. 'परहित सरिस धर्म नहिं भाई. परपीड़ा सम नहिं अधमाई.' – यह पंक्ति जीवन का यू टर्न साबित हुई. उस नन्हीं सी उम्र में ही उन्होंने तय कर लिया कि कभी न कभी तुलसी के देश में जाएंगे और इस कवि के साहित्य को मूल में पढ़ेंगे जिसमें मानवता के लिए ऐसे ऊंचे संदेश हैं. रामचरितमानस की जिन चौपाइयों ने फादर बुल्के को हिन्दी पढ़ने की प्रेरणा दी, उन्हीं चौपाइयों के रचयिता तुलसीदास का गुणगान वे आजीवन करते रहे. उनका शोध-प्रबंध 'रामकथाः उत्पत्ति और विकास' ने सम्पूर्ण विश्व-साहित्य में रामकथा के उद्भव और प्रसार में विश्व-कोश का रूप धारण कर लिया था.

**ये इच्छा अधूरी**

उन्होंने तुलसी के संबंध में न केवल हिन्दी में लिखा वरन अंगरेजी, फ्रेंच और फलेमिश में भी. 1978 ई. में तुलसी के विषय में प्रकाशित उनकी एकमात्र पुस्तक 'रामकथा और तुलसीदास' है, इससे वे संतुष्ट नहीं थे. वे तुलसी की भक्ति और उनके कवित्व पर एक विस्तृत पुस्तक लिखना चाहते थे. वे प्रायः कहा करते थे – "बाइबल का अनुवाद पूरा होने पर अपने कोश का परिवर्धित संस्करण तैयार करूंगा. इसके बाद तुलसी पर एक बड़ी पुस्तक लिखूंगा और स्वर्ग जाऊंगा.", पर उनकी ये दोनों इच्छाएं अधूरी रहीं.

**मनोविनोदी**

फादर बुल्के बड़े ही मनोविनोदी भी थे. उनकी सुनने की क्षमता कमजोर हो गई थी. जब भी आत्मीय जनों के साथ बातचीत शुरू होती तो बीच में ही कह उठते थे – "ठहरिए मैं जरा अपना कान ले आता हूं."

**ऐसी गरीबनी तो नहीं हमारी हिंदी!**

आज कम पढ़ा लिखा व्यक्ति भी हिंदी बोलता है तो अंग्रेजी के कुछ शब्द उसमें शामिल कर देता है. फादर हिन्दी बोलते थे तो विशुद्ध हिन्दी बोलते थे. दूसरों को भी हिन्दी में अंगरेजी शब्दों को घुसाते देखकर उन्हें खीज होती और वे कहते कि हमारी हिन्दी में ऐसे शब्द का विकल्प नहीं है क्या! हिन्दी ऐसी गरीबनी तो नहीं है. हिन्दी भाषियों को हिन्दी की उपेक्षा करते देखकर फादर को आंतरिक दुख होता था. फादर बुल्के ऐसे लोगों में थे जो अभिव्यक्ति की दृष्टि से हिन्दी को अंगरेजी से भी बड़ी मानते थे और अक्सर यह कहा करते थे – "हिन्दी में सब कुछ कहा जा सकता है।" भाषा को समृद्ध करने वाले रचनात्मक कार्य के रूप में अनुवाद का महत्त्व है, इस दृष्टि से फादर बुल्के का योगदान महत्त्वपूर्ण है.

## राम कथा के मर्मज्ञ कामिल बुल्के



अनिता रश्मि

बात सत्तर के दशक की है. एकाएक रांची वीमेन्स कॉलेज के साहित्यिक जगत में खूब गहमागहमी! मेरे महाविद्यालीय जीवन में महिलाओं की प्रसिद्ध साहित्यिक संस्था 'सुरभि' में डॉ. कामिल बुल्के जी और अप्रतिम कथाकार राधाकृष्ण जी के आने की पुरजोर सुगबुगाहट उठी. संस्थापिका डॉ. उषा सक्सेना दी ने दोनों के आने की सूचना दी. तब मैं वीमेंस कॉलेज के इंटर में थी.

और उसी सुगबुगाहट ने उनसे साहित्यप्री छात्राओं को जोड़ दिया. इंतजार करती रह गईं हम छात्राएं. सुना, बीमारी के कारण वे आ नहीं सकेंगे. प्रतीक्षारत आँखें फिर भी मायूस नहीं हुईं.

"हम मनरेसा हॉउस या संत जेवियर कॉलेज में मिल लेंगे."

"ठीक कहा. एक दिन प्रोग्राम बनाओ."

हम गए और उस कच्ची उम्र में भी उनसे मिलकर, उन्हें सुनकर अभिभूत हो गए. लंबे, छरहरे, गौरवर्णी, नीलाभ आंखोंवाले फादर की कार्यस्थली रांची के पुरुलिया रोड स्थित सुप्रसिद्ध संत जेवियर कालेज रही. हिन्दी विभागाध्यक्ष बुल्के साहब का निवास स्थान उसी पुरुलिया रोड में आगे मनरेसा हाउस था. 1951 में उन्होंने भारत की नागरिकता प्राप्त की. वे 27 साल तक संत जेवियर कॉलेज के हिंदी-संस्कृत के विभागाध्यक्ष रहे.

यह पूरा रोड इकलौता है, जिसमें पंक्तिबद्ध बगुलों की सी उपस्थिति शैक्षणिक संस्थानों की थी, अब भी है. यथा संत जेवियर कॉलेज, बगलगीर संत जॉन्स स्कूल, मनरेसा हाउस, सामने ऊर्सलाइन कॉन्वेंट, संत अलोइस स्कूल, संत अन्ना स्कूल आदि.

डॉ. फादर कामिल बुल्के साहित्य के ऐसे अध्ययेता और ज्ञाता कि छात्रगण उनसे हिंदी सीखने और उनकी निजी पुस्तकालय से किताबें लेने मनरेसा हाउस जाते थे. वे ऐसे हिन्दीप्रेमी थे वे कि न खुद हिन्दी के साथ अंग्रेजी के शब्दों की मिलावट करते थे, न किसी को करने देते थे. एक शब्द कोई मिलाता, फादर का कोपभाजन बनता. फ़ादर कामिल बुल्के हिंदी के इतने दीवाने थे कि सामान्य बातचीत में भी अंग्रेजी शब्द का प्रयोग पसंद नहीं करते थे. वे हिंदी के विद्वान, रामकथा के मर्मज्ञ और विदेश में जन्मे ऐसे हिंदीप्रेमी थे, जिन्हें इस बात का दुःख था कि हिंदीवाले ही अपनी हिंदी का सम्मान नहीं करते हैं. और अंग्रेजी भाषा के कारण ही राजनीतिक परतंत्रता के साथ भारतीयों में मानसिक दासता भी आ गई है.

हिन्दी प्रेम की मिसाल फादर बुल्के जी की प्रेरणा से न जाने कितने साहित्यप्रेमी, कलमजीवी, छात्रगण ने विशुद्ध हिन्दी की राह थाम ली थी. उन्होंने ए टेक्निकल इंग्लिश-हिंदी ग्लोसरी का लेखन किया. डॉ दिनेश्वर प्रसाद जी से मिलकर कामिल बुल्के जी ने अंग्रेजी-हिंदी शब्दकोश की रचना इसी मनरेसा हाउस में बैठकर की थी.

साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके अद्भुत कार्यों के कारण भारत सरकार द्वारा सन् 1974 में उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया. कालांतर में उन्हें गैंगरीन के कारण एम्स, दिल्ली में भर्ती होना पड़ा. वहीं 1982 में फादर ने अंतिम सांस ली. सालों बाद उनके अवशेष सह पवित्र माटी को रांची लाया गया और जेवियर कॉलेज, रांची के परिसर में स्थापित किया गया.

उनकी छाप, आत्मा की ऊंचाई की झलक अभी भी शोध केन्द्र मनरेसा हाउस में देखी जा सकती है. लाइब्रेरी में भी. कुछ दिनों पूर्व वहां घूमते हुए एक अवर्चनीय सुखद एहसास हुआ था.

पूर्व का पुरुलिया रोड अब उनके नाम पर ही कामिल बुल्के पथ हो गया है. मनरेसा हाउस के प्रांगण में भव्य, शुभ्र वसनधारी बुल्के साहब की आदमकद प्रतिमा के शिला पट पर मानस की बहुचर्चित पंक्तियां अंकित हैं-

**"परहित सरिस धर्म नहीं भाई।**
**परपीड़ा सम नहीं अधमाई।"**

करुणामय, दयालु सीधे-सरल, सच्चे साधक बुल्के जी ने मानस की इन पंक्तियों को अपने जीवन में ढाल लिया था. जो भी उनसे मिलता, उनका हो जाता. उनके व्यवहार, स्वभाव, सदाचार की चर्चा आम थी.

मैंने एक स्कूल में अध्यापन के दौरान सर्वेश्वर दयाल सक्सेना जी का उन पर लिखा शानदार संस्मरण "मानवीय करुणा की दिव्य चमक" पढ़ाया था.

उसमें सक्सेना जी ने उन्हें देवदार से ऊंचा बताया था. पढ़ाते हुए अनेक छात्र-छात्राओं को मनरेसा हाउस जाने के लिए प्रेरित किया था. अनेक विद्यार्थी गए. वे भी चकित और अभिभूत हुए. पूरा मनरेसा परिसर ही जैसे संत स्वभाव के आगे नतमस्तक नजर आता है. हां, अब भी.



**जयंती विशेष : हबीब तनवीर**

## ख्वाहिशें जो पूरी न हो सकीं

आधुनिक भारतीय रंग-मंच के अग्रणी हस्ताक्षरों में शामिल हबीब तनवीर गर आज होते तो अपना 101वां जन्मदिन मना रहे होते. उनका जन्म एक सितंबर, 1923 को रायपुर में हुआ था. उनकी प्रमुख कृतियों में आगरा बाजार (1954) चरणदास चोर (1975), मिट्टी की गाड़ी, गांव का नाम ससुराल मोर नाम दामाद, चरनदास चोर, हिरमा की अमर कहानी आदि शामिल हैं. रंगकर्म तथा साहित्य की अपनी यात्रा के दौरान कुछ फिल्मों की पटकथाएं-गीत भी लिखीं और उनमें अभिनय भी किया. उनका निधन 8 जून 2009 को भोपाल में हुआ था. अपने अंतिम समय में भी हबीब तनवीर ऊर्जा से भरे हुए थे और लगातार काम करते रहे. थिएटर, आर्ट और जनता के लिए समर्पित रहे. आज जयंती के मौके पर हम चर्चा करेंगे हबीब तनवीर की उन दो ख्वाहिशों की, जो पूरी नहीं हो सकीं.

### नहीं जा पाए पेशावर

हबीब तनवीर के पिता की चाहत थी कि जिंदगी में वे एक बार पेशावर जरूर जाएं. अपने जीवन के अंतिम दिनों में हबीब साहब ने अपनी इस ख्वाहिश का जिक्र करते हुए कहा था कि उनके अब्बा चाहते थे कि वे पेशावर के ऑडिटोरियम में कुछ नाटक पेश करें. वहां के चप्पली कबाब जरूर खाकर आएं. लेकिन वे पेशावर नहीं जा पाए और उनकी यह ख्वाहिश पूरी होने से पहले ही वे जमाने से रुखसत कर गए.

### अफगानिस्तान में वर्कशॉप

हबीब तनवीर अक्सर अपने नाटक के साथियों से कहते थे कि वे अफगानिस्तान के लोक कलाकारों के साथ एक वर्कशॉप करना चाहते थे. 1972 में सरकार की ओर से उन्हें फरमान मिला कि मालूम करो कि काबुल में थियेटर वर्कशॉप हो सकती है या नहीं. तब बन्ने भाई सज्जाद जहीर के साथ काबुल पहुंचे. कहवा पीते हुए हमने काबुल में थियेटर की बातें कीं. वहां जबरदस्त लोक थियेटर है. अफगान की तवायफों का नाच लगातार चलता है पर एक गम था वो ये कि वहां हालात थिएटर के लायक नहीं थे.

### रंगकर्मी कहते हैं




डॉ. सुशील अंकन

"हबीब अहमद खान उर्फ हबीब तनवीर का जन्म नाटकों और कविताओं के लिए ही हुआ था ऐसा हम कह सकते हैं. छतीसगढ़ की सोंधी जनजातीय मिट्टी से निकल कर अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय तक के सफर में केवल शब्दों-अल्फ़ाज़ों की थाती रही उनके पास. जितना उर्दू में लिखा उससे ज्यादा हिन्दी में लिखा और उनके नाटकों में रॉयल अकादमी ऑफ ड्रमैटिक आर्ट्स का भी प्रभाव रहा किन्तु जनजातीय मिट्टी की सुगंध और भाषा की चमक का मोह वे कभी छोड़ नहीं पाए, इसलिए तो "गाँव का नाम ससुराल और मोर नाम दामाद" की रचना हुई.


वैसे तो उनके लिखे और निर्देशित दर्जनों नाटक है किन्तु उनके सर्वाधिक चर्चित नाटकों में चरणदास चोर, आगरा बाजार, जिन लाहौर नहीं देखया, राज रक्त, उत्तर रामचरित्र, मिट्टी की गाड़ी आदि का उल्लेख आवश्यक हो जाता है क्योंकि नाटक ही उन्हे संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, नेहरू फेलोशिप, पद्मश्री और पद्म भूषण तक पहुंचाते हैं.

हबीब अहमद खान से हबीब तनवीर बनने का भी यही राज है. ऐसे लोग बिरले ही होते हैं जिसकी सोच में अपनी माटी की सुगंध हो और भाषा में आत्मीय माधुर्य. इनके दो तीन नाटकों का साक्षी रांची महानगर भी रहा है. रांची में हुए जिस लाहौर नहीं देखया, चरण दस चोर नाटक मैंने देखे हैं. उनका नाटक मैंने नहीं किया है."



राकेश रमण

"मैंने हबीब तनवीर के कई नाटक देखे हैं लेकिन सीधे उनके द्वारा निर्देशित कोई नाटक नहीं देखा. उनके नाटकों का मंचन देखा है. जैसे चरण दास चोर, बकरी आदि. जहां तक मेरा प्रश्न है, मैंने हबीब तनवीर जी को उनके नुक्कड़ नाटक के प्रयोग से जानना आरंभ किया. जब मैं स्वयं नुक्कड़ नाटक करने लगा तो कहीं न कहीं उनसे एक बल मिलता था कि हबीब तनवीर जैसा एक बड़ा नाटककार नुक्कड़ पर नाटक कर रहा है. जब नुक्कड़ नाटक को मंच नाटक करने वाले निर्देशक या अभिनेता उचित दृष्टि से नहीं देखते थे तब नुक्कड़ करते हुए हबीब तनवीर का उदाहरण हमें प्रेरणा देता था."



कुमकुम गौड़

"रांची में उनके नाटक चरणदास चोर को देखने का मौका कई बार मिला है. कई लोगों द्वारा यहां इसे मंचित किया गया है. मुझे अब तक उनके नाटक को करने का मौका नहीं मिला है. ख्वाहिश है कि उनका कोई नाटक मैं भी करूं."

"हबीब तनवीर हिंदी उर्दू के मूर्धन्य नाट्य व्यक्तित्व रहे. लेखन,निर्देशन,एवं अभिनय के इलाके की एक अप्रतिम हस्ती रहे ने अपनी अमर रचना आगरा बाजार,चरणदास चोर आदि नाटकों के माध्यम से हिंदी नाटक को नई दिशा दी. चरणदास चोर की अनेक प्रस्तुतियों ने रांची के दर्शकों को अभिभूत किया. संजय लाल की नाट्य टीम ने इस नाटक के कई मंचन किए. नाट्य प्रेमियों के बीच आप सदा स्मरणीय रहेंगे."

- डॉ कमल बोस

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

### ब्रीफ खबरें

#### भांबरी-ओलिवेटी तीसरे दौर में, बालाजी-आंद्रेओजी बाहर

**न्यूयॉर्क।** भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटी की जोड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके ऑस्टिन क्राजिस्क और जीन जूलियन रोजर को हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के तीसरे दौर में जगह बनाई. भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने अमेरिका के क्राजिसेक और नीदरलैंड के जीन जूलियन रोजर की 15वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को 4-6, 6-3, 7-5 से हराया. भारत के एक अन्य खिलाड़ी एन श्रीराम बालाजी और अर्जेंटीना के उनके जोड़ीदार गुइडो आंद्रेओजी दूसरे दौर में न्यूजीलैंड के माइकल वीनस और ग्रेट ब्रिटेन के नील स्कूपस्की से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गए.

#### आईजीयू ने जीसी सदस्य को निलंबित किया

**नयी दिल्ली।** भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) ने अपनी संचालन परिषद (जीसी) के वरिष्ठ सदस्य संदीप वर्मा को पेरिस ओलंपिक के दौरान कथित गलत आचरण की जांच लंबित रहने तक निलंबित कर दिया है.आईजीयू के अध्यक्ष ब्रिजेंदर सिंह ने एक आधिकारिक आदेश में कहा, 'भारतीय गोल्फ संघ अपनी संचालन परिषद के सदस्य संदीप वर्मा को पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करते समय गंभीर कदाचार के लिए उनके खिलाफ जांच लंबित रहने तक तत्काल प्रभाव से यानी 30 अगस्त 2024 से निलंबित करता है.' सिंह ने कथित कदाचार के बारे में विस्तार से बताए बिना कहा कि जांच में एक सप्ताह से 10 दिन का समय लगेगा.उन्होंने कहा, 'उसका कृत्य इतना गंभीर है कि उसे निलंबित किया जाना चाहिए. हमने जांच बिठा दी है और एक सप्ताह या 10 दिन के अंदर हमें रिपोर्ट मिल जाएगी.'

#### शुभंकर ने ब्रिटिश मास्टर्स कट में जगह बनाई

**बेल्फ्राइ (ब्रिटेन)।** डीपी वर्ल्ड टूर पर दो बार के विजेता भारत के शुभंकर शर्मा दूसरे दिन का समापन बोगी से करने के बावजूद ब्रिटिश मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने में सफल रहे. शुभंकर ने दूसरे दौर में इवन पार 72 का स्कोर किया। उन्होंने पहले दौर में एक अंडर 71 का स्कोर किया था. वह दूसरे दौर के बाद संयुक्त 37वें स्थान पर थे. इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी ओम प्रकाश (71-83) दूसरे राउंड में खराब प्रदर्शन के कारण कट से चूक गए. पहले दौर में 69 का कार्ड खेलने वाले इंग्लैंड के टायरेल हैटन ने दूसरे दौर में सात अंडर पार 65 का स्कोर बनाया जिससे वह एक शॉट की बढ़त हासिल करने में सफल रहे.

#### दीक्षा डागर ने आयरिश ओपन कट में जगह बनाई

**डबलिन (आयरलैंड)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर दूसरे दौर में एक ओवर का कार्ड खेलने के बावजूद यहां केपीएमजी महिला आयरिश ओपन में कट में जगह बनाने में सफल रही. दो बार की लेडीज़ यूरोपियन टूर विजेता दीक्षा पर एक समय कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा था, लेकिन उन्होंने 17वें होल पर बर्डी लगाकर दिन का समापन एक ओवर पर किया. ओलंपियन दीक्षा ने पहले दौर में एक अंडर 72 का स्कोर किया था. वह अभी संयुक्त रूप से 55वें स्थान पर हैं. भारत की अन्य खिलाड़ियों में प्रणवी उर्स (73-74), त्वेसा मलिक संधू (76-78) और रिधिमा दिलावरी (79-76) कट से चूक गईं.

# जोकोविच अमेरिकी ओपन से बाहर, कोको गॉफ अगले दौर में



**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

कार्लोस अल्कराज के बाहर होने के एक दिन बाद गत चैंपियन नोवाक जोकोविच भी चार सेट तक चले मुकाबले में हार कर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए. अपना 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच को ऑस्ट्रेलिया के 28वीं वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन ने 6-4, 6-4, 2-6, 6-4 से हराया. यह 2017 के बाद पहला अवसर है जबकि दूसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच साल में एक भी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट नहीं जीत पाए. इससे पहले 2010 में भी ऐसा हुआ था. यही नहीं यह 2002 के बाद पहला अवसर है जबकि टेनिस के तीन दिग्गज खिलाड़ी ज ोक ोविच , राफेल नडाल और रोजर फेडरर में से किसी ने भी किसी एक साल में ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी हासिल नहीं की.




जोकोविच इससे पहले 2005 और 2006 में अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए थे. यह 37 वर्षीय खिलाड़ी 2011, 2015, 2018 और 2023 में यहां चैंपियन बना था. पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले जोकोविच ने 14 बार डबल फॉल्ट किया और वह मैच के दौरान थके हुए नजर आ रहे थे.ऑस्ट्रेलिया के 25 वर्षीय पोपिरिन की जोकोविच के खिलाफ यह पहली जीत है. अब उनका मुकाबला अमेरिका के 20वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस टियाफो से होगा, जिन्होंने हमवतन बेन शेल्टन को 4-6, 7-5, 6-7 (5), 6-4, 6-3 से पराजित किया. महिला वर्ग में पिछली चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ पहला सेट गंवाने के बावजूद आगे बढ़ने में सफल रही. अमेरिका की इस खिलाड़ी ने 27वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को 3-6, 6-3, 6-3 से हरा कर अपने खिताब का बचाव करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए. एम्मा नवारो भी अगले दौर में जगह बनाने में सफल रही. इस 13वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 19वीं वरीय मार्टा कोस्ट्युक पर 6-4, 4-6, 6-3 से जीत दर्ज की.

### पैरालंपिक बैडमिंटन में भारतीस पुरुष खिलाड़ियों ने दिखाया दम

# नितेश, सुकांत पुरुष एकल के सेफा में

**एजेंसी। पेरिस**

भारतीय शटलर नितेश कुमार और सुकांत कदम ने शनिवार को पेरिस पैरालंपिक में अपने आखिरी ग्रुप मैचों में सीधे गेम में जीत दर्ज करने के बाद क्रमशः पुरुष एकल एसएल 3 और एसएल 4 श्रेणियों के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया. पिछले साल चीन में एशियाई पैरा खेलों में रजत पदक जीतने वाले एसएल 3 वर्ग के खिलाड़ी नितेश ने थाईलैंड के मोंगखोन बुनसुन को 21-13, 21-14 से हराकर लगातार तीसरी जीत हासिल की और ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया.बुनसुन ने ग्रुप ए से दूसरे स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया. दोनों ग्रुप में शीर्ष दो स्थानों पर रहने वाले खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया. एसएल3 वर्ग निचले अंगों की गंभीर विकलांगता वाले खिलाड़ियों के लिए है. वे आधी चौड़ाई वाले कोर्ट पर खेलते हैं. इसी ग्रुप के एक अन्य मुकाबले में तोक्यो पैरालंपिक के कांस्य पदक विजेता मनोज सरकार ने चीन के यांग जियानयुआन को 21-1, 21-11 से हराया. वह हालांकि मनोज इससे पहले बुनसुन और नितेश से हारने के बाद सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गये थे. पुरुष एकल एसएल4 वर्ग में सुकांत ने थाईलैंड के टीमारोम सिरीपोंग को 21-12, 21-12 से हराकर ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल किया और हमवतन सुहास यतिराज के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहे. तीन खिलाड़ियों के ग्रुप में यह उनकी लगातार दूसरी जीत थी. सुकांत ने पिछले साल चीन में एशियाई पैरा खेलों में कांस्य पदक जीता था. एसएल4 में वो एथलीट प्रतिस्पर्धा करते हैं जिनके निचले अंग में कमजोरी होती है और जन्हें चलने या दौड़ने में संतुलन की मामूली समस्या होती है. सुकांत ने इस मैच के बाद कहा, ''यह मेरा पहला टूर्नामेंट है. मैं सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करके बहुत खुश हूं. मैं आज के खेल के लिए अच्छी तरह से तैयार था. पहला मैच इससे कहीं अधिक कठिन था. इस मुकाबले में मैं एक बार एक अंक हासिल करने पर ध्यान दे रहा था.

पुरुषों की एसएल4 प्रतियोगिता में चारों ग्रुप में से केवल शीर्ष खिलाड़ी ही सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं. इससे पहले मनदीप कौर ने पेरिस महिला एकल एसएल3 स्पर्धा में ऑस्ट्रेलिया की विनोट सेलीन ऑरेली को हराकर महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. मनदीप ने अपनी ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ ग्रुप बी में अपना आखिरी मैच 21-23 21-10 21-17 से जीता. वह अपना पहला मैच नाइजीरिया की बोलाजी मरियम से हार गई थीं. क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के लिए भारतीय खिलाड़ी के लिए यह मैच जीतना जरूरी था. उन्होंने तीन खिलाड़ियों के ग्रुप बी



### पैरालंपिक नौकायन : रेपेशेज में तीसरे स्थान पर, फाइनल बी में प्रवेश किया



**पेरिस ।** भारतीय नौकाचालक अनिता और नारायण कोंगनापल्ले शनिवार को यहां पेरिस पैरालंपिक की मिश्रित पीआर3 डबल स्कल्स स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहे.यह जोड़ी 7:54.33 सेकेंड से यूक्रेन (7:29.24 सेकेंड) और ब्रिटेन (7:20.53 सेकेंड) से पीछे रही.भारतीय जोड़ी अब फाइनल बी में प्रतिस्पर्धा करेगी जो सातवें से 12वें स्थान के लिए होती है.शुक्रवार को हीट के दौरान भारतीय जोड़ी 8:06.84 सेकेंड के समय से पांचवें स्थान पर रही थी. अनीता ने 18 साल की उम्र में एक सड़क दुर्घटना में अपना पैर खो दिया था. उन्होंने इस साल की शुरुआत में वर्ल्ड रोइंग एशियाई और ओसनियाई पैरालंपिक क्वालीफायर में स्वर्ण पदक जीता था.राष्ट्रीय राइफल्स के पूर्व सैनिक कोंगनापल्ले ने 2015 में जम्मू कश्मीर में ड्यूटी के दौरान एक खान में हुए धमाके में अपना पैर खो दिया था. उनकी उपलब्धियों में वर्ल्ड रोइंग एशियाई और ओसनियाई पैरालंपिक क्वालीफायर और एशियन रोइंग वर्चुअल इंडोर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक शामिल हैं.पीआर3 श्रेणी वे पैरा एथलीट खेलते हैं जिनके पैर कोई काम नहीं कर सकते जिससे वे सीट को स्लाइड कर सकते हैं.

#### 10 मीटर एयर राइफल स्वरूप की चुनौती खत्म

**शेटराउ।** भारतीय निशानेबाज स्वरूप उन्हाल्कर शनिवार को यहां पैरालंपिक खेलों की पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग (एसएच1) के क्वालीफिकेशन दौर में निराशाजनक 14वें स्थान पर रहे और आठ खिलाड़ियों के फाइनल में जगह बनाने में विफल रहे. तीन साल पहले तोक्यो पैरालंपिक में 38 वर्षीय स्वरूप कांस्य पदक से चूक गये थे. शनिवार को भी वह 18 निशानेबाजों में 613.4 अंक ही बना सके. दक्षिण कोरिया के पार्क 624.4 अंक से क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहे और स्वरूप से पूरे 10.5 अंक आगे रहे. कोल्हापुर के इस निशानेबाज को बचपन में पोलियो का पता चला था जिससे उनके दोनों पैर में लकवा मार गया था. उन्होंने 101.8, 103.0, 101.7, 101.8, 102.4, 102.7 के स्कोर से 613.4 अंक बनाये.

#### मनदीप कौर एसएल3 के एकल क्वार्टर फाइनल में

**पेरिस।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मनदीप कौर ने पेरिस पैरालिंपिक में महिला एकल एसएल3 स्पर्धा में शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया की विनोट सेलीन ऑरेली को हराकर महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. मनदीप ने अपनी ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ ग्रुप बी में अपना आखिरी मैच 21-23 21-10 21-17 से जीता. वह अपना पहला मैच नाइजीरिया की बोलाजी मरियम से हार गई थीं. क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के लिए भारतीय खिलाड़ी के लिए यह मैच जीतना जरूरी था. उन्होंने तीन खिलाड़ियों के ग्रुप बी में दूसरा स्थान हासिल किया. मरियम ने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया. इससे पहले शुक्रवार देर रात खेले गए मैच में सुहास यतिराज और पलक कोहली अपने शुरुआती मिश्रित युगल एसएल3 मुकाबले में हिकमत रामदानी और लीनी ओक्टिला की शीर्ष वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी से 11-21, 17-21 से हार गए. एसएल3 मिश्रित युगल के एक अन्य मैच में नितेश कुमार और थुलासिमथी मुरुगेसन को फ्रांस के फॉस्टीन नोएल और लुकास मजूर से 22-24, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा. मिश्रित युगल में एकमात्र जीत नित्या सिवान सुमाथी और सिवाराजन सोलाईमलाई ने हासिल की. उन्होंने ग्रुप बी में थाईलैंड के नत्थापोंग मीचाई और चाई सेयांग को 21-7, 21-17 से हराया.




में दूसरा स्थान हासिल किया. मरियम ने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया. इससे पहले शुक्रवार देर रात खेले गए मैच में सुहास यतिराज और पलक कोहली अपने शुरुआती मिश्रित युगल एसएल3 मुकाबले में हिकमत रामदानी व लीनी ओक्टिला की शीर्ष वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी से हार गए. एसएल3 मिश्रित युगल के एक अन्य मैच में नितेश कुमार और थुलासिमथी मुरुगेसन को फ्रांस के फॉस्टीन नोएल और लुकास मजूर से हार का सामना करना पड़ा.


#### साइकिलिंग :अरशद शेख, ज्योति गडेरिया ने निराश किया

**पेरिस।** भारतीय साइकिलिस्ट अरशद शेख और ज्योति गडेरिया शनिवार को यहां पेरिस पैरालंपिक में अपनी ट्रैक साइकिलिंग स्पर्धाओं में प्रभावित करने में विफल रहे और क्वालीफिकेशन दौर में बाहर हो गये.पुरुषों के 1,000 मीटर टाइम ट्रायल सी13 के क्वालीफाइंग चरण में शेख 1:21.416 के समय से निराशाजनक निचले (17वें) पायदान पर रहे और फाइनल दौर में जगह बनाने में विफल रहे.वह शुक्रवार को पुरुषों की 3,000 मीटर परस्यूट सी2 स्पर्धा में भी विफल रहे थे. ज्योति भी महिलाओं की 500 मीटर टाइम ट्रायल सी1–3 क्वालीफाइंग स्पर्धा में 49.233 के समय से निचले (11वें) स्थान पर रहीं. गुरुवार को वह महिलाओं की 3,000 मीटर परस्यूट सी1–3 क्वालीफाइंग स्पर्धा में निचले स्थान पर रही थीं.दोनों भारतीय रोड साइकिलिंग स्पर्धाओं में भी हिस्सा लेंगे.सी1 से सी5 एकल श्रेणियां हैं जिनमें कृत्रिम अंग या ऊपरी या निचले अंगों की सीमित गतिशीलता वाले एथलीट भाग लेते हैं.

## जडेजा संपूर्ण ऑलराउंड क्षेत्ररक्षक रैना भी शानदार थे : जोंटी रोड्स

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर जोंटी रोड्स ने रविंद्र जडेजा को वर्तमान समय का संपूर्ण ऑलराउंड क्षेत्ररक्षक करार दिया और साथ ही पूर्व भारतीय खिलाड़ी सुरेश रैना की भी जमकर प्रशंसा की.क्रिकेट जगत के सर्वकालिक महान क्षेत्ररक्षकों में से एक रोड्स 1992 से लेकर 2003 तक दक्षिण अफ्रीका की तरफ से खेले थे. वह दक्षिण अफ्रीका की तरफ से वनडे में 100 कैच लेने वाले पहले खिलाड़ी बने थे. संन्यास लेने के बाद रोड्स क्षेत्ररक्षण कोच के रूप में कई आईपीएल टीमों से जुड़े रहे जिनमें मुंबई इंडियंस, पंजाब किंग्स और हाल ही में लखनऊ सुपर जायंट्स शामिल हैं. रोड्स ने कहा, ''मैं सुरेश रैना का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं. मैंने उनके खेल के दिनों का आनंद लिया लेकिन अब वह संन्यास ले चुके हैं. वह ऐसे समय में मैदान के किसी भी हिस्से में गोता लगा देते थे जबकि भारतीय मैदान इसके लिए अनुकूल नहीं हुआ करते थे.' उन्होंने कहा, 'इस मामले में मैं भाग्यशाली था क्योंकि मैंने फुटबॉल, हॉकी और क्रिकेट अच्छे मैदानों पर खेली थी.' रोड्स को शनिवार को हीरो प्रो कॉरपोरेट लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया. उन्होंने जडेजा की भी जमकर प्रशंसा करते हुए कहा, 'जडेजा अलग स्तर का क्षेत्ररक्षक है.

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए समित द्रविड़ अंडर-19 टीम में शामिल

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



भारत के पूर्व कप्तान और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के बेटे समित द्रविड़ को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए भारत की अंडर-19 टीम में शामिल किया गया है. तीन मैचों की वनडे श्रृंखला 21, 23 और 26 सितंबर को पुडुचेरी में होगी, जिसमें भारतीय टीम का नेतृत्व उत्तर प्रदेश के मोहम्मद अमान करेंगे.इसके बाद इन दोनों टीम के बीच चेन्नई में दो चार दिवसीय मैच खेले जाएंगे. पहला मैच 30 सितंबर से जबकि दूसरा मैच सात अक्टूबर से शुरू होगा. इन दोनों मैच में भारतीय टीम की कप्तानी मध्य प्रदेश के सोहम पटवर्धन करेंगे. ऑलराउंडर समित वर्तमान में बेंगलुरु में चल रही केएससीए महाराजा टी20 ट्रॉफी में मैसूर वॉरियर्स के लिए खेल रहे हैं. इस टूर्नामेंट में समित अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं. उन्होंने सात पारियों में 82 रन बनाए हैं.

## साई सुदर्शन को टीम इंडिया में नहीं मिला मौका तो इंग्लैंड जाकर कमाया नाम

- छक्का लगाकर काउंटी में ठोका अपना शतक

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के 22 साल के युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन फिलहाल इंग्लैंड में हैं. जहां वह काउंटी चैंपियनशिप खेल रहे हैं. वह हाल ही में 2 मैच के लिए सरे के साथ जुड़े थे. ऐसे में उन्होंने अब काउंटी में कमाल कर दिया. साई ने अपनी गजब की बल्लेबाजी से सबको प्रभावित किया. सुदर्शन ने सरे के लिए खेलते हुए नॉटिंघमशायर के खिलाफ अपना पहला काउंटी शतक ठोका. उन्होंने नॉटिंघमशायर के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की.

वैसे तो साई सुदर्शन ने अपनी शतकीय पारी में सिर्फ 1 छक्का लगाया. लेकिन वो 1 सिक्स उन्होंने अपनी सेंचुरी पूरी करते हुए ठोका. सुदर्शन ने वीरेंद्र सहवाग के स्टाइल में अपनी सेंचुरी पूरी की.

### टूट गया सपना | सूर्यकुमार यादव बुची बाबू टूर्नामेंट में हुए चोटिल

# टेस्ट में वापसी का सपना देख रहे थे सूर्या, इंजरी ने सब खराब कर दिया

- दलीप ट्रॉफी में शायद ना आएं नजर
- क्या बांग्लादेश सीरीज से पहले होंगे फिट

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव 19 सितंबर से शुरू होने वाली 2 मैच की टेस्ट सीरीज में अपना कमबैक देखने का सपना देख रहे थे. बता दें कि 2023 के शुरुआत में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डेब्यू करने के बाद सूर्या को टेस्ट टीम से ड्रॉप कर दिया गया था.



हालांकि अब वह 5 सितंबर से शुरू होने वाली दलीप ट्रॉफी में रेड बॉल क्रिकेट में खुद को साबित करने के लिए उतरने वाले थे, लेकिन उससे पहले ही सूर्या चोटिल हो गए.

बुची बाबू इंटरनेशनल टूर्नामेंट में मुंबई के लिए खेलते हुए तमिल नाडु संघ इलेवन के खिलाफ फील्डिंग के दौरान सूर्यकुमार यादव चोटिल हो गए. सूर्या के हाथ में चोट लगी है. हालांकि इस बात की अभी कोई जानकारी नहीं है कि सूर्यकुमार यादव की चोट कितनी गंभीर है. वह 5 सितंबर से शुरू होने वाली दलीप ट्रॉफी के लिए फिट हो पाएंगे या नहीं. इस बात की भी अब तक पुष्टि नहीं की गई है. 19 सितंबर से शुरू होने वाली बांग्लादेश टेस्ट सीरीज से पहले होने वाली दलीप ट्रॉफी में सूर्यकुमार यादव समेत और अन्य सीनियर खिलाड़ी भी खेलने वाले हैं. जो इस टूर्नामेंट में खुद को साबित कर बांग्लादेश सीरीज में जगह बनाने को देख रहे हैं. सूर्या के पास भी यह सुनहरा मौका है. लेकिन उसके लिए उनका फिट होना बहुत जरूरी है.

#### सूर्यकुमार यादव का रेड बॉल कॅरियर

33 साल के सूर्यकुमार यादव ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में कुल 82 मुकाबले खेले हैं. इस दौरान खेली गई 137 पारियों में उन्होंने 5628 रन बनाए हैं. सूर्या का औसत 43 का रहा है. उनके बल्ले से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 14 शतक और 29 अर्धशतक देखने को मिले हैं. इसके अलावा सूर्या ने भारत के लिए एकमात्र टेस्ट मैच खेला है, जिसमें उन्होंने सिर्फ 8 रन बनाए थे.

### मुख्य अतिथि विधायक कल्पना सोरेन करेंगी लीग का शुभारंभ

# जेएससीए वीमेंस टी-20 पांच सितंबर से

**खेल संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) झारखंड में घरेलू महिला टी 20 लीग के तीसरे संस्करण कि शुरुआत 5 सितंबर से करने जा रहा है. इसी कड़ी में शनिवार को जेएससीए में प्रेसवार्ता की गई, जिसमें जेएससीए के वाइस प्रेसिडेंट नरेंद्र सिन्हा, सेक्रेटरी देवाशीष चक्रवर्ती, ज्वाइंट सेक्रेटरी पीएम सिंह और डब्लूसीए के प्रतिनिधि मौजूद थे. वाइस प्रेसिडेंट नरेंद्र सिन्हा ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता का आगाज पांच सितंबर को जेएससीए में किया जाएगा. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कल्पना सोरेन शामिल होंगी. प्रतियोगिता डब्लूसीए के साथ मिलकर बीसीसीआई के गाइडलाइन के अनुसार होगा. इस बार प्रतियोगिता का आयोजन बड़े स्तर पर किया जा रहा है. खिलाड़ियों को कैश अवार्ड और गिफ्ट भी दिए जाएंगे.

जेएससीए के ज्वाइंट सेक्रेटरी पीएम सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में पांच टीमें शामिल होंगी. जिनके नाम रांची रॉयल्स, जमशेदपुर टाइटंस, धनबाद ड्रैगन्स, दुमका डायनामोज, बोकारो वारियर्स है. हरेक टीम में 16 खिलाड़ी को शामिल किया गया है.




#### दर्शकों को मिलेगी फ्री इंट्री

जेएससीए के सेक्रेटरी देवाशीष चक्रवर्ती ने बताया कि प्रत्येक दिन दो मैच खेले जायेंगे. दिन का पहला मैच सुबह नौ बजे से होगा. दर्शकों को स्टेडियम में फ्री इंट्री मिलेगी. दर्शक केवल साउथ पवेलियन से ही इंट्री ले सकेंगे. जेएससीए टूर्नामेंट का उद्देश्य झारखंड में महिला क्रिकेट को बढ़ावा देना, महिला क्रिकेटरों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है.

## न्यूज अपडेट

### केदारनाथ के पास हेलीकॉप्टर गिरा

**देहरादून ।** रक्षा बलों के एमआई-19 हेलीकॉप्टर से लाया जा रहा एक अन्य हेलीकॉप्टर बीच हवा में रस्सी टूटने के कारण शनिवार सुबह केदारनाथ के पास पहाड़ियों में जा गिरा. घटना में अभी किसी के हताहत होने की खबर नहीं है. घटना से जुड़ा एक वीडियो 'पीटीआई वीडियो' को प्राप्त हुआ है. विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है.

### अजीत डोभाल राज्यपाल से मिले

**चेन्नई।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने शनिवार को यहां तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि से मुलाकात की और राष्ट्रीय सुरक्षा पर सार्थक चर्चा की. राजभवन ने यह जानकारी दी. राजभवन ने कहा कि रवि ने राजभवन में डोभाल का स्वागत किया और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत तथा उपयोगी चर्चा की.

### वैन-बाइक में टक्कर, तीन की मौत

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के गौरी बाजार थाना क्षेत्र में एक वैन ने तीन मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए. गौरी बाजार थाना प्रभारी डीके मिश्र ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 10 बजे एक पिकअप वैन ने तीन मोटरसाइकिल को जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई.

### दो रैलियों को संबोधित करेंगे राहुल

**अनंतनाग।** जम्मू-कश्मीर विस चुनाव के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने के वास्ते राहुल गांधी चार सितंबर को यहां दो चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे. महासचिव गुलाम अहमद मीर ने कहा कि राहुल चार सितंबर को जम्मू-कश्मीर का दौरा करेंगे और गठबंधन उम्मीदवारों के लिए कश्मीर के साथ-साथ जम्मू में भी चुनाव प्रचार रैली को संबोधित करेंगे.

### वायनाड में फिर हुआ भूस्खलन

**वायनाड (केरल) ।** वायनाड में उस पुंचिरीमट्टम के ठीक ऊपर शनिवार को भूस्खलन हुआ जो 30 जुलाई को हुए उस भूस्खलन का केंद्र था जिसमें जिले के 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी. मुंदक्कई और चूरलमाला क्षेत्रों में 30 जुलाई को हुए भूस्खलन में 200 से अधिक लोग मारे गए थे तथा 78 लोग अब भी लापता हैं.

### पीएम ने तीन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरठ को लखनऊ, मदुरै को बेंगलुरु और चेन्नई को नागरकोइल से जोड़ने वाली तीन नयी वंदे भारत ट्रेन को शनिवार को हरी झंडी दिखाई. मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए दक्षिणी राज्यों का तेजी से विकास महत्वपूर्ण है.

### हेलीकॉप्टर लापता, 22 लोग थे सवार

**मास्को।** रूस के पूर्वी इलाके में शनिवार को लापता हुए हेलीकॉप्टर की तलाश में बचावकर्मी जुटे हुए हैं. इस हेलीकॉप्टर में 22 यात्री सवार थे. रूस ने कहा कि एमआई-8 हेलीकॉप्टर ने कामचटका क्षेत्र में उड़ान भरी थी, लेकिन वह निर्धारित समय पर अपने गंतव्य पर नहीं पहुंचा. माना जाता है कि इस हेलीकॉप्टर में 19 यात्री और चालक दल के तीन सदस्य सवार थे.

### 1,174 केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा हुई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के 67 जिलों में 1,174 केंद्रों पर शनिवार को पांचवें और अंतिम दिन पुलिस भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है. अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा से पहले जिलों के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया. निष्पक्ष परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं.

### युवक के गुप्तांग में हवा भरी, गंभीर

**नोएडा (उप्र) ।** नोएडा के कासना थाना क्षेत्र में स्थित एक मोटर गैराज में काम करने वाले व्यक्ति ने अपने एक सहकर्मी के साथ कथित रूप से कुकर्म करने का प्रयास किया और जब उसने इसका विरोध किया तो उसके गुप्तांग में कंप्रेसर से हवा भर दी जिससे उसकी अंतड़ियां फट गईं और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है.पीड़ित को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

### आरोपी को कार की बोनट पर धुमाया

**गोधरा ।** गुजरात के पंचमहल जिले में एक व्यक्ति पर दुकान में चोरी का आरोप लगाकर दो लोगों ने कथित तौर पर उसकी पिटाई की और कार के बोनट पर बांधकर उसे बाजार में घुमाया. पुलिस उपाधीक्षक एन.वाई पटेल ने बताया कि जब पीड़ित को एक दुकान से कथित तौर पर बीज चुराने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया.

### हिमाचल में 72 सड़कों को किया बंद

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में वर्षा के बाद 72 सड़कों को बंद कर दिया गया है और स्थानीय मौसम कार्यालय ने दो सितंबर को भी छिटपुट स्थानों पर भारी बारिश होने की चेतावनी दी है. अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. राज्य आपात अभियान केंद्र के मुताबिक 72 सड़कों को बंद कर दिया गया है.



**भूमि आवंटन में कथित घोटाला**

### कांग्रेस ने राज्यपाल गहलोत के खिलाफ 'राज भवन चलो' मार्च निकाला

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में कांग्रेस ने राज्यपाल थावरचंद गहलोत द्वारा मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूमि आवंटन में कथित घोटाले की जांच किए जाने और मुख्यमंत्री सिद्धरमैया पर मुकदमा चलाने की मंजूरी दिए जाने के खिलाफ शनिवार को प्रदर्शन किया. सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की अगुवाई में सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं ने 'राज भवन चलो' मार्च निकालने से पहले प्रदर्शन किया. मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि राज्य में कांग्रेस सरकार को 'अस्थिर' करने के लिए राज्यपाल कार्यालय का दुरुपयोग किया जा रहा है. सिद्धरमैया ने गहलोत पर भेदभाव करने का भी आरोप लगाया है. राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 16 अगस्त को तीन सामाजिक संस्थाओं की याचिकाओं में उल्लिखित कथित अपराधों के लिए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा के तहत मुख्यमंत्री के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी थी.

ईटी वर्ल्ड लीडर्स फोरम में आयोजित सत्र के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर बोले

# चीन के साथ जुड़े निवेश की समीक्षा की जानी चाहिए

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत के सामने चीन संबंधी एक विशेष समस्या है जो दुनिया की चीन संबंधी सामान्य समस्या से अलग है. उन्होंने साथ ही कहा कि चीन के साथ संबंधों एवं सीमा पर स्थिति को देखते हुए वहां से होने वाले निवेश की समीक्षा की जानी चाहिए. जयशंकर ने कहा कि यदि लोग चीन के साथ व्यापारिक घाटे की शिकायत कर रहे हैं और हम भी (इससे परेशान हैं) तथा ऐसा इसलिए है क्योंकि दशकों पहले हमने चीनी उत्पादन की प्रकृति और उन लाभों को जानबूझकर नजरअंदाज कर दिया था, जो उन्हें ऐसी प्रणाली में प्राप्त हुए, जिसमें उन्हें अपने साथ लाए गए सभी लाभों के अलावा समान अवसर मिले. उन्होंने यहां ईटी वर्ल्ड लीडर्स फोरम में नए भारत के जोखिम, सुधार और जिम्मेदारियां विषय पर आयोजित सत्र के दौरान कहा, चीन कई मायनों में एक अनूठी समस्या है क्योंकि वह एक अनूठी राजनीति है, वह एक अनोखी अर्थव्यवस्था है. जब तक कोई इस विशिष्टता को समझने की कोशिश नहीं करता, तब तक इससे निकाले जाने वाले निर्णय, निष्कर्ष और नीतिगत कदमों में समस्या रहेगी. जयशंकर ने कहा, चीन को लेकर एक सामान्य समस्या है. हम दुनिया के एकमात्र देश नहीं हैं, जो चीन के बारे में बहस कर रहे हैं. यूरोप में जाइए और उनसे पूछिए कि आज उनकी प्रमुख आर्थिक या राष्ट्रीय सुरक्षा बहस क्या है. यह बहस चीन के बारे में है. अमेरिका को देखिए. उसे भी चीन के प्रति दिक्कत है और यह कई मायनों में सही भी है.'' उन्होंने कहा कि इसलिए सच्चाई यह है कि भारत एकमात्र ऐसा देश नहीं है जिसे चीन को लेकर समस्या है.

### चीन को लेकर दुनिया की सामान्य समस्या से परे

जयशंकर ने कहा, भारत को चीन को लेकर समस्या है... चीन संबंधी एक विशेष समस्या, जो चीन को लेकर दुनिया की सामान्य समस्या से परे है. उन्होंने कहा, जब हम चीन के साथ व्यापार, चीन के साथ निवेश, चीन के साथ विभिन्न प्रकार के आदान-प्रदान को देखते हैं और यदि आप इस बात को ध्यान में नहीं रखते कि यह एक बहुत ही अलग देश है और इसके काम करने का तरीका भी बहुत अलग है, तो मुझे लगता है कि आपकी बुनियादी बातें ही पटरी से उतरने लगती हैं. मंत्री ने कहा, चूंकि चीन को लेकर एक सामान्य समस्या है और साथ ही हमारी अपनी स्थिति भी है, आप सभी जानते हैं कि पिछले चार साल से सीमा पर हमारी स्थिति बहुत कठिन है.



### उचित समीक्षा का स्तर क्या होना चाहिए

मंत्री ने कहा, यूरोप की (चीन के साथ) सीमा नहीं लगती, अमेरिका की चीन के साथ सीमा नहीं है और फिर भी वे ऐसा कर रहे हैं. समस्या यह नहीं है कि आपका चीन के साथ निवेश है या नहीं, इसका हां या ना में जवाब नहीं है, मुद्दा यह है कि उचित समीक्षा का स्तर क्या होना चाहिए और आपको इससे कैसे निपटना चाहिए. उन्होंने कहा, कभी-कभी जब मैं ऐसी सामग्री पढ़ता हूं जिसमें लोग लिखते हैं कि हमें स्पष्ट रूप से पहचान करनी चाहिए कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा की बात है, तो (मुझे लगता है कि) अब यह उस तरह से काम नहीं करता क्योंकि राष्ट्रीय सुरक्षा का दायरा बढ़ गया है. यदि आपकी दूरसंचार सेवा चीनी प्रौद्योगिकी पर आधारित है, तो क्या आप इससे प्रभावित हुए बिना रह सकते हैं.

### अधिकतर प्रयास जोखिम कम करने पर केंद्रित

जयशंकर ने कहा कि दुनिया का ध्यान जोखिम कम करने पर केंद्रित है. विदेश मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि हर सरकार अब भू-राजनीतिक जोखिमों का बारीकी से आकलन कर रही है, जिसमें अधिकतर प्रयास जोखिम कम करने पर केंद्रित हैं. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में, जोखिमों का प्रबंधन और शमन करना अंतरराष्ट्रीय संबंधों और नीतियों को आकार देने में चिंता का एक केंद्रीय विषय बन गया है.

### बाहरी लोग मंदिर का प्रबंधन करेंगे तो लोगों की आस्था घटेगी : कोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंदिरों से जुड़े मुकदमों के काफी समय से लंबित रहने पर दुख जताते हुए कहा है कि अधिवक्ताओं और जिला प्रशासन से जुड़े लोगों को मंदिरों के प्रबंधन और नियंत्रण से दूर रखा जाना चाहिए. अदालत ने यह टिप्पणी मथुरा के एक मंदिर से जुड़े विवाद में एक 'रिसीवर' की नियुक्ति के संबंध में अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान की. मथुरा जिले के देवेंद्र कुमार शर्मा और एक अन्य व्यक्ति द्वारा दायर अवमानना याचिका का निपटारा करते हुए न्यायमूर्ति ने कहा, यदि मंदिरों और धर्मार्थ ट्रस्ट का संचालन धार्मिक बिरादरी से जुड़े लोगों द्वारा न करके बाहरी लोगों द्वारा किया जाता है, तो लोगों की आस्था घटेगी.

### उत्तर प्रदेश की सरकार ने नौ अधिकारियों को निलंबित किया

**नोएडा (उप्र)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने तबादला आदेश के बावजूद नए तैनाती स्थल पर उपस्थित नहीं होने पर नोएडा विकास प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण और यमुना विकास प्राधिकरण के नौ अधिकारियों और कर्मचारियों को शुक्रवार रात को निलंबित कर दिया और तीन अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं. उत्तर प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक सचिव अनिल कुमार सागर ने ये आदेश जारी किए. प्राधिकरण के सूत्रों के अनुसार, तीनों प्राधिकरण के ये अधिकारी बीते कई वर्षों से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण में ही थे और कुछ अधिकारियों का कई बार तबादला किया गया लेकिन वे अपने नए तैनाती स्थल पर हाजिर नहीं हुए.

चिकित्सक हत्या मामला

## प्रदर्शन क्षेत्र में बाइक लेकर घुसा स्वयंसेवी गिरफ्तार

**एजेंसी। कोलकाता**

- चिकित्सक के साथ दुष्कर्म व हत्या की घटना के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे छात्र

कोलकाता पुलिस के एक स्वयंसेवी को मोटरसाइकिल लेकर प्रदर्शन क्षेत्र में घुसने और रबींद्र भारती विश्वविद्यालय के एक छात्र को घायल करने के आरोप में शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया. इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी जिस क्षेत्र में घुसा, वहां पुलिस ने अवरोधक लगाए हुए थे और छात्र वहां चिकित्सक के साथ दुष्कर्म व उसकी हत्या की घटना के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे. उन्होंने बताया कि यह घटना देर रात करीब दो बजे तब हुई जब सिंथी पुलिस थाने का एक स्वयंसेवी अवरोधक वाले क्षेत्र में घुसा जहां मृतक चिकित्सक के लिए न्याय की मांग को लेकर लोग प्रदर्शन कर रहे थे. उन्होंने कहा कि स्वयंसेवी ने एक प्रदर्शनकारी छात्र को टक्कर मार दी. इस संबंध में एक प्रदर्शनकारी ने बताया कि कोलकाता के उत्तरी हिस्से में विश्वविद्यालय के समीप सिंथी क्रासिंग पर बी टी रोड पर हुई घटना के वक्त आरोपी नशे की हालत में था. प्रदर्शनकारी छात्रों ने यह आरोप लगाते हुए करीब पांच घंटे तक मुख्य मार्ग को अवरुद्ध कर दिया कि एक यातायात सार्जेंट ने स्वयंसेवी की घटनास्थल से भागने में मदद की.

यौन उत्पीड़न का मामला

## निर्देशक रंजीत के खिलाफ दूसरा मामला दर्ज किया गया

**एजेंसी। कोझिकोड (केरल)**

- कसाबा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है, पुलिस कर रही मामले की जांच

मलयालम सिनेमा में काम करने वाले एक अभिनेता की शिकायत के आधार पर फिल्म निर्देशक रंजीत के खिलाफ यौन उत्पीड़न का दूसरा मामला दर्ज किया गया है. पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी. कोझिकोड के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि रंजीत के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 377 (अप्राकृतिक अपराध) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धारा 66 ई (गोपनीयता के उल्लंघन के लिए दंड) के तहत शुक्रवार रात कसाबा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई. शिकायतकर्ता अभिनेता ने आरोप लगाया है कि निर्देशक ने 2012 में उसे बेंगलुरु के एक होटल में बुलाया और वहां उसे कपड़े उतारने के लिए कहा. उसके बाद रंजीत ने पीड़ित की नग्न तस्वीरें लीं. शिकायतकर्ता ने कई टीवी चैनल के समक्ष यह भी दावा किया कि उसकी नग्न तस्वीरें एक जानी-मानी महिला अभिनेत्री को भेजी गई थीं, हालांकि उन्होंने पीड़ित के इन आरोपों को खारिज कर दिया. अभिनेत्री के साथ साल 2009 में यह कथित अपराध हुआ था. इन आरोपों के बाद अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था.

हैरिस के खिलाफ

## डोनाल्ड ट्रंप ने किए निजी हमले, उन्हें बेकार कहा

**एजेंसी। वाशिंगटन**

- सीएनएन के साथ अपने साक्षात्कार के बाद ट्रंप ने उनपर हमले किए

अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी की अपनी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस पर निजी हमला करते हुए उन्हें बेकार कहा है. हैरिस (59) द्वारा गुरुवार को राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के रूप में 'सीएनएन' के साथ अपने पहले बड़े साक्षात्कार के बाद ट्रंप ने उनपर हमले किए हैं. भारतवंशी हैरिस अमेरिका में पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार हैं. उनका मुकाबला ट्रंप (78) से होगा. ट्रंप ने शुक्रवार को मॉम्स फॉर लिबर्टी नामक एक रूढ़िवादी गैर-लाभकारी संस्था की वार्षिक सभा में कहा, मुझे लगता है कि अगर वह सिर्फ साक्षात्कार देतीं तो बेहतर होता, भले ही वे बहुत अच्छे न होते, लेकिन बेहतर होता. क्योंकि अब हर कोई देख रहा है और अब हम देख रहे हैं कि वह बेकार हैं. वह बेकार शख्स हैं. ट्रंप ने कहा, हमें अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में एक और बेकार शख्स की आवश्यकता नहीं है. ट्रंप ने संभवतः राष्ट्रपति जो बाइडन का जिक्र करते हुए यह बात कही.

## गोलीबारी में 15 लोगों की मौत सात अमेरिकी सैनिक घायल

**एजेंसी। बगदाद**

इराक के पश्चिमी क्षेत्र में इराक और अमेरिकी बलों द्वारा इस्लामिक स्टेट समूह के संदिग्ध आतंकवादियों को निशाना बनाकर किए गए हमलों में 15 लोगों की मौत हो गई. अमेरिकी सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी. अमेरिका सेना ने 'द एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) को बताया कि इस हमले में सात अमेरिकी सैनिक भी घायल हुए हैं.

इराक और सीरिया में आतंकवादियों को उनके स्वघोषित खिलाफत से बेदखल करने के बाद अमेरिकी सेना की इस्लामिक स्टेट समूह से लड़ाई वर्षों से जारी है. बहरहाल, हमले में शुक्रवार को हताहत हुए लोगों की संख्या अन्य हमलों की तुलना में अधिक है. अमेरिकी सेना के 'सेंट्रल कमांड' ने कहा कि आतंकवादी कई हथियारों, ग्रेनेड और विस्फोटक आत्मघाती बेल्ट से लैस थे. इराकी बलों ने कहा कि यह हमला देश के अनबर रेगिस्तान में किया गया. सेंट्रल कमांड ने कहा, इस अभियान का लक्ष्य पूरे क्षेत्र और उसके परे भी इराकी नागरिकों, अमेरिकी नागरिकों, सहयोगियों और साझेदारों के खिलाफ हमलों की साजिश रचने और उन्हें अंजाम देने की आईएसआईएस (इस्लामिक स्टेट) के शीर्ष आतंकवादियों की क्षमता को बाधित करना या कमजोर करना था. इराकी सेना ने एक बयान में कहा, हवाई हमलों में आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाया गया. इ

### सीएम एमके स्टालिन ने कई कार्यालयों का दौरा किया

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अमेरिका में एप्पल, गूगल और माइक्रोसॉफ्ट के कार्यालयों का दौरा किया और निवेश एवं साझेदारी के अवसरों पर चर्चा की. तमिलनाडु में निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से अमेरिका की यात्रा पर पहुंचे स्टालिन ने शनिवार को एप्पल, गूगल और माइक्रोसॉफ्ट के कार्यालयों के दौरे को अद्भुत बताया. उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, निवेश और साझेदारी के अवसरों पर चर्चा की. साझेदारी को मजबूत करने और तमिलनाडु को एशिया के प्रमुख विकास क्षेत्रों में से एक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हूं.

## गोरक्षकों ने प्रवासी व्यक्ति को पीट-पीटकर मार डाला

**एजेंसी। चंडीगढ़**

हरियाणा के चरखी दादरी जिले में गोमांस खाने के संदेह पर गौरक्षक समूह ने एक प्रवासी व्यक्ति की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी. इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, साबिर मलिक की 27 अगस्त को हत्या की गई थी. अधिकारी ने दर्ज मामले के आधार पर बताया कि पांच आरोपियों ने गोमांस खाने के संदेह पर मलिक को प्लास्टिक की खाली बोतलें बेचने के बहाने एक दुकान पर बुलाया और वहां उसकी पिटाई की. आरोपियों की पहचान अभिषेक, मोहित, रविंदर, कमलजीत और साहिल के रूप में हुई है. अधिकारी ने बताया कि आरोपी जब उसे पीट रहे थे तो कुछ लोगों ने हस्तक्षेप किया, जिसके बाद वे मलिक को दूसरे स्थान पर ले गए और फिर वहां उसकी दोबारा पिटाई की, जिससे उसकी मौत हो गई. पुलिस ने बताया कि मलिक चरखी दादरी जिले के बांद्रा गांव के पास एक झुग्गी में रहता था और जीवनयापन के लिए कबाड़ा बीनने का काम करता था.

### जहाज को निशाना बना कर किया मिसाइल हमला

**दुबई।** अदन की खाड़ी में शुक्रवार देर शाम एक जहाज को निशाना बनाकर दो मिसाइल दागी गईं, जो पास के जल क्षेत्र में गिरीं. प्राधिकारियों ने इस हमले के पीछे यमन के हूती विद्रोहियों का हाथ होने की आशंका जताई है. इस हमले से पहले हूती विद्रोहियों ने यूनान के झंडे वाले एक तेल टैंकर में घुसकर उसमें विस्फोटक रखे थे, जिससे बाद में उसमें कई विस्फोट हुए थे. टैंकर में विस्फोट से लाल सागर में बड़े पैमाने पर तेल रिसाव का खतरा पैदा हो गया है. हूती विद्रोहियों द्वारा पिछले कुछ समय में पोत को निशाना बनाकर किए गए हमलों से एक हजार अरब अमेरिकी डॉलर के उस सामान की आपूर्ति बाधित हुई है.

**विरोध जताया** मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के कथित ऑडियो क्लिप के खिलाफ किया प्रदर्शन

# कुकी-जो संगठनों ने रैलियां निकालीं, बाजार हुए बंद

**एजेंसी। इंफाल**

कुकी-जो समुदाय के लोगों ने अलग प्रशासन की अपनी मांग पर जोर देने के लिए शनिवार को मणिपुर में तीन रैलियां निकालीं और मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के कथित ऑडियो क्लिप के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें कुछ आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई हैं. उन्होंने चुराचांदपुर जिले के लेइशांग, कांगपोकपी के केइथेलमन्बी और तेंग्नौपाल के मोरेह में रैलियां निकालीं. चुराचांदपुर में रैली लेइशांग के एंग्लो कुकी वॉर गेट से शुरू हुई और छह किलोमीटर की दूरी तय करते हुए तुइबोउंग में 'पीस ग्राउंड' में समाप्त हुई. कुकी-जो



विरोध-प्रदर्शन में शामिल हुए हजारों कुकी-जो समुदाय के लोग.

समुदाय के छात्रों द्वारा आयोजित रैली के मद्देनजर जिले में सभी बाजार और स्कूल बंद रहे. वहीं, आयुक्त (गृह) एन अशोक कुमार ने लोगों से व्यावसायिक प्रतिष्ठान और निजी संस्थान खुले रखने का अनुरोध किया. कांगपोकपी में केइथेलमन्बी मिलिट्री कॉलोनी से शुरू हुई रैली में सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने भाग लिया और उन्होंने आठ किलोमीटर की दूरी तय करते हुए जिला मुख्यालय में थॉमस मैदान तक मार्च किया. कांगपोकपी रैली में शामिल एक प्रदर्शनकारी जी. किपगेन ने कहा, कुकी-जो लोगों के लिए एक केंद्र शासित प्रदेश की हमारी मांग को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है. हमने वायरल ऑडियो क्लिप के खिलाफ भी प्रदर्शन किया जिसमें आपत्तिजनक टिप्पणियां की गयी हैं. मणिपुर सरकार ने कहा था कि जातीय हिंसा प्रभावित राज्य में शांति कदमों को बाधित करने के प्रयास के तहत सोशल मीडिया पर ऑडियो क्लिप प्रसारित की गयीं और इसमें मुख्यमंत्री की आवाज होने का झूठा दावा किया गया है.

सरकार ने दावा किया था कि ऑडियो क्लिप में 'छेड़छाड़' की गयी थी और राज्य पुलिस मामले की जांच कर रही है. भारत-म्यांमा सीमावर्ती शहर मोरेह में भी एक प्रदर्शन मार्च निकाला गया और अलग प्रशासन की मांग की गयी. मुख्यमंत्री ने 'पीटीआई-वीडियो' को दिए एक साक्षात्कार में कुकी समूहों की अलग प्रशासन की मांग को सिरे से खारिज करते हुए खुद को राज्य के हित के पैरोकार और एक ऐसे व्यक्ति के रूप में पेश किया है, जो इसकी पहचान को कमजोर नहीं होने देगा. कुकी समुदाय की मांग को पहली बार स्पष्ट तौर पर खारिज किया गया है.

### पीएम ने त्रिपुरा में बाढ़ पीड़ितों के लिए अनुग्रह राशि की स्वीकृति दी

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पूर्वोत्तर राज्य में हाल में आई बाढ़ के कारण जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की मंजूरी दी है. साहा ने बताया कि प्रधानमंत्री ने बाढ़ में घायल हुए प्रत्येक व्यक्ति को 50,000 रुपये देने की भी स्वीकृति दी है. त्रिपुरा में 19 से 24 अगस्त के दौरान बाढ़ में कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई, दो अन्य घायल हो गए और एक व्यक्ति लापता हो गया. साहा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से बाढ़ में जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिजन के लिए आर्थिक सहायता देने पर हार्दिक बधाई दी है.

## एसजेटीएमसी ने पुरी जगन्नाथ मंदिर के लिए 413 करोड़ रुपये स्वीकृत किए

**एजेंसी। पुरी**

- जगन्नाथ संस्कृति के प्रसार के लिए एक एफएम रेडियो स्टेशन स्थापित होगा

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रबंध समिति (एसजेटीएमसी) ने वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए पुरी जगन्नाथ मंदिर के वास्ते 413 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है. उसने जगन्नाथ संस्कृति के प्रसार के लिए एक एफएम रेडियो स्टेशन स्थापित करने का निर्णय भी लिया है. पुरी के गजपति महाराजा दिव्य सिंह देब की अध्यक्षता में हुई एसजेटीएमसी की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए. श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी ने यहां संवाददाताओं को बताया, एसजेटीएमसी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 413 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है. यह 103 करोड़ रुपये अतिरिक्त बजट है. पाधी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा मंदिर के लिए 500 करोड़ रुपये का योगदान देने के बाद इस साल मंदिर का बजट लगभग 913 करोड़ रुपये होगा. पाधी ने रथ यात्रा के समय भगवान बलभद्र की पहंदी (शोभायात्रा) के दौरान कुप्रबंधन के लिए खेद जताया. उन्होंने कहा कि रथ यात्रा के दौरान भगवान बलभद्र की पहंदी में हुए हादसे के संबंध में की गई जांच अधूरी पाई गई, इसलिए तीन सदस्यीय समिति को खास जिम्मेदारियां देते हुए एक और रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)